



सूर्योदय प्रात: 6:11 | सूर्यास्त संध्या 5:52 | पखवाड़ा कार्तिक कृ. द्वादशी, संवत 2081 | तापमान अधिकतम 26° न्यूनतम 13°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, मंगलवार, 29 अक्टूबर 2024, वर्ष : 15, अंक : 255, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter


**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 72,304.88 | -790.34 (-1.08%) |
| निफ्टी | 21,951.15 | -247.20 (-1.11%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| 24 carat सोना | 57,590.00 |
| चांदी | 739.00 |

# भारत में रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र नयी ऊंचाइयां छू रहा : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को गुजरात के वड़ोदरा में स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज के साथ संयुक्त रूप से टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) परिसर में सैन्य विमान सी-295 विमान के निर्माण के लिए टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि सी-295 विमान का कारखाना नये भारत की नयी कार्य संस्कृति को दर्शाता है। उन्होंने कहा, 'टाटा-एयरबस विनिर्माण सुविधा भारत-स्पेन सम्बन्धों और 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' मिशन को मजबूत करेगी।

इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'मेरे मित्र पेड्रो सांचेज की यह पहली भारत यात्रा है। आज से हम भारत और स्पेन की साझेदारी को नयी दिशा दे रहे हैं। हम सी-295 विमान के निर्माण के लिए कारखाने का उद्घाटन कर रहे हैं। यह फैकटरी न केवल भारत और स्पेन के सम्बन्धों को मजबूत करेगी, बल्कि 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' के मिशन को भी मजबूत करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसके लिए टाटा और एयरबस की टीमों को बधाई दी।

प्रधानमंत्री मोदी ने टाटा संस के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा को श्रद्धांजलि दी। टाटा का इस महीने की शुरुआत में 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। असल में इस परियोजना की मूल रूप से 2012 में रतन टाटा ने ही कल्पना की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'कुछ समय पहले, हमने देश के बेटे रतन टाटा को खो दिया। अगर वे आज हमारे बीच होते, तो उन्हें बहुत खुशी होती, लेकिन उनकी आत्मा जहां भी होगी, वह खुश होगी।'

उन्होंने कहा कि यह कारखाना नये भारत की कार्य संस्कृति को दर्शाता है। यह दिखाता है कि भारत किस गति से काम कर रहा है। कारखाने का काम दो साल पहले अक्टूबर में शुरू हुआ था, और अब इसका उद्घाटन हुआ है। प्रधानमंत्री ने प्लानिंग और एग्जीक्यूशन में अनावश्यक ● शेष पृष्ठ 11 पर



**पीएम ने कहा**

- वड़ोदरा में सी-295 का कारखाना नये भारत की नयी कार्य संस्कृति को दर्शाता है

## गुजरात को दी 4800 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात

**अमरेली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को गुजरात के अमरेली और सौराष्ट्र के लिए करीब 4800 करोड़ रुपये के विकास परियोजनाओं का डिजिटल माध्यम से भूमिपूजन और लोकार्पण किया। मोदी ने अमरेली के दुधाला में भारत माता सरोवर का उद्घाटन किया। यह परियोजना सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल के तहत गुजरात सरकार और ढोलकिया फाउंडेशन के सहयोग से विकसित की गयी है। इन परियोजनाओं से राज्य के अमरेली, जामनगर, मोरबी, देवभूमि द्वारका, जूनागढ़, पोरबंदर, कच्छ और बोटाद जिलों के नागरिकों को लाभ होगा।

अमरेली के लाठी में आयोजित सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने सौराष्ट्र- ● शेष पृष्ठ 11 पर

## आज 12 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास

**नयी दिल्ली :** धन्वंतरि जयंती और 9वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए), नयी दिल्ली में लगभग 12,850 करोड़ रुपये की लागत वाली स्वास्थ्य परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मोदी आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) के तहत कल 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य कवरेज का विस्तार शुरू करेंगे। प्रधानमंत्री देश के पहले अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के दूसरे चरण का ● शेष पृष्ठ 11 पर

# टाइगर के क्षेत्र में कोई लकड़बग्घा ना घुस पाये : हेमन्त सोरेन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गिरिडीह :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सोमवार को इंडिया गठबंधन प्रत्याशी बेबी देवी के लिए वोट मांगा। उन्होंने कहा कि आज हमारे वीर शहीद जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी के नामांकन के आप साक्षी बने, उसके लिए आपको नमन करता हूं। आज फिर से हमने इस डुमरी विधानसभा क्षेत्र को सेवा के लिए चुना है। बहुत सारे लोग इस चुनावी मैदान में हैं।

उन्होंने कहा कि आपने हर चुनाव में वोट डाला है। आपको चुनाव में बहुत बताने की जरूरत नहीं है। बड़े भाई जगरनाथ महतो इस दुनिया में नहीं हैं। किन हालात में बेबी देवी जी ने चूल्हा से निकल कर जगरनाथ महतो के रास्ते को अपनाया है, वह किसी से छिपा नहीं है। हमलोग वोट मांगने आये हैं, लेकिन इस बार पूरे अधिकार के साथ वोट मांगने आये हैं। हमारे लिए बहुत बड़ा चुनौती भरा समय था। पांच साल में हमलोगों ने अनेक उतार-चढ़ाव देखे।

उन्होंने कहा कि इस पांच साल में हमें बहुत बड़ी-बड़ी कीमत चुकानी पड़ी है। हमारे दो-दो मंत्री को शहीद होना पड़ा है। जगरनाथ महतो की वजह से डुमरी के लोग अमन चैन से सोता था। आज उनके अधूरे कामों को बेबी देवी ने राह दिखायी है। आज इनको हमलोगों ने मंत्री भी बनाया है। ● शेष पृष्ठ 11 पर



## एक झलक

### पांच राज्यों में 503.16 करोड़ की सम्पत्ति जब्त

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बैंक धोखाधड़ी मामले में नागपुर स्थित व्यवसायी मनोज जायसवाल, उनकी बिजली कम्पनी कॉरपोरेट पावर लिमिटेड और उसके अन्य प्रमोटरों की 503.16 करोड़ रुपये की सम्पत्ति जब्त की है। ये हाई-प्रोफाइल मामला 4,037 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी से जुड़ा हुआ है। केन्द्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि ईडी की नागपुर इकाई ने मेसर्स कॉरपोरेट पावर लिमिटेड और उनके प्रमोटरों यानी निदेशकों मनोज जायसवाल, अभिजीत जायसवाल, अभिषेक जायसवाल और अन्य के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 503.16 करोड़ रुपये मूल्य की चल-अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से जब्त किया है।

### केन्द्रीय मंत्री ने श्री काशी विश्वनाथ में लगायी हाजिरी

**वाराणसी :** केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने सोमवार को काशी के कोतवाल बाबा कालभैरव और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में विधिवत हाजिरी लगायी और दर्शन पूजन किया। केन्द्रीय मंत्री ने दोनों मंदिरों में दर्शन पूजन के बाद बाबा विश्वनाथ और कालभैरव से देश में सुख समृद्धि की मंगलकामना की। बाबा विश्वनाथ के दरबार में दर्शन पूजन के बाद इसकी फोटो भी केन्द्रीय मंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा की। उन्होंने लिखा कि आज काशी में बाबा विश्वनाथ मंदिर में दर्शन व पूजन करने का सौभाग्य मिला। महादेव का आशीर्वाद सदैव सब पर बना रहे। सभी के जीवन में सुख, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना। इसी तरह कालभैरव का दर्शन कर लिखा कि काशी के कोतवाल बाबा काल भैरव जी के दर्शन कर पूजा अर्चना की।

### पाकिस्तान जिन्दाबाद अकाउंट से वायरल हुआ मप्र की ऑर्डिनेंस फैक्टरी में ब्लास्ट का वीडियो

**जबलपुर :** मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले के खमरिया ऑर्डिनेंस फैक्टरी में छह दिन पूर्व यानी बीती 22 अक्टूबर को हुए धमाके के बाद एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। धमाके के कुछ ही समय बाद सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया गया था, जिसके नीचे श्पाकिस्तान जिंदाबादश् लिखा हुआ था। यह वीडियो जिस अकाउंट से शेयर किया गया है। उसका यूजर नेम 'लव पाक आर्मीज' है। इस वीडियो के वायरल होते ही सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गयीं और इस मामले को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जांच के दायरे में लिया गया है। पाकिस्तान जिंदाबाद नामक पेज से खमरिया फैक्टरी ब्लास्ट का वीडियो वायरल होने की बात सामने आने पर साइबर सेल ने इसे जांच में ले लिया है।

### जमशेदपुर में 1.57 करोड़ के आभूषण जब्त

**पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) :** चुनाव ड्यूटी में लगे टाटानगर आरपीएफ की उडनदस्ता टीम ने टाटानगर स्टेशन पर एक व्यक्ति के पास से 1.44 किलो सोना और 51 किलो चांदी सहित अन्य आभूषण जब्त किये हैं। इस संबंध में एक व्यक्ति को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम विवेकानंद झा बताया और बताया कि वह जुगसलाई गोशाला नाला रोड का रहने वाला है। बरामद गहनों की कीमत एक करोड़ 57 लाख 79 हजार 614 रुपये आंकी गयी है। मामले की सूचना आयकर विभाग और जीएसटी विभाग को भी दे दी गयी है।

## हेमन्त सरकार ने संथाल परगना को किया घुसपैठियों के हवाले : सरमा



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**दुमका :** भाजपा के चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने सोमवार को नामांकन सभा को सम्बोधित करते हुए संथाल परगना की डेमोग्राफिक स्थिति पर गम्भीर चिन्ता जतायी। साथ ही, कहा कि हेमंत सरकार ने संथाल परगना को घुसपैठियों के हवाले कर दिया है। सरमा ने कहा कि आदिवासी छात्राओं पर भी अत्याचार हो रहे हैं। उन्होंने कहा, 'जब मैं एक आदिवासी छात्रावास गया, तो वहां की छात्राओं ने बताया कि पुलिस और घुसपैठियों की मिलीभगत से उनके साथ मारपीट की गयी। उन्होंने गायबथान से जुड़े मुद्दे पर विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि वे लगातार उत्पीड़न का सामना कर रही हैं। असम में जो घुसपैठ करने की कोशिश करता है, उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया जाता है। लेकिन, आज झारखंड में घुसपैठिये संथाल में आते हैं और आदिवासी बेटियों को फंसा कर शादी कर लेते हैं।

## सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 03 आतंकी ढेर



**जम्मू :** जिले के उपजिला अखनूर के बट्टल में सोमवार को आतंकियों ने सेना की एक एम्बुलेंस को निशाना बनाकर गोलीबारी की, जिसके बाद चलाये गये तलाशी अभियान के दौरान आतंकियों से मुठभेड़ हो गयी, जिसमें सुरक्षाबलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया। क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान फिलहाल जारी रखा है। जानकारी के अनुसार, सोमवार की सुबह करीब सात बजे तीन आतंकवादियों ने सेना की एक एम्बुलेस पर हमला किया। अखनूर के बट्टल गांव के शिव मंदिर के पास घात लगा कर बैठे तीन आतंकियों ने सेना के वाहन पर गोलीबारी की। इसके बाद क्षेत्र में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू हुआ। तलाशी अभियान के दौरान आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हो गई, जिसमें तीन आतंकियों को मार गिराया गया है। आतंकियों के शवों के साथ हथियार व गोला-बारूद भी बरामद किया गया है। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान के ● शेष पृष्ठ 11 पर

## विपिन कुमार ने सम्भाला एएआई के अध्यक्ष का पदभार

**नयी दिल्ली :** बिहार कैडर के 1996 बैच के आईएएस अधिकारी विपिन कुमार ने सोमवार को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के अध्यक्ष का पदभार सम्भाल लिया। एएआई ने आज सोशल मीडिया एक्स पर आज यह जानकारी साझा की। एएआई के मुताबिक विपिन कुमार इससे पहले शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग में अतिरिक्त सचिव थे। बिहार में अपनी तैनाती के दौरान उन्होंने राज्य के कई जिलों में जिला मजिस्ट्रेट के रूप में काम किया।

## मोहब्बत की दुकान में नफरत का सौदा : शिवराज



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गिरिडीह :** केन्द्रीय कृषि मंत्री और भाजपा के झारखंड विधानसभा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को गिरिडीह विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी निर्भय कुमार शाहबादी और देवघर विधानसभा से उम्मीदवार नारायण दास के नामांकन जनसभा को भी सम्बोधित करते हुए कहा कि जेएमएम-कांग्रेस की सरकार के रहते झारखंड कभी भी सुखी नहीं रह सकता है।

शिवराज ने कहा कि जेएमएम-कांग्रेस गठबंधन की सरकार में आज झारखंड की क्या हालत हो गयी है। यहां हर दिन बहनें अपमानित की जा रही हैं। बहनों का सम्मान सुरक्षित नहीं है। राहुल गांधी कहते हैं, 'मैं मोहब्बत की दुकान चलाता हूं' और झारखंड में उनकी मोहब्बत की दुकान इरफान अंसारी चला रहे हैं। ये क्या मोहब्बत की दुकान चलायेंगे। बहन-बेटियों का अपमान करनेवाले असल में नफरत के सौदागर हैं। शिवराज ने कहा कि अभी सीता सोरेन को इरफान अंसारी ने ● शेष पृष्ठ 11 पर

## महाराष्ट्र विधानसभा के लिए भाजपा ने जारी की तीसरी सूची

एजेंसी

**मुंबई :** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को 25 उम्मीदवारों की अपनी तीसरी सूची जारी कर दी। इससे पहले भाजपा ने अपनी पहली सूची में 99 उम्मीदवारों और दूसरी सूची में 22 उम्मीदवारों की घोषणा की थी। आज तीसरी सूची में 25 नामों की घोषणा के बाद भाजपा अब तक कुल 146 नामों की घोषणा कर चुकी है। विधानसभा चुनाव के लिए जारी भाजपा की तीसरी सूची में लोकसभा चुनाव में पराजित राम सातपुते पर पार्टी ने विश्वास जताया है और उन्हें मालशिरस से उम्मीदवार बनाया गया है। इसी तरह उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के निजी सहायक सुमित किशोर वानखेड़े को भी टिकट दिया गया है।




## गिरिडीह में बाबूलाल, बेबी देवी और विनोद सिंह समेत अन्य ने दाखिल किये नामांकन पत्र

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गिरिडीह :** झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में 20 नवम्बर को होनेवाले चुनाव को लेकर सोमवार को गिरिडीह जिले की धनवार, डुमरी, बगोदर, गाण्डेय, जमुआ और गिरिडीह सदर सीट के लिए भाजपा, झामुमो, भाकपा-माले, जेकेएलएम, सपा फार्वर्ड ब्लॉक सहित अन्य दलों व निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

धनवार विस सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने नामांकन किया। मौके पर केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी सहित काफी संख्या में पार्टी समर्थक मौजूद थे। इसी सीट से निरंजन राय ने (निर्दलीय) नामांकन किया। नामांकन रैली में काफी संख्या में उनके समर्थक मौजूद थे। डुमरी विस सीट से ● शेष पृष्ठ 11 पर



## बीएसएफ महानिदेशक ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा चुस्त रहने के दिये निर्देश

एजेंसी

**कोलकाता :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी ने दक्षिण बंगाल का दौरा किया। यहां उन्होंने सीमा सुरक्षा को और प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य सीमा पर चल रही परियोजनाओं की समीक्षा करना और उनकी प्रगति को तेज करना था। बीएसएफ की ओर से सोमवार दोपहर को जारी बयान में बताया गया है कि महानिदेशक चौधरी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ आईसीपी पेट्रापोल में नए यात्री टर्मिनल के उद्घाटन में हिस्सा लिया और इस मौके पर सीमा पर सुरक्षा को और भी बेहतर करने की प्रतिबद्धता जाहिर की। अमित शाह के दिल्ली लौट जाने के बाद उन्होंने राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में सीमा पर बाड़, चौकियों और सड़कों के निर्माण के लिए जरूरी भूमि अधिग्रहण पर चर्चा हुई। राजरहाट स्थित बीएसएफ मुख्यालय में महानिदेशक चौधरी ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

# प्रियंका गांधी ने वायनाड में चुनावी अभियान का किया आगाज, मोदी सरकार पर साधा निशाना

एजेंसी

**वायनाड :** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने वायनाड सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए अपने चुनावी अभियान का आगाज किया। प्रियंका गांधी वाड्रा ने रैली को सम्बोधित कर कहा, 'आप सभी ने मुझे जो प्यार दिया है, उसके लिए मैं बहुत आभारी हूं। कुछ दिन पहले मैं अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए वायनाड आयी थी। मैं रात में अपने होटल जा रही थी, तभी मैंने कुछ लोगों को खड़ा देखा, इसलिए मैं रुक गयी और उनसे बात की।'

उन्होंने कहा, 'उनमें से एक शख्स सेना से था। शख्स ने बताया कि वह अपनी नौकरी के लिए पूरे देश में यात्रा कर चुका है। उसकी मां मुझसे मिलना चाहती थी, लेकिन वह उस जगह तक चल कर नहीं आ सकती थी, इसलिए मैंने उससे कहा कि वह मुझे अपने घर ले जाये, ताकि मैं उनसे मिल सकूं। उन्होंने मुझे पहले कभी व्यक्तिगत रूप से नहीं देखा था, लेकिन जब वह मुझसे मिलीं, तब उन्होंने मुझे इस तरह से गले लगाया, जैसे मैं उनकी अपनी बच्ची हूं। उन्होंने मुझे ठीक वैसे ही पकड़ा था जैसे मेरी मां पकड़ती है। मुझे कोई अंतर महसूस नहीं हुआ।'

उन्होंने भाजपा पर भी हमला कर कहा, 'आप जानते हैं कि हम किस दौर में जी रहे हैं। केन्द्र में भाजपा की मोदी सरकार है, जहां भय, अविश्वास और क्रोध विभिन्न समुदायों के बीच फैला हुआ है।

**इस सरकार ने योजनाबद्ध तरीके से नफरत और गुस्से को फैलाया**



आपने अल्पसंख्यकों पर इस तरह के हमले देख हैं, मणिपुर में क्या हुआ? आपने बार-बार देखा है कि कैसे यह सरकार एकजुट, योजनाबद्ध तरीके से नफरत और गुस्से को फैलाती है। हमारे संविधान के मूल्यों को तोड़ा जा रहा है। प्रियंका ने कहा कि जनता की भलाई के बजाय पीएम के खास दोस्तों के पक्ष में नीतियां बनने में लगे हुए हैं। हमारे किसानों के लिए कोई दया नहीं है, जो पूरे दिन खेतों में मेहनत करते हैं। आदिवासी लोगों की परम्पराओं की कोई समझ और सम्मान नहीं है, क्योंकि उनकी जमीन उनसे छीन ली जाती है और बड़े व्यापारियों को दे दी जाती है। प्रियंका गांधी ने बीते दिनों आये वायनाड भूस्खलन का जिक्र कर कहा, 'जब मैं अपने भाई राहुल गांधी के साथ आयी, तब मैंने देखा कि किस तरह लोगों की मदद की जा रही है। मैंने देखा कि आप में से हर एक ने मदद करने के लिए अपना हाथ बढ़ाया है। चाहे आप किसी भी धर्म या पेशे से जुड़ा हों। आप एक साहसी लोग हैं। आपने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी, यह आपके इतिहास में है।' उन्होंने कहा, 'वायनाड एक खूबसूरत जगह है। यह विभिन्न धर्मों के लोगों के बीच सद्भाव का समृद्ध इतिहास समेटे हुए है। आपका कृषि समुदाय पूरे देश को भोजन उपलब्ध कराता है। आपके मूल्य मजबूत हैं, समानता और सामाजिक न्याय में निहित हैं, जो हर जगह स्पष्ट है।'

## अंदर के पन्नों पर


3 प्रथम चरण के चुनाव के प्रत्याशियों के नामांकन...
5 धनतेरस आज, सज गया कोयलांचल का बाजार...
7 धनतेरस आज, बाजार सज-धज कर तैयार...
9 66-माण्डर विधानसभा क्षेत्र से स्क्रूटनी का कार्य पूर...।
10 अब तीसरे टेस्ट में भारतीय टीम लगायेगी पूरा जोर...

## एक झलक

### बेड़ो पुलिस ने फरार आरोपी के घर पर चिपकाया इश्तिहार



**बेड़ो** : पुलिस ने सोमवार को इसी थाना क्षेत्र के रोगाडीह पतराटोली गांव निवासी सह फरार आरोपी महावीर लोहरा के घर पर इश्तिहार चिपकाया। थाना प्रभारी नकुल साह ने बताया कि वर्ष 2020 में रोगाडीह पतराटोली गांव में दंपति पति मंगरा उरांव व पत्नी बिरसी उराईन की हत्या हुई थी। इसी संदर्भ में सोमरा उरांव के बयान के आधार पर बेड़ो थाना में कांड संख्या 79/20 दिनांक 15-09-2020 भादवि की धारा 147/ 148/341/323/037/302 व 3/4 डायन प्रथा प्रतिबंध अधिनियम के तहत आरोपी महावीर लोहरा समेत अन्य के विरुद्ध एक नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी।इधर कांड अंकित होने के बाद से ही आरोपी महावीर लोहरा घर से फरार चल रहा था।

### पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान तीन लाख की राशि जब्त की



**बेड़ो** : रांची गुमला मुख्य मार्ग पर बेड़ो थाना क्षेत्र के पुरना पानी चेकपोस्ट पर वाहन चेकिंग के दौरान एस एस टी के द्वारा सोमवार की अहले सुबह लगभग चार बजे एक वाहन से 3 लाख की राशि बरामद किया । इस संदर्भ में जानकारी देते हुए डीएसपी अशोक कुमार राम ने बताया कि सोमवार की सुबह वाहन चेकिंग के दौरान एस एस टी की टीम ने गुमला की ओर से आ रही एक चार पहिया वाहन से उक्त तीन लाख की राशि बरामद किया है ।वहीं मौके पर चंद्रलोक उरांव एवं सुखराम मिंज के नेतृत्व में पुलिस अधिकारी और जवानों की मौजूदगी में उक्त राशि को जब्त किया गया है।

### खिजरी विधानसभा क्षेत्र चुनावी रणक्षेत्र में हो गया तब्दील



**रांची** : खिजरी विधानसभा चुनावी रणक्षेत्र में तब्दील हो गया है। रणक्षेत्र में विजेता प्रत्याशी, BJP की तेज-तरार नेता और बीसा पंचायत की पूर्व मुखिया Sushma Baraik मंगलवार को खिजरी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव के लिए अपना नामांकन करेंगी। अब खिजरी विधानसभा के चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिलेगा। इस महामुकाबले में सबसे मजबूत सुषमा बड़ाईक बताई जा रही है। बता दे कि खिजरी विधानसभा क्षेत्र में सुषमा बड़ाईक की बहुत मजबूत पकड़ है। खिजरी विधानसभा में महिला उम्मीदवार के मैदान में आने से महिलाओं की उम्मीदें बढ़ गई है। सुषमा बड़ाईक बीजेपी से पिछले 25 वर्षों से जुड़ी हुई है। इनका नाम खिजरी विधानसभा में काफी आगे चल रहा था, पर छल कपट से इनके नाम को दबा दिया गया।

### सब-जूनियर व जूनियर दोनों वर्गों में झारखंड खो-खो बालिका टीम तृतीय स्थान पर



**रांची** : खेलो इंडिया ईस्ट एवं नॉर्थ ईस्ट जोनल सबझजूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय वूमेन खोझखो लीग के दोनों वर्गों में झारखंड की बालिका खोझखो टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। खेलो इंडिया ईस्ट एवं नॉर्थ ईस्ट जोनल राष्ट्रीय महिला खोझखो लीग का आयोजन दिनांक 26 अक्टूबर से 29 अक्टूबर 2024 तक खेल विभाग, वेस्ट बंगाल सरकार एवं वेस्ट बंगाल खोझखो एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में हल्दिया जिला में आयोजित किया गया है।
परिणाम एक नजर में :
सबझजूनियर में झारखंड की बालिका टीम ने सिक्किम को एक इनिंग 04 पॉइंट से पराजित कर तीसरा स्थान पर कब्जा की वही जूनियर बालिका टीम ने भी बिहार को एक इनिंग 22 पॉइंट से पराजित कर तीसरा स्थान पर कब्जा जमाया।
फाइनल मैच कल सुबह 9 :00 अट बजे उड़ीसा और वेस्ट बंगाल के बीच खेला जाएगा।
झारखंड सब-जूनियर एवं जूनियर बालिका खोझखो टीम को इस उत्कृष्ट जीत के लिए झारखंड खोझखो खेल प्रेमियों एवं राज्य व जिला के समस्त पदाधिकारिओ एवं सदस्यों की ओर से बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं।

# धनतेरस आज, सजीं दुकानें, चौक-चौराहों में बढ़ी रौनक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**बेड़ो** : प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार को धनतेरस का पर्व मनाया जाएगा। वही धनतेरस व दिवाली के लिए दुकानें सजधज कर तैयार है। महावीर चौक, जिला परिषद, बाजार टांड़ देवी मंडप में दुकानों के बाहर पटरी पर भी खिलौने, दीये समेत विभिन्न वस्तुओं की दुकानें सजी हैं। बाजार में ग्राहकों की भीड़ देख दुकानदारों के चेहरे भी खिले हैं। धनतेरस को लेकर दुकानदारों ने विशेष तैयारियां की हैं। वहीं सोमवार को बर्तन की दुकानों के साथ ही वाहनों व इलेक्ट्रानिक उत्पादों के शोरूम संचालक भी धनतेरस के इंतजाम में दिन भर व्यस्त दिखे। ग्राहकों के लिए भी खास तैयारियां की गई हैं। ग्राहकों के लिए कहीं उपहार योजना संचालित किया जा रही है तो कहीं त्योहारी छूट दी गई है। धनतेरस पर सबसे ज्यादा रौनक बर्तन की दुकानों पर होती है। इसके लिए बर्तन विक्रेताओं ने भी तैयारी की है। ग्राहकों तक सीधी पहुंच के लिए दुकानों पर कर्मियों की संख्या को बढाया गया है तो कहीं दुकान के दायरे को अस्थाई तौर पर बढ़ाया गया है। दुकानदार संचालकों ने बर्तनों के प्रदर्शन के लिए खास तौर पर इंतजाम किए हैं। वही दीपावली को लेकर मूर्तियों की भी दुकानें लगाई जा रही है। वहीं घरों की साज-सज्जा के लिए कलर, झालर व रंगोली सहित अन्य सजावट की खरीदारी हो रही है।

## अवैध शराब के विरुद्ध उत्पाद विभाग ने चलाया छापेमारी अभियान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रामगढ़** : आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के उपरांत के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त,रामगढ़ श्री चंदन कुमार के निदेशानुसार सोमवार को सहायक आयुक्त उत्पाद सुनील कुमार चौधरी के आदेशानुसार उत्पाद बल एवं सशस्त्र गृहरक्षक बल के सहयोग से गोला थाना अंतर्गत चलाया गया छापामारी अभियान।छापेमारी अभियान के दौरान कामता गांव के भैरवी नदी किनारे एवं जंगलो में कई शराब भट्टियों में सघन व व्यापक छापामारी कर करीब 70 लीटर अवैध महुआ शराब एवं 1800 किलोग्राम जावा महुआ बरामद किया गया । छापेमारी अभियान के दौरान कामता निवासी कृष्ण जीवन साव, काली साव, उमेश साव, मनसु साव, आशीर्वाद साव, सुभाष साव आदि के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की धारा 47(ए) एवं अन्य धाराओं के तहत फरार अभियोग दर्ज किया गया है। छापेमारी अभियान में मुख्य रूप से उत्पाद अवर निरीक्षक कांग्रेश कुमार, अवर निरीक्षक अमित मड़की, सिपाही विनय सिंह, नरेश महतो, कमलेश कुमार, प्रेम सिंह, नंदलाल महतो सहित अधीनस्थ सशस्त्र गृहरक्षक के जवान उपस्थित थे।

## दीपावली स्वच्छता, शुद्धता, रचनात्मकता एवं मानवता की सीख देती है : प्राचार्य



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रजरप्पा (रामगढ़)** : रजरप्पा कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में सोमवार को दीपावली पर्व के पूर्व विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गयी। कक्षा अरुण से तृतीय तक के भैया-बहनों के लिए दीप सज्जा तथा तृतीय से नवम के बहनों के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।वाटिका खंड के भैया बहनों ने सुंदर एवं आकषर्क दीप सज्जित किये। वही तृतीय से नवम के बहनों के द्वारा अपनी कला के माध्यम से अपनी छिपी हुई प्रतिभा को निखारने का काम किया। भैया- बहनों ने विद्यालय के मुख्य द्वार से लेकर संपूर्ण विद्यालय परिसर को रंगोली के विभिन्न रंगों से सजा कर अपनी प्रतिभा का प्रस्तुति दिया।साथ ही एक विशेष कार्यक्रम के तहत ₹एक घी का दिया विद्यालय के नाम₹ अभियान चलाया गया जिसमें विद्यालय के सभी भैया बहन एक-एक दिया विद्यालय को दिए जिसे दीपावली के दिन जलाया जाएगा। इस अवसर पर प्राचार्य उमेश प्रसाद ने सभी छात्रों की सराहना की और कहा, ₹इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ न केवल बच्चों की रचनात्मकता को बढ़ावा देती हैं, बल्कि उन्हें हमारी सांस्कृतिक धरोहर से भी जोड़ती हैं।₹ बच्चों की इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में आचार्या अमृता चौधरी, पूनम सिंह, सिम्पल श्रीवास्तव, ललिता गिरी, दुर्गा प्रसाद महतो, विदेश सिंह, अमरदीप, डॉ गायत्री पाठक, ममता कुमारी, स्वेता पंडा, रेखा पाठक, मिथिलेश कुमार खन्ना, शम्मी राज, इंद्रजीत सिंह, शशि कान्त आदि की प्रमुख भूमिका रही।

### बेड़ो में मतदान को लेकर बैठक का आयोजन

## बीडीओ राहुल उरांव ने दिये कई निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**बेड़ो** : प्रखंड के सभागार में बीडीओ राहुल उरांव की अध्यक्षता में सोमवार को एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बीडीओ ने बैठक में पदाधिकारियों व कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि मतदान की तिथि से पूर्व सभी मूलभूत तैयारी पूर्ण कर लेना हम सब की जिम्मेदारी है। मतदान कर्मियों के ठहरने एवं मतदान करने के लिए सभी सुविधा उपलब्ध कराना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि इस बार प्रखंड में सहूलियत और आवश्यकता को देखते हुए चार कलस्टर बनाए गए हैं। बेड़ो, जहानाबाद, ईंटा चिल्दरी और लमकाना के विद्यालयों को कलस्टर बनाया गया है। इन क्लस्टरों में पानी, बिजली, रहने और खाने की व्यवस्था समय से पूर्ण कर लेने के की हिदायत दिया। उन्होंने प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों में मतदान से पूर्व सभी तैयारी पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया। जिन बुथों में पोलिंग पार्टी को ठहरना है,वहां सभी इंतजाम आवश्यक रूप से कर लिए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार 13 सेक्टर बनाए गए हैं। जहां हर चीजों का पुख्ता इंतजाम लाजिमी है। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विद्यालयों में 29 अक्टूबर को मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया जाना है। जबकि बैग कार्यक्रम के तहत सभी मतदान केंद्रों पर आम सभा का आयोजन 30 अक्टूबर को किया जाना है। सभा के माध्यम से संबंधित मतदान केंद्रों के मतदाताओं को वोट के प्रति जागरुक करते हुए मतदान के लिए प्रेरित करना इस सभा का मुख्य उद्देश्य है। मौके पर प्रधान लिपिक फारूक नदीम, बीपीओ संजय तिर्की, इलेक्शन प्रभारी राजेश कुमार, मुकेश कुमार, पंचायत सेवक, जनसेवक, रोजगार सेवक एवं अन्य कर्मी मौजूद थे।

## योगेंद्र साव ने अंबा प्रसाद के पक्ष में मांगा वोट



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**पतरातू** : बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र का कांग्रेस उम्मीदवारअंबा प्रसाद के पिता सह सूबे के पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव ने डीजल कॉलोनी का दौरा किया। इस क्रम में जनसंपर्क के दौरान उन्होंने अंबा प्रसाद के द्वारा किए गए कार्यों की चर्चा करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए अंबा प्रसाद को वोट देकर फिर से जीत दिलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस बार अंबा प्रसाद को निश्चित रूप से मंत्री पद मिलेगा और बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होगा। दौरे में चंद्रदीप कुमार साव, प्रकाश साव, जागेश्वर मुंडा,किशोर सिंह मुन्ना साव,राकेश कुमार, मिंटू कुमार, अकबर अंसारी, मुकेश सिंह, ऋतिक कुमार,प्रदीप राजक आरिफ अंसारी,राजेंद्र तिवारी देवानंद प्रसाद,शैलेश प्रसाद, सुषमा देवी, सुनीता देवी सूर्यमनी देवी, राम कुमार, राजेश कुमार यादव, मोहम्मद मुसाफिर, नागेंद्र साव सहित कई शामिल थे।

## कांके स्कूल के बच्चों ने पत्र लिख कर माता-पिता को वोट देने के लिए किया आग्रह



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**ओरमांझी** : सोमवार को +2 हाई स्कूल कांके में मतदान जागरूक अभियान के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्कूल के बच्चों ने अपने माता पिता को पत्र लिख कर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए आग्रह किया । उन्होंने पत्र मे लिखा कि आपकी एक वोट किमती है इस राष्ट्र के लिए जो एक कुशल नेतृत्वकर्ता का चुनाव करता है। इस लिए आप अपना मतदान अवश्य करे। स्कूल में बच्चों के बीच पत्र लेखन और स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में मुख्य रूप से प्राचार्य कुर्बान अंसारी, दिब्येंदु विद, सुधाकर कुमार, चितरंजन राय अंकिता कुमारी, ध्रुव कुमार पांडे, संतोष कुमार, सुधीर पांडे, उपस्थित थे।

### गोवर्धन पूजा व अन्नकूट पर्व 02 नवम्बर को मनाया जायेगा

## गोवर्धन पूजा त्योहार में प्रकृति के साथ मानव का सीधा सम्बन्ध : संजय सर्राफ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि गोवर्धन पूजा पर्व 2 नवंबर को मनाया जाएगा। सनातन धर्म में गोवर्धन पूजा को बहुत ही महत्वपूर्ण माना जाता है। इसे अन्नकूट पर्व के नाम से भी जाना जाता है यह पर्व दीपावली के दूसरे दिन मनाया जाता है। इस वर्ष गोवर्धन पूजा का पर्व कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 1 नवंबर को सायं 6 बजकर 16 मिनट से प्रारंभ हो रहा है तथा इसका समापन अगले दिन 2 नवंबर को रात 8 बजकर 21 मिनट पर होगा। इसलिए गोवर्धन पूजा 2 नवंबर को होगा। इस पर्व में प्रकृति के साथ मानव का सीधा संबंध है। इस पर्व की अपनी मान्यता और लोक कथा है गोवर्धन पूजा में गोधन अर्थात गायों की पूजा की जाती है। गाय को देवी लक्ष्मी का स्वरूप भी कहा गया है। देवी लक्ष्मी जिस प्रकार सुख समृद्धि प्रदान करती है उसी प्रकार गौ माता भी अपने दूध से स्वास्थ्य रूपी धन प्रदान करती है।

## डॉ.एस.राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में दीपावली पूर्व मना महोत्सव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रजरप्पा (रामगढ़)** : डॉ.एस.राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुकरीगढ़ा, लारी में दीपावली पूर्व महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की मातृसंस्था जन आकांक्ष सोसायटी के सचिव मणिकांत सिन्हा, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय प्रभाकर, महाविद्यालय प्रशासक डॉ.सुशील कुमार उपाध्याय, प्राचार्य डॉ.शिवकुमार राणा ने दीपावली पूर्व महोत्सव में शामिल होकर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसमें महाविद्यालय के बी.एड.प्रशिक्षुओं (2024-26) के द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसका विषय था- झारखंड विधानसभा चुनाव 2024। इसमें सभी प्रशिक्षुओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा विधानसभा चुनाव को रंगोली के माध्यम से समझाने एवं मतदान में भाग लेने के लिए प्रेरित किया , ज्ञात हो कि झारखंड विधानसभा चुनाव-2024 दो चरणों में आयोजित हो रही है। रंगोली में भाग लेने वाले प्रशिक्षुओं में प्रिया, तमन्ना, लक्ष्मी, सोनच, मंजय, नयना, शोभा, दीपा, सगुफ्ता, सतेन्द्र, अनिल, रुबी, शाकिया, चंदन आदि ने भाग लिया। उपस्थित शिक्षकों में रंजु वंदना होरो, नयन कुमार मिश्रा, संजु रंजना होरो, मो.परवेज अख्तर, डॉ. अशोक राम, मुरारी कुमार दुबे, सुप्रिया बर्मन, बाबूचंद प्रसाद, बरुण कुमार प्रतिमा कुमारी, सतीश कुमार बिन्द शामिल थे।

### सुदूर गांव में मां केयर चेरिटेबल ट्रस्ट ने बांटीं दीपावली की खुशियां

## दीपदान के इस उत्सव से हर चेहरे पर खुशियां लाना : अभिषेक कुमार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**ओरमांझी** : शहर की सामाजिक संस्था मां केयर चैरिटेबल ट्रस्ट पिछले हर वर्ष की भांति इस बार भी रांची जिले के कांके प्रखण्ड स्थित हथिया गोंदा बस्ती, भीठा बस्ती सहित जिला के अन्य सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। जहां गांव के लगभग 35 परिवारों में दीपावली की खुशियां बांटी। ग्रामीणों को पूजन सामग्री के तौर पर दीया, बाती, तेल, अगरबत्ती, मिठाई दी। इन परिवारों के लगभग 75 बच्चों को उपहार के तौर पर ठंड से बचने के लिए नए गर्म कपड़े, पटाखे, कुरकुरे, फ्रूटी, बिस्कुट, मिठाई व चॉकलेट के पैकेट दिए, जिन्हें पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी छा गई। नए कपड़े, पटाखे व मिठाई पाकर बच्चों ने जमकर मस्ती की।अपने बच्चों को खुशी से झूमता देख बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता भी खुशी से झूम उठे। उन्होंने मां केयर चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्यों को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने कहा कि कई परिवार ऐसे हैं, जिन्हें दो वक्त की रोटी कमाने में मुश्किल आती है। अब ऐसे लोग अपने बच्चों को इस तरह के सामान नहीं दिला सकते, लेकिन हम इन्हें उपहार के तौर पर ये चीजें दे सकते हैं। उनमें खुशियां बांट सकते हैं। हम किसी को या कोई हमें उपहार दे या ना दे, लेकिन जरूरतमंद-गरीब परिवारों को हमें उपहार जरूर देना चाहिए,असल में उपहार उन्हें बांटिए, जिन्हें सबसे ज्यादा इनकी जरूरत है। वहीं संस्था के सचिव सह समाजसेविका वंदना उपाध्याय ने कहा कि बच्चों को इको फ्रेंडली दिवाली मनाने को लेकर बताया गया। तथा उनके बीच मिठाई,फुलझड़ी,पटाखे कपड़ों का वितरण कर उनके चेहरों पर मुस्कान लाने का सार्थक प्रयास किया गया। मौके पर मुख्य रूप से शैलेंद्र सिंह, अभिषेक कुमार, प्रियंका शर्मा, वंदना उपाध्याय, रिंकू सिंह सहित अन्य सदस्य और बच्चे उपस्थित थे।

## खिजरी विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ विस चुनाव पर बनायी रणनीति



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**ओरमांझी** : नामकोम प्रखण्ड क्षेत्र स्थित लाली पंचायत में प्रखण्ड अध्यक्ष विजय टोप्पो के नेतृत्व में खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने कार्यकताओं के साथ चुनावी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई।और जीत की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिसमें इंडिया गठबंधन में शामिल विभिन्न पार्टी के प्रखंड स्तरीय नेताओं व कार्यकताओं ने भाग लिया इस अवसर पर बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर चुनावी रणनीति बनाई गई बैठक में कांग्रेस प्रत्याशी खिजरी विधायक राजेश कच्छप, अशफाक आलम, प्रखण्ड अध्यक्ष विजय टोप्पो ने कार्यकताओं को संबोधित किया। कांग्रेस प्रत्याशी सह खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने सभी कार्यकताओं से दिन-रात मेहनत करने की अपील की उन्होंने कहा कि आपसी समन्वय बनाकर अलग-अलग क्षेत्र के मतदाताओं से कांग्रेसी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने के लिए आग्रह करने की बात कही। आगे उन्होंने कहा कि आप लोगों की उपस्थिति को देखकर यह निश्चित है कि कांग्रेस दोबारा विजय होगी लेकिन अति आत्मविश्वास ना रखें आम लोगों के बीच जाएं और कांग्रेस पार्टी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं।साथ ही कहा कि झारखंड सरकार की उपलब्धियां लोगों तक पहुंचाएं।बैठक के दौरान लाली पंचायत प्रभारी अशफाक आलम ने प्रखंड में चुनाव की तैयारी को लेकर हर बूथ में चयनित किए गए अध्यक्षों की जानकारी दी। बैठक में मुख्य रूप से प्रखण्ड अध्यक्ष विजय टोप्पो, महादेव मुंडा, मुक्ति लता, शिलाश टूटी, थयोफिल सांगा, सुशील रुंडा आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## वोटर अवेयरनेस को लेकर निकली मतदाता जागरूकता रैली, ली गयी शपथ



**रामगढ़** : आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु स्वीप कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। इस क्रम में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत अग्रणी जिला प्रबंधक दिलीप महली के नेतृत्व में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान रामगढ़ में मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके उपरांत मतदाता जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया। रैली प्रशिक्षण केंद्र (पटेल चौक)से होकर रामगढ़ कॉलेज तक आयोजित की गई। इस दौरान मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया इस दौरान सभी 18वर्ष से ऊपर के मतदाताओं को अपने-अपने क्षेत्र में बनाए गए मतदान केंद्रों में जाकर जरूर से जरूर मतदान करने का अपील किया गया। मतदाता जागरूकता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही उपस्थित सभी मतदाताओं को मतदान करने हेतु मतदाता शपथ भी दिलाई गई।

## एनडीए प्रत्याशी रामकुमार पाहन के नामांकन में भाजपा और आजसू के कार्यकर्ता हुए शामिल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**ओरमांझी** : खिजरी विधानसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी रामकुमार पाहन के समर्थन में भारी संख्या में भाजपा और आजसू के कार्यकर्ता शामिल हुए। ओरमांझी और आसपास क्षेत्र के हजारों कार्यकर्ता एनडीए प्रत्याशी रामकुमार पाहन के नामांकन के समर्थन में ओरमांझी क्षेत्र से रवाना हुए। इसमें बाजे गाजे के साथ भारी संख्या में भाजपा और आजसू के समर्थक रांची के लिए रवाना हुए। इस बीच कार्यकताओं ने क्यों पड़े हो चक्कर में, कोई नहीं है टक्कर में, खिजरी विधानसभा क्षेत्र का विधायक कैसा हो, रामकुमार पाहन जैसा हो आदि गगन भेदी नारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। भाजपा और आजसू के कार्यकर्ताओं ने सैकड़ों चार पहिया और दो पहिया वाहनों में लद कर यहां से कूच किया। इसमें भाजपा के ओरमांझी मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता, ओरमांझी पंचायत के उप मुखिया संतोष कुमार गुप्ता, अलखनाथ महतो, शशि मेहता, आनंद महतो, बालक पाहन, किशोर नायक, प्रकाश महतो, दिगम्बर महतो, संजय महतो आदि हजारों कार्यकर्ता शामिल थे।

## एक झलक

### रमा एकादशी पर हुई रमापति वेंकटेश्वर की उद्यास्तमन सेवा



**रांची** : सोमवार को श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मन्दिर में कार्तिक कृष्ण पक्ष की रमा एकादशी व्रत के उपलक्ष्य पर सर्वान्तयार्मी अखिललोक लोकेश्वर भगवान श्रीपद्मावती वल्लभ का उद्यास्तमन सेवा के अन्तर्गत महाभिषेक का आयोजन हुआ। इसमें सर्वप्रथम विश्वरूप दर्शन कराया। फिर सुप्रभातम, श्रीवेंकटेश स्तोत्रम, वेंकटेश प्रपत्ति, मंगलाशासनम, वेंकटेश ध्यानम और करावलंबम को विधान पूर्वक संपन्न कर के वासुदेव मुद्रा, संकर्षण मुद्रा, प्रद्युम्न मुद्रा, अनिरुद्ध मुद्रा आदि अनेकों मुद्रा को प्रदर्शन करते हुए प्रत्येक उपचार- प्रत्युपचार को धूप, दीप, चंदन, कुंकुम, तुलसीदल, पुष्पादि के साथ संपन्न करके तिरुवाराधन हुआ।

### श्रीश्याम मंदिर में दीपावली के पर्व की रम्भा एकादशी पर हुए कई कार्यक्रम



**रांची** : श्रीश्याम मित्र मण्डल द्वारा हरमू रोड़ के श्रीश्याम मंदिर में दीपावली के पर्व की रम्भा एकादशी पर कई कार्यक्रम हुये। प्रातः 8.30 बजे श्रृंगार करके पंचदीपो की आरती की गयी। भक्तगण श्याम प्रभु के दर्शन करके निहाल हो रहे थे। दोपहर शंख आरती करके कपाट बंद कर दिये गए। श्रीश्याम मित्र मण्डल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने इस बीच एकादशी के अवसर पर सभी गर्भगृहो में विराजमान खाटूनरेश, लड्डूगोपाल, शालीग्रामजी, गरुड़जी, रिद्धी सिद्धी, हनुमानजी, शिव परिवार, प्राचीन तेल चित्रो, गुरुजनों को विशेष श्रृंगार किया गया। मण्डल के मंत्री श्यामसुंदर शर्मा के नेतृत्व में मंदिर के आचार्यों ने रजनीगंधा, मोती,कमल, मुरगन, लाल-पीला गेंदा,डच लाल गुलाब ,डच पीला गुलाब के फूलों की मोटी-मोटी मालाओं से खाटूनरेश को सजाकर सायंकालीन विशेष श्रृंगार किया गया। सायंकाल जैसें गर्भगृहो के कपाट खोले गये वैसे ही खाटूनरेश की जयकारो से मंदिर गूंज उठा। भक्तजन श्रृंगारित दर्शन कर आनन्द लूट रहे थे।

### सेना के जवानों के साथ दीपावली मनायेंगे संजय सेठ

**रांची** : भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ कल मंगलवार को सेना के जवानों के साथ सीमा पर दीपावली मनाएंगे। रक्षा राज्य मंत्री लद्दाख के लेह में जवानों के साथ दीपावली की खुशियां बाटेंगे। रक्षा मंत्रालय के द्वारा इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। तय कार्यक्रम के अनुसार रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ कल सुबह नई दिल्ली से लेह जाएंगे। वहां पहले सैन्य युद्ध स्मारक में बलिदानियों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। तत्पश्चात लेह के सीमा क्षेत्र की चौकियों का भ्रमण कर, वहां तैनात जवानों के साथ दीपावली मनाएंगे। इस दौरान मंत्री श्री सेठ अग्रिम चौकी का दौरा भी करेंगे। कार्यक्रम की कड़ी में श्री संजय सेठ जवानों के साथ संवाद कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे।

### तेज रफ्तार टर्बो ने बाइक सवार को मारा धक्का

- शाम पांच बजे की घटना
- इंद्रपुरी के हैं दीपक झा

**रातू** : थाना क्षेत्र के बेलांगी स्थित केएनपी सिंह मिक्सिंग प्लांट के समीप सोमवार की शाम 5 बजे तेज रफ्तार टर्बो ट्रक जेएच 01 सीयू 4912 ने बाइक बीआर 1 जे 0672 पर सवार 55 वर्षीय दीपक कुमार झा को धक्का मार दिया। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गये। उनके सिर, सिने और शरीर के अन्य हिस्से में चोटें आयी है। सूचना मिलने पर पीसीआर-29 की टीम घटनास्थल पर पहुंची। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया है। उनका इलाज कर रहे प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुजीत कुमार कश्यप ने बताया कि वह खतरे से बाहर हैं।

# प्रथम चरण के चुनाव के प्रत्याशियों के नामांकन की हुई स्क्रूटनी

- डुमरी मामले में आयुक्त की रिपोर्ट भारत निर्वाचन आयोग को भेजी गयी : के रवि कुमार
- आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 86.33 करोड़ के अवैध सामान और नकदी जब्त




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि रविवार को गिरिडीह के डुमरी में चेकनाका पर चेकिंग के दौरान निर्वाचन आयोग के निदेशों का अनुपालन नहीं किया गया। पूरे घटनाक्रम की वीडियो रिकार्डिंग नहीं की गयी। जबकि, निर्वाचन आयोग का स्पष्ट दिशा-निर्देश है कि पारदर्शिता के लिए वाहन जांच के दौरान वीडियो रिकार्डिंग करानी है। अगर जांच के क्रम में कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिलती है, तो किसी को हिरासत में नहीं लिया जा सकता। उन्होंने कहा कि पूरे मामले में ऊत्तरी छोटानागपुर के आयुक्त की जांच रिपोर्ट मिल चुकी है। उसे अग्रेतर कार्रवाई के लिए भारत निर्वाचन आयोग को अग्रसारित किया जा चुका है। वह सोमवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण के चुनाव को लेकर सोमवार को प्रत्याशियों के नामांकन की स्क्रूटनी की गयी। कुछ लोगों के मामले में नोटिस देकर उन्हें मंगलवार को पूर्वाह्न 11 बजे तक पक्ष रखने के लिए सम्बन्धित रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा समय दिया गया है। एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव को लेकर कुल 57 नये बूथ बनाये गये हैं। निर्वाचन आयोग का स्पष्ट निर्देश है कि आवास से बूथ की दूरी 02 किमी. से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 86.33 करोड़ के अवैध सामान और नकदी जब्त की गयी है। वहीं, आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के खिलाफ कुल 20 प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।

## संविधान हमारे कानूनी ढांचे का पूरक : डॉ. वंदना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : हमारे देश के संविधान में इस तरह की बुनियादी संकल्पना है, जिससे देश की शासन प्रणाली और कानूनी ढांचे को संबल हासिल होता है। अधिवक्ता डॉ. वंदना सिंह ने उक्त बातें कहीं। वे सरला बिरला विश्वविद्यालय में 'एक्सपैंडिंग होराइजन ऑफ कॉन्स्टिट्यूशन एंड कांस्टीट्यूशनलिज्म इन इंडिया' विषय पर आयोजित एक्सपर्ट टॉक के अवसर पर अपने विचारों को रख रही थी। उन्होंने संविधानवाद की व्याख्या करते हुए इसे कानून का शासन, उचित जवाबदेही और व्यक्ति विशेष के अधिकारों की रक्षा से जुड़ा हुआ बताया। मौलिक अधिकारों को बरकरार रखने और इसके क्रियान्वयन के लिए विभिन्न न्यायालयों द्वारा की गई पहल पर भी उन्होंने विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर अपने संबोधन के दौरान एसबीयू के माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने विश्व के सबसे लंबे भारतीय संविधान में अंतर्निहित समानता और अधिकारों से युक्त सामाजिक और आर्थिक न्याय की संकल्पना पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने देश के राजनैतिक-आर्थिक और सामाजिक परिवर्तनों के लिए संविधान के रचनाकारों को इसका श्रेय दिया।

## डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : सोमवार को डीएवी पब्लिक हेहल में कक्षा 6 से लेकर कक्षा 9 के चयनित छात्रों के लिए अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस भाषण प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों ने महान वक्ताओं, लेखकों, और प्रेरकों के समृद्ध विचारों एवं भाषणों को अपनी भाषण-शैली में प्रसारित कर अपने वक्तृतत्व प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रबुद्ध वक्ताओं के पोशाक में सभी प्रतिभागियों ने अपने शब्दों में उत्कृष्ट भाषण प्रस्तुत किया। अपने संदेश में विद्यालय के प्राचार्य एस के मिश्रा ने कहा कि बच्चों में अंतर्निहित प्रतिभा होती है। हम शिक्षकों का कार्य है उसे बाहर निकालकर परिष्कृत करना। उन्होंने कहा कि शैशवेभ्यस्त विद्यनामअर्थात विद्या का अभ्यास शैशव काल में ही होता है।बच्चों में भाषा का सम्यक ज्ञान अवश्य होनी चाहिए।भाषा के बिना मानवता अधूरी है। अतः हम अपने बच्चों को भाषा के प्रति सचेत करें और उन्हें हरदिन कुछ नया सीखने के लिए प्रेरित करें।

कक्षा 6 और 7 के विजेता हैं -
अपेक्षा - कक्षा -7
अक्षत - कक्षा -6
रुधिर - कक्षा -6
आठवीं और नवमी के विजेता हैं
स्वस्ति आर्य -कक्षा-9
भूमि-कक्षा-9
विभि प्रसाद कक्षा-9, अवनी आनंद-8 बी
लोहिताक्ष-9 ए और अदिति-9 H

इस प्रतियोगिता के निर्णायक विद्यालय के ही वरिष्ठ शिक्षक आर यू सिंह एवं शबाना परवीन थीं।इस अवसर पर एम सी एम ब्लॉक की इंचार्य अजंता कुमारी ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए शिक्षा के साथ-साथ विद्यालय के अन्य गतिविधियों में सकारात्मक रूप से संगलग्न रहें।

## झामुमो के प्रधान कार्यालय का उद्घाटन

**सिल्ली** : सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन साहेब बांध के पास बुजुर्ग महिला उर्मिला देवी ने फीता काट कर किया। इस मौके पर पार्टी के पूर्व विधायक अमित महतो और उसकी धर्मपत्नी पूर्व विधायक सीमा देवी भी उपस्थित हुई। सीमा देवी ने कहा कि झामुमो एक परिवार है,जिस भरोसे के साथ जनता ने हमें विश्वास किया है उस पर हमें खरा उतरना है, क्षेत्र में विकास करनी है। इसके बाद अमित महतो अपने हजारों की सख्या में कार्यकर्ताओं के साथ एवं पारंपरिक ढोल नगाड़ों के साथ नामांकन के लिए सिल्ली से रांची की ओर निकल पड़े। मौके पर जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी देवी, राधिका महतो, अशरफ अली, अखिल महतो, रंजीत महतो हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

मोदी सरकार की योजनाएं धरातल पर उतरे, इसके लिए जरूरी है भाजपा की सरकार

## वर्तमान सरकार ने युवाओं के साथ किया धोखा : संजय सेठ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : खिजरी विधानसभा का नॉमिनेशन मोराबादी स्थित मैदान से रांची सम्रहालय तक भव्य रोड शो आयोजित की गई ।इस अवसर पर एनडीए प्रत्याशी रामकुमार पाहन सहित आजसु के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो विशेष रूप से उपस्थित रहे नॉमिनेशन के पूर्व मोराबादी मैदान में एक जनसभा आयोजित की गई इस जनसभा को संबोधित करते हुए भारत सरकार के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने कहा कि चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकताओं के साथ आम जनता में भी उत्साह है। हर तरफ परिवर्तन की लहर है। पिछले 5 साल में झामुमो और कांग्रेस की सरकार ने जो भ्रष्टाचार किए हैं, बेरोजगारों पर जो अत्याचार किए हैं, महिला उत्पीड़न और प्रताड़ना पर जो चुप्पी साधी है; इन सबका जवाब इस चुनाव में देने के लिए जनता तैयार है। श्री सेठ ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सिर्फ कार्यकर्ता के रूप में काम करते हैं। मंत्री, विधायक, सांसद यह सब कुछ बीजेपी में सिर्फ दायित्व है। यह कोई पद नहीं है। हम सब भाजपा कार्यकर्ता के रूप में ही पूरी मजबूती के साथ इस चुनाव में काम करेंगे और राज्य में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण करने वाली सरकार बनाएंगे।

## 'आनन्द सबके लिए' कार्यक्रम में बच्चों के बीच बांटी गयी मिठाई



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच हर वर्ष दीपावली के पहले पूरे देश में 'आनंद सबके लिए' कार्यक्रम का आयोजन करता है। इसी क्रम मे मारवाड़ी युवा मंच, रांची शाखा द्वारा सोमवार को राणी सती मन्दिर लेन स्थित श्री राणी सती विद्यालय मे तथा गाड़ी खाना चौक स्थित राजकियकृत कन्या मध्य विद्यालय मे आनंद सबके लिये कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम मे विद्यालय मे उपस्थित सभी बच्चों एवं अध्यापको के बीच मिठाई का वितरण किया एवं उन्हे दीपावली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के संयोजक मंच के सदस्य युवा सन्नी केडिया एवं युवा अंकित टांटिया थे। मंच के प्रवक्ता राघव जालान ने जानकारी दी के कार्यक्रम मे अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष स्पर्ष चौधरी के साथ उपाध्यक्ष निरज अग्रवाल, विशाल महल्का, तपिश केडिया एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के तहत सतर्कता महोत्सव

## 'फेस्टिवल डी सीसीएल' का शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : 28 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2024 तक चलने वाले सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के अंतर्गत सतर्कता महोत्सव 'फेस्टिवल डी सीसीएल'का आज भव्य उद्घाटन हुआ। इस महोत्सव के पहले दिन का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीएमडी सीसीएल नीलेंदु कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक तकनीकी (संचालन ) हरीश दुहान, मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) पंकज कुमार, महाप्रबंधक, विभाग प्रमुख और बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सीएमडी सीसीएल द्वारा सभी उपस्थित जनों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाकर किया गया। इसके बाद, सीवीओ श्री पंकज कुमार ने सभी को संबोधित करते हुए सतर्कता और ईमानदारी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि हमारे पेशेवर जीवन में सतर्क रहना क्यों आवश्यक है, और इस वर्ष की थीम सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की प्रगति पर भी अपने विचार साझा किए। श्री कुमार ने कहा कि सत्यनिष्ठा का पालन न केवल संगठन बल्कि पूरे देश की प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है। सीएमडी सीसीएल निलेंदु कुमार सिंह ने भी इस मौके पर ईमानदारी के महत्व को रेखांकित किया।

## नितांत सेवा फाऊंडेशन ने सेंट्रल एकेडमी स्कूल कांके रोड में किया दीपावली फेस्ट 2024 का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : सोमवार को सामाजिक संस्था नितांत सेवा फाऊंडेशन कि ओर से कांके रोड सेंट्रल एकेडमी स्कूल में दीपावली फेस्ट 2024 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के सैकड़ों बच्चों ने रंगोली , दिया मेंकिंग और निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। दीपावली पर्व पर नितांत सेवा फाऊंडेशन ने स्कूली बच्चों के बीच यह कार्यक्रम आयोजित कर इस दीपावली पर जरूरत मंदो के घरों को रौशन करने का सार्थक संदेश दिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी भैरव सिंह, संजीव साहू,शिक्षाविद एस डी सिंह, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, सेंट्रल एकेडमी स्कूल के ज्वाइंट डायरेक्टर एके रॉय, जेसीआई यूथ की अध्यक्ष सोनल अग्रवाल, सचिव मोनिका शर्मा सृष्टि सिंह,आदि कई उपस्थित थे। सभी अतिथियों का स्वागत नितांत सेवा फाऊंडेशन के अध्यक्ष अभिजीत सिंह ने किया। मंच का संचालन सुशांत पाण्डेय और धन्यवाद ज्ञापन सेंट्रल एकेडमी स्कूल कांके रोड की प्राचार्या स्नेहा रॉय ने किया।

## चुनाव संचालन समिति की बैठक सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : सोमवार को विधानसभा चुनाव के निमित्त कांके विधानसभा के प्रधान चुनाव कार्यालय का उद्घाटन भाजपा हजारीबाग रोड स्थित कोकर मंडल के सुरेंद्रनाथ स्कूल के समक्ष होटल प्लेटो के परिसर में हुआ एवं कांके विधानसभा संचालन समिति की बैठक प्रधान चुनाव कार्यालय में संपन्न हुई। प्रधान चुनाव कार्यालय का उद्घाटन रांची लोकसभा के सांसद एवं केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, कांके विधानसभा के संयोजक संजीव विजयवर्गीय, कांके विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी डॉ. जीतू चरण राम, प्रदेश भाजपा के मंत्री, गणेश मिश्रा, कांके विधानसभा के प्रभारी शशि भूषण भगत, कलस्टर प्रभारी संजीव चौरसरिया, प्रवासी प्रभारी कृष्णकांत राय, नसीबलाल महतो, प्रीतम साहू, जितेंद्र सिंह पटेल ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन के पश्चात कांके विधानसभा के चुनाव संचालन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कांके के अंतर्गत आने वाले सभी मंडल अध्यक्ष एवं संचालन समिति के सदस्य उपस्थित रहे। चुनाव संचालन समिति के बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री, संजय सेठ ने कहा की, कांके विधानसभा में संगठन और कार्यकर्ताओं के बदौलत कांके में कमल खिलेगा, उन्होंने कहा की समय बहुत कम है, कार्यकर्ता कमर कस ले, एक बूथ ना छूटे ऐसा हमारा संकल्प होना, उन्होंने कहा की कांके की जनता कमल को हमेशा आशीर्वाद देते आई है इस बार जनता कमल के साथ है। उन्होंने कहा की, राज्य की जनता त्रस्त हो चुकी है हेमंत सरकार के झूठे वादों से, हेमंत सरकार आज हर मोर्चे पर विफल है, उन्होंने कहा की हेमंत सोरेन के किसी को सबसे ज्यादा लूटा तो यहां के भोले भाले आदिवासियों को लुटा, उनको बरगला कर वोट लेकर सिर्फ अपनी जेब भरने का काम कर रही है।

## डालसा की डीएवी स्कूल बरियातू में लिगल लिट्रेसी क्लास

- डालसा के पीएलवल ने दी बच्चों के अधिकार और कर्तव्यों की जानकारी
- राष्ट्रीय लोक अदालत 14 दिसम्बर को, दी गयी जानकारी
- पीएलवी सम्पा दास, प्रीति पाल ने वृद्धा पेंशन एवं विधवा पेंशन की दी जानकारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची की ओर से डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातू रांची में लिगल लिट्रेसी क्लास का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पीएलवी प्रीति पाल, शंपा दास, विधि के छात्र-छात्राएं, डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल डॉ तापस घोष, सुमन झा, रेनू मिश्रा मैडम उपस्थित थे। विधिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत बच्चों को बाल विवाह, मानव तस्करी से बचाव, 1098 की महत्ता, पॉक्सो एक्ट/जे.जे.एक्ट के सन्दर्भ में संरक्षण हेतु जानकरियां, नशापान से दूर रहने, शिशु योजना, मोटर कार दुर्घटना से बचाव सम्बंधित जानकरियां, पुलिस बाल मित्र थाने की जानकरियों, के बच्चों के लिए हितार्थ कार्य,डालसा की योजनाओं संबंधी जानकरियां प्रदान की गई इस कार्य में पीएलवी प्रीति पाल और शंपा दास का योगदान रहा। यह भी ज्ञात हो कि 14 दिसम्बर को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में पीएलवी के द्वारा जानकारी दी गयी। उन्होंने कहां कि न्यायालय में कोई भी वाद लंबित हैं, तो राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अपने वादों का निबटारा करा सकते हैं, जिससे आपको समय व धन की बचत होगी। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, वैवाहिक वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले साथ ही साथ भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं वैवाहिक से संबंधित मामलों को चिन्हित करके पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है।

## मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने धनतेरस लक्की ड्रॉ 'कुबेर का खजाना' का किया आयोजन





**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने सोमवार को धनतेरस लकी ड्रॉ कुबेर का खजाने का आयोजन किया। यह आयोजन अग्रसेन भवन अप्पर बाजार में किया गया। इसमें सात सांत्वना पुरस्कार और 01 बम्पर पुरस्कार समेत कुल 101 चांदी के सिक्के दिये गये। इसमें बम्पर पुरस्कार में 21 चांदी के सिक्के साथ ही प्रथम पुरस्कार 17 चांदी के सिक्के, द्वितीय पुरस्कार में 13 चांदी के सिक्के, तृतीय पुरस्कार में 11 चांदी के सिक्के दिये गये। इस प्रकार कुल 101 सिक्के दिये गये।इसमें पुरस्कृत हुए लोगों की टिकट संख्या इस प्रकार है।

Bumper prize - 0885
First prize - 1447
Second prize - 1497
Third prize - 1032
Fourth prize - 0623
Fifth prize - 1312
Sixth prize - 1270
Seventh prize - 0190
Consolation prize
1st - 0103
2nd- 0107
3rd-1318
4th- 0338
5th - 1242
6th - 1147
7th - 0301

शाखा द्वारा दीवाली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया। इसमें संस्था की 60 से अधिक सदस्यों की भागीदारी रही। सभी ने हर्ष उल्लास के साथ दीवाली मिलन समारोह मनाया, जिसमें होजी और भी कई तरह की गेम्स खेले गये। साथ ही, लजीज व्यंजनों का भी आनंद उठाया गया। संस्था द्वारा जोड़े गये कुल 17 नये सदस्यों को भी स्वागत स्वरूप वेलकम किट और पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम सयोजिका सुमिता लाठ, किरण खेतान, मीनू अग्रवाल, पूजा सरावगी ने मिल कर पूरे कार्यक्रम की तैयारी की। मौके पर अध्यक्ष, सचिव के साथ शाखा की अन्य सदस्य उपस्थित थीं। संस्था द्वारा होनेवाले आगामी 17 नवम्बर को पहली बार महिलाओं के लिए वूमेंस प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम झारखंड लेवल पर किया जा रहा है, जिसमें मारवाड़ी युवा मंच की चार शाखों की भागीदारी रहेगी। साथ ही, विजेता ट्रॉफी लॉन्च कर इसकी शुरूआत की गयी। यह जानकारी मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

## एक मौका दीजिये, आपकी उम्मीदों पर खरा उतरूंगा : अजय नाथ शाहदेव



**रांची** : आपने पिछले तीन बार से एक आदमी को आजमा कर देख लिया है इस बार मुझे मौका दीजिए मैं पूरे क्षेत्र में बदलाव लाउंगा। इस बार आप सब मेरा साथ दीजिए, कांग्रेस को वोट कीजिए। मेरा वादा है मैं शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में काम कर आपके उम्मीदों पर खरा उतरूंगा। रातु और नगड़ी प्रखंड के बच्चों के लिए स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का निर्माण कराउंगा।एक सरकारी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की स्थापना कराउंगा। प्रत्येक पंचायत में छात्रों के लाइब्रेरी की स्थापना होगी जिसमें वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। रोजगार के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं यहीं पर रोजगार की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।ये सिर्फ वादा नहीं बल्कि ये सब करने के लिए मैं कृतसंकल्प हूं। इस बार एक मौका आप मुझे दीजिए।

## घोषणा

मैं अवधेश कुमार, पिता श्री कृष्णा कुमार ठाकुर, पता : ललित नारायण मिश्रा कॉलोनी, घोषणा करता हूं कि 64 हटिया विधानसभा क्षेत्र से बतौर निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव लड़ रहा हूं। मेरे खिलाफ हिन्दपीढ़ी थाना में 48/2019 धारा 295 (अ) के तहत मामला दर्ज है, जो अभी लम्बित है। इसके अलावा मुझ पर अन्य कोई मामला नहीं है।

## एक झलक

### आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कृषि विभाग ने किया स्वागत समारोह का आयोजन

**हजारीबाग** : आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के मुख्य कैंपस सभागार में सोमवार को कृषि विभाग की ओर से प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों की ओर से एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अंकित के गाए गीत ने खूब सुर्खियां बटोरी। वहीं स्नेहा, पल्लवी, किरण, चंपा, गीतांजलि, सुरभि, पूजा, रचना भारती, रिया, ऋतिक, समीर, मुस्कान, सीमा व आशीष जेर्री के नृत्य पर लोग खूब झूमे। इस बीच प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने रैंप वॉक भी किया। विद्यार्थियों के ग्रूप डांस ने भी माहौल को खुशनुमा बना दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए पजल गेम भी कराए गए। विद्यार्थियों के प्रदर्शन के आधार पर मिस्टर फ्रेशर का ताज सुमन कुमार को मिला। वहीं लवली कुमारी मिस फ्रेशर बनी। गेम प्रतियोगिता में छात्रों में पवन, संदीप और छात्राओं में रचना, अंजलि व लवली को पुरस्कृत किया गया। जबकि रैंप वॉक रिया और दिव्यांशु के नाम रहा। बेस्ट परफॉर्मर्मेंस का अवार्ड सुरभि, गीतांजलि और अंकित ने अपने नाम किये। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पीके नायक, कुलसचिव डॉ. मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ. एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ. एमके मिश्रा, वोकेशनल निदेशक डॉ. बिनोद कुमार, कृषि संकायाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार सहित अन्य के हाथों दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। ऐसे कार्यक्रम के मद्देनजर कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के जरिए नये विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों से मिलने का मौका मिलता है। उन्होंने बताया कि इससे विद्यार्थियों के बीच आपसी तालमेल बढ़ता है, जो आपस में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का भाव भी जगाता है और सफलता के लिए स्वस्थ प्रतिस्पर्धा आवश्यक है। कुलपति डॉ पीके नायक ने सभी नए विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर नियमित परिश्रम की सलाह दी। साथ ही कहा कि कभी भी हमें हतोत्साहित नहीं होना चाहिए बल्कि हमें अपने अंदर की खामियां समाप्त कर लगातार आगे बढ़ने का प्रयत्न करना चाहिए। डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा ने भी खुशनुमा और सफल जीवन के लिए कई महत्वपूर्ण बातें विद्यार्थियों को बतायी।

### हजारीबाग यूथ विंग ने ओल्ड ऐज होम में बुजुर्गों के साथ मनायी दीवाली

**हजारीबाग** : हजारीबाग यूथ विंग ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिवाली से पूर्व एक विशेष पहल करते हुए ओल्ड ऐज होम में रह रहे बुजुर्गों के साथ त्योहार का जश्न मनाया। दीवाली की रौनक और खुशी उन बुजुर्गों के चेहरों पर लाने का यह प्रयास सभी के दिल को छू गया। इस आयोजन का उद्देश्य सिर्फ दिवाली मनाना नहीं था, बल्कि उन बुजुर्गों को यह महसूस कराना था कि वे भी समाज का एक अहम हिस्सा हैं और उनकी खुशी भी हमारी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम की शुरुआत बुजुर्गों के बीच फल, जूस, भुजिया, हॉर्लिक्स, मिक्सर, मिठाइयां और अन्य सामग्री वितरण से की गयी। यूथ विंग के सदस्यों ने बड़े ही आदर और स्नेह के साथ सभी बुजुर्गों के साथ बातचीत की, उनके हालचाल पूछे और त्योहार की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद सभी ने मिलकर दिया जलाया, जिससे पूरा वातावरण दिवाली की रौनक से जगमगा उठा। दीपों की रोशनी के बीच बुजुर्गों के चेहरों पर एक अलग ही खुशी और उमंग देखने को मिली। यूथ विंग के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बुजुर्गों के साथ फुलझड़ी जलाने का आनंद लिया और उनके चेहरों पर आने वाली हर मुस्कान के पल को संजोया। बुजुर्गों ने अपने अनुभव साझा किए और दीवाली के पुराने किस्से सुनाए, जिससे सभी का मन भावुक हो गया। हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक ने इस मौके पर कहा, दिवाली का असली मतलब सिर्फ घरों को रोशनी से सजाना नहीं, बल्कि उन लोगों के जीवन में भी उजाला भरना है, जो हमारे प्यार और देखभाल के हकदार हैं।

# रोटी, बेटी, माटी की पुकार झारखंड में आ रही भाजपा सरकार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : हजारीबाग सदर विधानसभा के सदर पूर्वी मंडल के कोलघटी, मंडई कला, मडई खूर्द, सियारी, नगवां चुरचू, सिंदूर, करकरी, अमृतनगर, जगदीशपूर, बडासी, डडई कला, अमनारी शेखा, केसुरा, रोला सहित दर्जनों गांवों मे अशीर्वाद यात्रा के माध्यम से हजारीबाग सदर विधानसभा भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने 13 नवंबर को कमल निशान पर बटन दबाकर भाजपा सरकार बनानें की अपील किया। प्रदीप प्रसाद ने अशीर्वाद यात्रा में देवतुल्य जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनता का सेवक हूं और निरंतर सेवा जारी रहेगा। उन्होनें कहा कि हजारीबाग मेरा परिवार है। आशा है आप सभी का अशीर्वाद मिला



तो विधानसभा क्षेत्र का सम्पूर्ण विकास करेगें। जनता मन बना चूंकि है पूरे प्रदेश में कमल खिलेगा ओर भाजपा की सरकार बनेगी। समृद्ध व खुशहाल हजारीबाग के लिए भाजपा का साथ देनें का आग्रह किया। इस आशीर्वाद यात्रा में प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुदेश चन्द्रवंशी, एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष व जिला षरिषद प्रतिनिधि महेंद्र राम बिहारी, पुर्वी मंडल अध्यक्ष व अमनारी पंचायत के मुखिया कृष्णा मेहता, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रणधीर पाण्डेय, कमल गोप, कुमूद गुप्ता, विजय साहु, पूर्व मुखिया चौधरी साव, मंडल कोषाध्यक्ष महेश प्रसाद, पूर्व जिप सदस्य कौलेश्वर रजक, मंडल उपाध्यक्ष राजु महतो, हिन्दू राष्ट्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष शशि केसरी, मंडल किसान मोर्चा अध्यक्ष रोहित कुशवाहा, पूर्व मंडल अध्यक्ष व पूर्व 20 सुत्री अध्यक्ष अंगेसर महतो, महिला जिला उपाध्यक्ष भानुमति पासवान, सोनी देवी, संतोष सिन्हा, विजय वर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता व मुखिया दिनेश कुशवाहा, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेश प्र. कुशवाहा, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामचन्द्र कुशवाहा, वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व मुखिया चौधरी साहु, शिवपाल यादव, अजीत पासवान, रामअवतार शर्मा, पूर्व मुखिया अनूप ठाकुर, राजेन्द्र प्रसाद मेहता सहित सैकेड़ो संख्या मे लोग उपस्थित थे।

## भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में महिला मोर्चा ने चलाया जनसम्पर्क अभियान

**दारू** : हजारीबाग सदर विधानसभा में क्षेत्र में नामांकन तिथि के पश्चात सभी उम्मीदवारों ने जनता के बीच जनसंपर्क अभियान चलाना शुरू कर दिया है। सोमवार को भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद की पत्नी ललिता देवी अपने साथ जिला महिला मोर्चा और दारू प्रखंड महिला मोर्चा समर्थकों के साथ दारू प्रखंड के जिनगा पंचायत और रामदेव खैरिका पंचायत के विभिन्न गांव में घर घर जा कर तथा महिला सभा कर भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद के समर्थन वोट करने की अपील की। ललिता देवी ने महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि आज मोदी जी की सरकार महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में कई काम कर रही है लेकिन वही हेमन्त सोरेन की सरकार में महिलाएं अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही है उनका शोषण किया जा रहा है। मइयां सम्मान योजना एक चुनावी लुभावन है जिसमे महिलाओं लालच देने का काम कर रही है । हेमन्त सोरेन की सरकार ने वादा किया था कि



मैं प्रत्येक महिलाओं को प्रत्येक माह 2000 रुपए दूंगा लेकिन ये वादा सिर्फ वादा ही रह गया । बीते इन पांच सालों में एक लाख बीस हजार रुपए महिलाओं को देना था उसके स्थान पर सिर्फ झुनझुना के रूप में किसी किसी महिला को मईया सम्मान योजना के तहत सिर्फ दो हजार रुपए दिया है। आप सभी से अपील कर रही हूं इसबार आप हमारे पति प्रदीप प्रसाद को वोट देकर उनके हाथों को मजबूत कीजिये। इस मौके पर महिला जिला अध्यक्ष साक्षी राणा, रेणुका साहू, फुलवा कच्छय, लक्ष्मी देवी, सोनी देवी, सविता देवी, सुनीता देवी सहित सैकड़ों की संख्या में महिला उपस्थित थी।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड कार्यकर्ताओं के बीच हुई बैठक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़-गोमियां मार्ग स्थित करोंज मोड़, झामुमो प्रखंड सचिव संजय प्रजापति के आवास में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड कार्यकताओं के बीच बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव चौधरी एवं संचालन प्रखंड सचिव संजय प्रजापति के द्वारा किया गया। इस बैठक में झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी कार्यकताओं ने एक स्वर में कहा हम सभी कार्यकर्ता इंडिया गठबंधन के साथ है और पूर्ण रूप से इंडिया गठबंधन को जिताने काम करेंगे, लेकिन इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल झामुमो विष्णुगढ़ प्रखंड कमेटी के कार्यकर्ताओं के साथ तीन दिनों के अंदर अगर वार्ता नहीं करती है तो झामुमो विष्णुगढ़ प्रखंड कमेटी के लोग स्वतंत्र रूप से कार्य करने को तैयार है। बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष देवीराम हेमरम, मुखिया प्रतिनिधि गंगाधर महतो, कुसुंभा मुखिया दुलारचंद पटेल, पूर्व मुखिया नारायण गंझु, महादेव मुर्मू, पूर्व प्रखंड कोषाध्यक्ष शंकर महतो, विष्णुगढ़ मुखिया प्रतिनिधि विनय कुमार दास, छत्रु हांसदा, फलजीत ठाकुर, प्रसादी यादव, रकीब अंसारी, कुलदीप कुमार,अब्दुल सफाज, जागेश्वर महतो, गिरधारी महतो, मोहन महतो, डालचंद राणा, चंद्रशेखर महतो, अमीर शेख, पवन पासवान, दिलीप सिंह, करमेली मियां, बाबूचंद मांझी, सिंगर मनोज झारखंडी, तूफानी अंसारी, आफताब अली, बाबूलाल मुर्मू, लखन भाई पटेल, डीएम राज, रवि यादव, प्रभु हांसदा, विकाश सोनी इकराम अंसारी, राज कुमार, राजीव कुमार, दिलीप कुमार, लीलो महतो, राजेंद्र मंडल, राजू महतो, शमीम अंसारी, सुबोध यादव, संजय पटेल, नरेश महतो, पवन महतो, भोला महतो समेत भारी संख्या में प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायत के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## सात दिवसीय सतर्कता जागरूकता सप्ताह का हुआ आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दारू** : भ्रष्टाचार किसी भी राष्ट्र की प्रगति के पथ में पड़ने वाला ऐसा रोड़ा है, जिसके कारण राष्ट्र की उन्नति प्रभावित होती है। प्रत्येक वर्ष केन्द्रीय सर्तकता आयोग भारत सरकार द्वारा विभिन्न सरकारी कार्यालयों निजी संगठनों के माध्यम से भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों के बारे में जनता के जागरूक करने के उद्देश्य से सतर्कता जागरूकता सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 की थीम 'सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि' है। इसी क्रम में बल मुख्यालय, सीमा सुरक्षा बल, नई दिल्ली के निदेशानुसार मेरु कैंप हजारीबाग में के0 एस0 बन्याल,प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय के नेतृत्व में सीमा



सुरक्षा बल मेरु कैंप में 28 अक्टूबर से 03 नवंबर 2024 तक श्रृखंलाबद्ध कडी के तहत सतर्कता जागरूकता सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारम्भ के0 एस0 बन्याल प्रशिक्षण केंद्र एवं विद्यालय, मेरु कैम्प, हजारीबाग नें प्रशासनिक भवन में कैंप में उपस्थित समस्त अधिकारियो, अधीनस्थ अधिकारियो व कार्मिकों को भ्रष्टाचार के खिलाफ शपथ दिलाकर किया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाने का पहला कदम लोगों को भ्रष्टाचार तथा उसके परिणामों के बारे में जागरूक करना है। बल मुख्यालय के दिशा निर्देशों के तहत पूरे देश में सभी सीमा सुरक्षा बल कार्यालयों में इस शपथ का आयोजन किया जाना है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह सरदार वल्लभ भाई पटेल जिन्हें उनकी अटूट साहस और सकंल्प के लिए भारत के लौह पुरूष के रूप में जाना जाता है, के जन्म सप्ताह में मनाया जाता है। ज्ञातव्य है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने भारत की एकता, अखण्डता तथा भारत के पारंपरिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए उल्लेखनीय कार्य किए हैं, जिसका हम सभी को अनुकरण करना चाहिए।

## भाजपा युवा मोर्चा की बैठक सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पदमा** : भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की बैठक पदमा में प्रखंड अध्यक्ष निशांत सिंह, की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा किया गया। इसमें आगामी चुनाव को लेकर युवा मोर्चा के सभी कार्यकर्ता ने भाजपा के पक्ष में कैसे मतदान हो इसको लेकर के प्रखंड क्षेत्र में डोर टू डोर कैंपेन करने का निर्णय लिया एवं अधिक से अधिक युवाओं को माता एवं बहनों को राष्ट्र हित में भाजपा के पक्ष में वोट करने को लेकर घर घर जाकर भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न योजनाओं को बतलाने का काम करेगी, जिसमें कई और यहम निर्णय लिये गये। इसमें मुख्य रूप से उपस्थित रहे, भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष निशांत सिंह, महामंत्री मनोज गुप्ता, मंत्री धीरज पांडेय, मंत्री सुरेंद्र मेहता, भाजपा आईटी सेल मीडिया प्रभारी शिशुपाल राणा, मनोज ओझा, सुभाष साव, अरुंजय मेहता, सोनू कुमार प्रजापति, बलजीत सिंह, रोहित पाठक, चंदन केसरी, कृष्ण कुमार गिरी, विकास कुमार मेहता, राकेश कुमार, राजेश कुमार मेहता, मुकेश केसरी, विकास केसरी, शैलेश राणा, रंजीत मेहता, शतरंजन कुमार एवं कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गुलाबी ठंड के बीच एंजेल्स हाई, डीपीएस व लिटिल एंजल्स के पैरेंट्स नाइट-2024 में बच्चों ने किया धमाल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : गुलाबी ठंड के दस्तक के साथ ही एंजल्स हाई स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, शंकरपुर और लिटिल एंजल्स स्कूल इमलीकोठी हजारीबाग का पेरेंट्स नाईट- 2024 सोमवार को डीपीएस मैदान में आयोजित हुआ। जिसमें तीनों स्कूलों के तीन साल से लेकर 18 साल के करीब 1200 बच्चों ने खूब धमाल मचाया। इस पैरेंट्स नाईट में जहां लघु भारत का अतुल्य झलक दिखा वहीं बच्चों ने मुग्धकारी गीत - संगीत, मनोहारी नृत्य और कर्ण सुखकारी वाध्य-मनोविनोद के साधनों के जरिये अत्याधुनिक विद्युत श्रृंगार व मधुर ध्वनि सहित परिपूर्ण वृहत मंच के माध्यम से अपने कलात्मक प्रतिभा का जीवंत मंचन कर उपस्थित हजारों अभिभावकों और दर्शकों को



मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों की शानदार और मनमोहक प्रस्तुति ने भारतीय संस्कृति-सभ्यता, अध्यात्म, इतिहास, परंपरा, पौराणिक कथा, सामाजिक जागृति संदेश के साथ धमाल मचाते हुए प्राचीन और आधुनिक प्रस्तुति का सामंजस्य किया और अपनी विलक्षण कलाकारी से लोगों का खूब मनोरंजन किया । एंजल्स परिवार ने लिटिल एंजल स्कूल के 25वीं वर्षगांठ पूरी होने पर इसे भी बड़े ही अनोखे अंदाज में इस पैरेंट्स नाईट के साथ ही सेलीब्रेट किया। डीपीएस मैदान में आयोजित पैरेंट्स नाईट- 2024 में कुल 14 अद्भुत और अवस्मरणीय प्रस्तुति के जरिए स्कूली बच्चों ने समां बांध दिया और अपने विलक्षण कलाकारी से सामाजिक व ज्वलंत मुद्दों पर सकारात्मक संदेश भी समाज को दिया। कार्यक्रम की शुरूआत शिव का लौकिक नृत्य से हुआ तो माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। जिसके बाद नन्हे पैरों के उत्सव नृत्य से उपस्थित लोगों का मन प्रफुल्लित हो उठा। अलादीन का जादुई चिराग के मंचन ने खूब दिलचस्पी बढ़ाई और जादुई दुनिया का सैर कराया। बच्चों के वस्त्र पर आधारित फैशन कल्पात्मक नाटक ने मन मोह लिया।

## शेफाली गुप्ता ने ओल्ड एज होम व मुक बधिर विद्यालय में मनाया दीपोत्सव का त्योहार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : दिपावली से पूर्व भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने ओल्ड एज होम एवं मुख बधिर विद्यालय में दिन सोमवार को दीपोत्सव का त्यौहार मनाया। इस अवसर पर ओल्ड एज होम निवास कर रहे वरिष्ठ नागरिक एवं मुख बधिर विद्यालय अध्ययनरत बच्चों को मिठाई खिलाकर दिपावली की ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। मुख बधिर विद्यालय के पठनपाठन कक्ष में अंधेरे के कारण मुख बधिर बच्चों को पढ़ाई लिखाई में काफी कठिनाई हो रही थी। इसे संज्ञान में लेकर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता द्वारा पठनपाठन कक्ष में टयूब लाईट लगाया गया। उन्होंने विद्यालय परिवार को हर संभव सहयोग करने का भरोसा एवं विश्वास दिया। मुख बधिर बच्चों के चेहरे पर निश्चल मुस्कान एवं अपनापन के भाव से काफी सुखद एहसास कराया। वहीं,



ओल्ड एज होम में निवास कर रहे तीन वरीष्ठ नागरिकों को आंखों से दृश्य को देखने में काफी कठिनाई होती थी। जिसको लेकर भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने तीन वरीष्ठ नागरिकों को डॉक्टर्स से आंखों का चेकअप कर चश्मा भेंट किया। इस क्रम में विगत कुछ दिन पूर्व पटाखे फोड़ने के क्रम में एक महिला का गंभीर रूप से हाथ जल गया था। उनका कुशलक्षेम प्राप्त किया। साथ ही हजारीबाग जिला वासियों से वरीष्ठ नागरिकों के बीच पटाखे ना फोड़ने का अपील की। भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने वरीष्ठ नागरिकों के अपनापन के स्नेह एवं मुस्कान से काफी अभिभूत हुई।

## दीवाली में चीनी वस्तुओं का करें बहिष्कार, स्वदेशी अपनायें : सुदेश




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : भारत तिब्बत मैत्री संघ हजारीबाग के द्वारा बड़ा बाजार, झंडा चौक, पर चीन द्वारा निर्मित वस्तुओं को जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया और स्वदेशी अपनाने की अपील यहां की जनता से की गई कुम्हारो द्वारा निर्मित दिया और गणेश लक्ष्मी की मूर्ति को खरीद कर स्वदेशी अपनाने की भी अपील भी की गई भारत तिब्बत मैत्री संघ के अध्यक्ष सुदेश कुमार चंद्रवंशी ने अपने संबोधन में बताया कि अगर हम कुम्हारो द्वारा निर्मित वस्तुओं को खरीद कर दीपावली मनाते हैं तो वोकल फॉर लोकल के तहत रोजगार पैदा होगा। अध्यक्ष सुदेश चंद्रवंशी ने बताया कि चीन द्वारा निर्मित वस्तुओं को खरीद कर हम चीन की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाते हैं और वह पैसा जो हमारे यहां से वह कमाता है से हमारे देश के सीमा पर खर्च कर षड्यंत्र रचता है। जहां हमारे जवान देश की सीमा की रक्षा करते हुए शहीद हो जाते हैं। हमारे देश को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारत तिब्बत मैत्री संघ के डॉ. बीके सिंह, अरुण कुमार वर्मा, बिनोद भगत, महेंद्र ठाकुर, रामचंद्र केसरी, संजय अग्रवाल, सरदार परमिंदर सिंह, रामप्रवेश ठाकुर, राकेश वर्मा, शैलेश कुमार चंद्रवंशी, भोला भगत, वीरेंद्र भगत, ब्रह्मदेव शर्मा, मीरा मेहता, हितेश रंजन, अतिशय जैन, सरफराज हैदर, संतोष यादव, सेजीमे रिनझिन, टीनले कुंगा, मनोज जैन, संदीप जैन, सोमतें डोल्मा, टॉसमो, कर्मा टापटेन, सेरिंग संदुप, तेनजिन वांगयाल, डेएनचेन, करमा गैरमि, आदि सभी ने चीन तिब्बत छोड़ो के नारे लगाए। कार्यक्रम में सैकड़ो लोगों उपस्थित थे।

## चौथी झारखंड गतका चैम्पियनशिप सफलतापूर्वक सम्पन्न, कोडरमा बना चैंपियन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही** : प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत देवचंदा मोड़ में संचालित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में बीते रविवार को चौथा झारखंड सब-जूनियर और सीनियर गतका चैम्पियनशिप का आयोजन बड़े ही सफलतापूर्वक किया गया। इस रोमांचक खेल आयोजन में पूरे झारखंड से लगभग 400 एथलीट्स ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में कोडरमा जिला ओवरऑल चैंपियन बना और सबसे ज्यादा पदक जीते। हजारीबाग दूसरे स्थान पर रहा, जबकि बोकारो ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस एक दिवसीय



आयोजन की शुरूआत विशेष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जो इस भव्य प्रतियोगिता की शुरूआत का प्रतीक था। प्रतियोगिता विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित की गई, जहां हर स्कूल ने अपने जिले का प्रतिनिधित्व किया। इस दौरान श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने स्वागत गीत और नृत्य प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। गतका एसोसिएशन के सचिव प्रिंस कुमार ने बताया कि इस चैम्पियनशिप में जीतने वाले कई एथलीट आगे चलकर खेलो इंडिया कार्यक्रम में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य रोहित सिंह ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया और खिलाड़ियों को प्रेरित किया कि जीत और हार, दोनों ही सफलता के सफर का हिस्सा हैं और हार, सफलता की ओर बढ़ने के लिए एक आवश्यक कदम है। उप-प्राचार्य विकास सिंह ने श्रीदस स्टाफ की मेहनत और टीमवर्क की सराहना की, जिनकी बदौलत इस चैम्पियनशिप का आयोजन सफलतापूर्वक हुआ।

# जेबीकेएसएस प्रत्याशी बिहारी महतो का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा मांडू विधानसभा प्रत्याशी बिहारी महतो रविवार को विष्णुगढ़ के सातमाइल मोड़ पहुंचे। बिहारी महतो के आगमन पर प्रखंड कार्यकर्ताओं द्वारा उन्हें फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान प्रत्याशी बिहारी महतो द्वारा प्रखंड एवं पंचायत प्रभारियों से परिचय प्राप्त किए। साथ ही अपना परिचय देते हुए कहा कि विष्णुगढ़ की पावन भूमि आंदोलन की भूमि है। यही से स्व० टेकलाल महतो जैसे कई झारखंड आंदोलनकारी राजनीतिक की शुरुआत विष्णुगढ़ की धरती से की। लेकिन उनका जो सपना था वो अधूरा ही रह गया है। प्रखण्ड अध्यक्ष ने कहा कि लगातार विष्णुगढ़ से ही विधायक रहे लेकिन



विष्णुगढ़ सहित पूरे मांडू विधानसभा स्वास्थ्य, शिक्षा रोजगार, पलायन, प्रदूषण, सड़क कृषि कार्य जैसे कई समस्याओं से लोग जूझ रहे हैं। यहां के विधायक केवल पुल पुलिया तक में ही सीमित रह गए। पूरा मांडू विधानसभा की जनता इस बार बदलाव की ओर अग्रसर है। सभी कार्यकर्ता जेएलकेएम सुप्रीमों टाइगर जयराम दा के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का काम करें। लगातार 4 वर्षों से संगठन में कार्य, कई फैक्ट्रियों में आंदोलन, विस्थापन समस्या का समाधान, पीड़ित लोगों को करोड़ों का मुआवजा दिलवाने से लेकर, जल, जंगल, जमीन बचाने में अहम योगदान रहा है। टाईगर दा पूरे मांडू की जनता पर विश्वास जताई है, निश्चित रूप से इस बार जेएलकेएम की जीत सुनिश्चित है। साथमाइल मोड़ स्थित मां दुर्गा मंदिर में मत्था टेका साथ ही आशीर्वाद लेकर सभी कार्यकर्ताओं को 29 अक्टूबर को नामांकन कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का अपील की। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो, युवा नेता इंजिनियर मुकेश कुमार महतो, जिला अध्यक्ष सरयु साव, महिला मोर्चा केन्द्रीय उपाध्यक्ष लीलावती देवी,केंद्रीय संगठन मंत्री माही पटेल, पूर्व जिप सदस्य जय प्रकाश सिंह पटेल, प्रखंड उपाध्यक्ष सुरेश कुमार, नंदलाल महतो, सुजीत कुमार, सचिव गंगाधर कुमार, नरेश महतो, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार, संगठन मंत्री विशेश्वर कुमार, संजय महतो, निर्मल महतो, महेश तुरी, मुकेश कुमार, महेश कुमार, शंकर महतो समेत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सैकड़ों समर्थकों के साथ मुन्ना सिंह का गांव-गांव दौरा, ग्रामीणों से सीधा संवाद



**हजारीबाग** : कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं हजारीबाग विधानसभा सीट से इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने सदर प्रखंड के विभिन्न गांवों में भव्य जनसंपर्क अभियान चलाया। सैकड़ों कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ उन्होंने तरबा, खरबा, हुटपा, लखइया चौक, बानाहप्पा, चाया, पुंदरी, मेरु, अंबाडीह, अमनारी, डंडई (कला, खुर्द), बड़ासी, जगदीशपुर, भेलवाटांड़, शेखा, केसुरा, सिलवारकला, सिलवारखूर्द, रोला, अमृत नगर, तथा सिंघानी गांव का दौरा किया और स्थानीय निवासियों से संवाद स्थापित किया। इस जनसंपर्क अभियान के दौरान मुन्ना सिंह ने हुटपा गांव में स्थानीय निवासियों के साथ मोटरसाइकिल पर बैठकर गांव का दौरा किया, जहां ग्रामीणों ने भारी संख्या में पहुंच कर उनसे बातचीत की। मुन्ना सिंह ने ग्रामीणों की समस्याओं को नजदीक से समझा और उनके समाधान के लिए कांग्रेस पार्टी की प्रतिबद्धता दोहराई। इसके बाद उन्होंने डंडई कला गांव में एक स्थानीय निवासि के घर पर भोजन किया और ग्रामीणों के साथ समय बिताया, फिर अपने अभियान को आगे बढ़ाया।

## एक झलक

### पूर्णिमा नीरज सिंह ने श्याम मंदिर में की पूजा-अर्चना

**झरिया (धनबाद) :** विधायक सह कांग्रेस प्रत्याशी पूर्णिमा नीरज सिंह सोमवार को श्याम प्रभु मंदिर पहुंची। आरती में शामिल होकर आशीर्वाद लिया और झरियावासियों के सुख-समृद्धि और मंगलकामना के लिए प्रार्थना किया। विधायक झरिया ने कहा देवी-देवता हमारे जीवन के सूत्रधार है जो नेक कार्य और परस्पर विश्वास की भावना को मजबूती मिलती है। हमारे सत्कर्म में हमें आशीर्वाद देकर झरिया को मजबूती प्रदान करें यही हमारी कामना है।

### विधायक ने जनसम्पर्क कार्यक्रम में हिस्सा लेकर स्थानीय लोगों से किया संवाद

**झरिया (धनबाद):** सोमवार झरिया विधायक सह महागठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी पूर्णिमा नीरज सिंह ने डीएनसी स्टोर के निकट जियलगोड़ा नं 2 में जनसंपर्क कार्यक्रम में हिस्सा लेकर स्थानीय लोगों से संवाद किया। विधायक ने झरिया में हुए विकास कार्यों का पूरा लेखा-जोखा अपने रिपोर्ट कार्ड के माध्यम से लोगों को समझाया और कहा झरिया की समस्याओं का निदान झरिया में ही है और हमने इसे कर दिखाया है। आप सबका सहयोग और समर्थन इसी तरह मिलने पर हम झरिया को नई ऊंचाईयों पर लेकर जायेंगे। विधायक ने महिलाओं से मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना और सरकारी विद्यालयों में अध्यनरत छात्र छात्राओं के पोशाक, छात्रवृत्ति और अन्य योजनाओं की जानकारी साझा किया और लोगों को सरकार की योजनाओं से अधिक से अधिक जुड़ने के लिए प्रेरित किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि मल्लू सिंह, आजाद चौधरी, रजनीश सिंह, राजू यादव, धर्मेंद्र, शंकर, रानी देवी, रेखा देवी व आशा देवी समेत दर्जनों समर्थक उपस्थित रहे।

### धनबाद जिला डेकोरेटर एसोसिएशन ने सदस्यों को पुरस्कृत कर दिया प्रमाण पत्र

**धनबाद :** सोमवार को धनबाद जिला डेकोरेटर एसोसिएशन के द्वारा 2024 के सर्वश्रेष्ठ दुर्गा पूजा के पंडाल विधुत साज सज्जा और थीम पंडाल पर बनाए गए अपने सदस्य के बीच जिले भर के 60 सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सदस्यो को पुरस्कार और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। संगठन के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया की हर वर्ष की तरह अपने सदस्यो के द्वारा बनाए गए मेहनत स्वरूप काम को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम की जाती है।महासचिव विश्वनाथ सिंह ने दुर्गा पूजा के दौरान पुरे जिले का भ्रमण कर अपने सहयोगी सचिव गुडडु साव और कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार के साथ किया और सभी शाखाओ के पदाधिकारी से विचार विमर्श कर उत्कृष्ट पंडालों का चयन कर पुरस्कार देने का निर्णय लिया। धनबाद में दुर्गा पूजा में लगभग 10 से 15 करोड की लागत से जिले भर के पंडाल लाईट इत्यादि के काम किये जाते है। सोमवार को सम्मान समारोह मे जिले भर के सभी 19 शाखाओ के पदाधिकारी और चयनित सदस्य उपस्थित हुए। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम सरायढेला के राजा रानी मैरेज हॉल मे आयोजित की गई।

### धनबाद जिला को हरा कर क्वार्टर फाइनल में रामगढ़

**धनबाद:** सिजुआ स्टेडियम में अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता में रामगढ़ जिला ट्राइबेकार शूटआउट में 3-0 धनबाद जिला टीम को पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मैच के निर्धारित समय तक दोनों टीम एक एक गोल पर मैच समाप्त किया। मध्यांतर तक रामगढ़ नरेंद्र कर्ममानी के गोल के बदौलत 1-0 से आगे था। मध्यांतर के बाद धनबाद के ईजाज ने गोल कर मैच को बराबरी पर ले आए। अंत में ट्राई बेकर शूटआउट में रामगढ़ की टीम 3-0 से धनबाद को पराजित किया। इस अवसर पर संघ के मृदुल बोस, डॉ विकास रमन, सुनील मिश्रा, मैच कमिश्नर उदय मिश्रा उपस्थित थे। निर्णायक की भूमिका प्रकाश चंद्र सवैया (चाईबासा), जोरागं सोरेंग (रांची), मनोज महतो (बोकारो), राजेंद्र कुमार (हजारीबाग)।



# धनतेरस आज, सज गया कोयलांचल का बाजार

**अजय कुमार**

**धनबाद :** पांच दिवसीय दीपावली महापर्व की शुरूआत 29 अक्टूबर मंगलवार को धनतेरस से होगी। धनतेरस को लेकर धनबाद कोयलांचल का बाजार सज गया है। बाजार में तीस लाख से लेकर दस रुपये तक की सामग्री उपलब्ध है। धनतेरस पर करोड़ों की कारोबार को लेकर व्यापारियों में भी उत्सुकता है। ग्राहकों को लुभाने के लिए बाजार आकर्षक ढंग से सजाया गया है। सोने-चांदी के जेवर, चांदी एवं सोने के सिक्के, इलेक्ट्रानिक्स उपकरण, बर्तनों व अन्य वस्तुओं की दुकानें सज गयी हैं। कार और मोटर साइकिल के शोरूम भी आकर्षक ढंग से सजे हुए हैं, जहां ग्राहकों ने पहले से ही बुकिंग कर रखी है। मंगलवार धनतेरस के शुभ अवसर पर लोग अपने घरों में बुकिंग मोटरसाइकिल व कार को ले जायेंगे। सर्राफा कारोबार और रियल स्टेट का कारोबार भी चरम पर है। इस बार भी धनतेरस पर कारोबारियों को अच्छी खासी बिक्री का अनुमान है। कारोबारियों द्वारा स्टॉक फुल कर लिया गया है। ऑटो मोबाइल, सर्राफा, इलेक्ट्रानिक्स, बर्तन, फर्नीचर और मोबाइल बाजार की चांदी होने के आसार हैं।

दीवाली

**धनतेरस में जेवर व बर्तनों की खरीदी का महत्त्व**

**धनतेरस** में सोने-चांदी के जेवरों के साथ ही बर्तनों की खरीदी का विशेष महत्त्व रहता है। इसे लेकर लोग सुबह से मार्केट में लोगों की भीड़ नजर आने लगती है। धनतेरस के अवसर पर लोग सोने-चांदी की मूर्तियों व चांदी के सिक्कों सहित बर्तनों की जम कर खरीदी करते हैं।

**लक्ष्मी व गणेश की सुन्दर मूर्ति की बिक्री**

**दीपावली** को लेकर दीया व मूर्तियों का बाजार सज गया है। दीपावली की तैयारी को लेकर खरीदारी भी तेज हैं। इससे सुबह से शाम तक बाजार में खरीदारों की भीड़ लगने लगी है। मिट्टी एवं पीओपी के बने लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति, दीये व पटाखे के अलावा घर सजाने के सामान जगह-जगह बिक रहे हैं। लक्ष्मी व गणेश की मूर्ति पिछले वर्षों की तुलना में इस बार मिट्टी व पीओपी की बनी मूर्तियों के दामों में 20 प्रतिशत से अधिक इजाफा हो गया है। व्यवसायियों के अनुसार डीजल-पेट्रोल के बढ़े दाम का सीधा असर इन सामग्रियों पर भी पड़ा है। सबसे अधिक भाड़ा में राशि खर्च हो रही है, जिससे मूर्तियों के दाम बढ़ गये हैं। मिट्टी के दीये व लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति हर साइज में बाजार में उपलब्ध है। इसके अलावा मिट्टी के खिलौने व गुल्लक भी बिक रहे हैं।

**रंग-बिरंगे दीये और पटाखे की भी कई जगह होने लगी बिक्री**

**बाजार** में कुम्हारों द्वारा बनाये गये रंग-बिरंगे मिट्टी के दीप व पटाखे की भी दुकान लगी है। दीपावली में दीप जलाने के लिए कई किस्म के दीप का बाजार सज गया है। खासकर, कई जगह मूर्ति सहित दीये का बाजार लगने लगा है। दीपावली में घरों की सजावट की जा रही है। मंगलवार को धनतेरस की रात से ही घर को रौशनी से जगमगाने के लिए झालर से सजाया जा रहा है। हालांकि, कई लोग के घर शाम होते ही झालरों से जगमगाने लगे हैं। बाजार में इलेक्ट्रॉनिक बल्ब 50 से 200 तक व झालर 50 रुपये से हजार रुपये तक के बिक रहे हैं।

**परम्परागत दीया बनाने के कारोबार को छोड़ रही है युवा पीढ़ी**

**दीपावली** में मिट्टी के दीयों की मांग बढ़ जाती है, लेकिन इसे बनानेवाले कुंभकार को सही कीमत नहीं मिल पाती। इस कारण मिट्टी बनानेवाले कुंभकारों के परिवार के युवा अब इस रोजगार को छोड़ रहे हैं। झरिया में मिट्टी बनानेवाले संतोष पंडित, राघव पंडित, मोदी पंडित, चंदन पंडित, मनोहर पंडित, संतोष पंडित, भारत पंडित, विनोद पंडित आदि ने बताया कि करीब 15 साल पूर्व हम लोग अपने पूरे परिवार के साथ दीपावली के 03 महीना पहले ही तैयारी में जुड़ जाते थे। पहले करीब 05 लाख दीया बना कर बेचते थे, मगर अभी ज्यादा से ज्यादा 50,000 दीये बनाते हैं। वर्तमान में दीया का मूल्य सौ रुपया सैकड़ा, खिलौना 50 से 60 रुपये और प्याली 130 रुपये सैकड़ा है।

**इलेक्ट्रॉनिक रंग बिरंगी बल्ब ने परम्परागत दीपक को पछाड़ा**

**चीन** में निर्मित इलेक्ट्रॉनिक रंगीन झालर अब लोगों की पहली पसंद बन गये हैं। ये झालर 50 रुपये से हजारों तक के बिक रहे हैं। इस कारण मिट्टी के दीपक की खरीदारी में कमी आती जा रही है। महज रस्मअदायगी के लिए लोग मिट्टी का दीपक दर्जन दो दर्जन खरीद कर परम्परा का निर्वाह कर लेते हैं। प्राचीन काल से ही दीपावली में मिट्टी के दीपक में सरसों तेल से दीया जलाने की परम्परा रही है। यह पर्यावरण के लिए लाभदायक होती है, साथ ही बरसात में पान पर मच्छरों को भी दीया का प्रकाश मार देता है। जबकि, इलेक्ट्रॉनिक बल्ब की झिलमिलाती रोशनी से पर्यावरण को क्षति तो पहुंचती ही है, बरसाती मच्छर व कीड़ों पर इनका कोई

### मौसम खुला, व्यापारियों के खिले चेहरे

## बाजार में होगी धन की वर्षा, 500 करोड़ के व्यापार का अनुमान

**धनबाद :** धनतेरस का पर्व आज मनाया जायेगा। इस मौके पर धनबाद व आसपास के सभी व्यापारिक प्रतिष्ठानों ने ग्राहकों को लुभाने के लिए आकर्षक उपहारों की बौछार कर दी है। इनमें वाहन, सोना-चांदी, इलेक्ट्रोनिक के साथ-साथ बर्तन व सजावटी बल्ब से लेकर सबकुछ है। उम्मीद है कि इस बार धनतेरस में कुल लगभग 500 करोड़ का व्यापार होगा।

**मौसम खुलने से व्यापारियों की उम्मीद बढ़ी**

**इधर,** चार दिनों से चक्रवाती तूफान दाना के प्रभाव से व्यापारी वर्ग में निराशा देखी जा रही थी। लेकिन, सोमवार की सुबह से मौसम खुलने से व्यापारियों के चेहरे खिल उठे। ग्राहकों को अपनी ओर लुभाने के लिए खास सजावट किये गये है। कहीं छूट, तो कहीं उपहार रखे गये है। वैसे, सोमवार की शाम से ही बाजार में रौनक देखी गयी। कोई अपने सामानों की बुकिंग कराता दिखा, तो कोई एक नजर सामानों को देख कर पसंद करना चाह रहा था।



**सभी वर्ग अपने-अपने हिसाब से करेंगे खरीदारी**

**जैसी** कि उम्मीद है धनतेरस के मौके पर हर वर्ग अपने-अपने स्तर से खरीदारी करेगा। कोई मोटर कार, कोई सोना-चांदी, तो कोई मात्र चम्मच खरीद कर अपना धनतेरस मनायेगा।

**सज गयीं बर्तनों की दुकान**

**इस** मौके पर हर जगर बर्तनों की दुकानें सज गयी हैं। स्टील पीतल आदि धातुओं से बने बर्तन ग्राहकों को अपनी ओर लुभा रहे हैं। इस दौरान झरिया की बर्तन पट्टी, धनबाद के पुराना बाजार सहित जिले के सभी शहरों व फुटपाथ पर भी बर्तनों की दुकानें सजी हैं।

**दीये व मिट्टी खिलौने से पटा बाजार**

**इस** दौरान दीये-मिट्टी के खिलौने का बाजार भी खूब आकर्षक लग रहा है। मिट्टी के घरौंदे बच्चों को ललायित कर रहे हैं। इन दुकानों पर बच्चों की भीड़ लग रही है। अभिभावक दुकानदारों से तोल-मोल करते देखे जा रहे हैं।

**कुम्हारों के चेहरे बुझे**

**इस** दौरान मिट्टी के दीये बनानेवाले कारीगर काफी मायूस दिखे। उनका कहना है कि आधुनिकता की इस दौड़ में उनलोगों का व्यापार आधा भी नहीं रह गया है। चाइनिज झालर और बल्ब उनके व्यापार को बुरी तरह प्रभावित कर रहे हैं। कई कारीगरों ने 'फ्रीडम फाइटर' से बातचीत के दौरान बताया कि अब मिट्टी के दीये को लेकर वैसा उत्साह नहीं रह गया है। पहले जहां दीवाली आने के चार-पांच महीने पहले से तैयारियों शुरू हो जाती थीं। वहीं, अब मात्र एक माह पहले ही तैयारी कर माल तैयार कर रहे हैं। पहले चार से पांच लाख दीये तैयार किये जाते थे, तो अब मात्र 50 हजार दीये की भी खपत नहीं हो पा रही है।

**युवा नहीं ले रहे हैं दिलचस्पी**

**आज** के दौर में युवा इस काम में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। कई कारीगर के बच्चे तो अन्य शहरों में जाकर प्राइवेट नौकरी कर रहे हैं, जिससे भी व्यापार प्रभावित हुआ है।

**सरकारी उपेक्षा से भी हैं बेजार**

**संतोष पंडित,** मोदी पंडित, राघव पंडित, चंदन पंडित, मनोहर पंडित, संतोष पंडित, भारत पंडित, विनोद पंडित आदि ने बताया कि उनलोगों को सरकारी सहायता भी नहीं मिलती है। हाल ही में सरकार द्वारा योजना लायी गयी थी, जिसमें उन्हें बिजली से चलनेवाले चाक दिये गये थे। लेकिन, बाजार की कोई व्यवस्था नहीं है। माल को बेचने का कोई साधन नहीं है। सरकार अगर कम्पनियों के साथ तालमेल बैठा कर उनका माल बेचने की व्यवस्था करे, तो इस व्यापार में कुछ जान आये। रही सही कसर आन लाइन बाजार ने तोड़ दी है। अब ग्राहकों की छोटे-मोटे सामनों के लिए ऑन लाइन पर निर्भरता बढ़ गयी है। ग्राहक बाजारों की भीड़ से बचने के लिए ऑन लाइन सामान ले रहे हैं। ऐसे में दीये का बाजार भी अछूता नहीं है।

## स्वीप एक्टिविटी के तहत आर्ट-81 महोत्सव का आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार रविवार की संध्या रणधीर वर्मा स्टेडियम में आर्ट-81 महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रॉक बैंड शो का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त ने सभी को लोकतंत्र के महापर्व में निर्भीक होकर और बिना प्रलोभन के मतदान करने की शपथ दिलाई। सभी दर्शकों ने अपने मोबाइल फोन का फ़्लैश ऑन कर मतदान में भाग लेने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में रॉक बैंड ग्रुप स्पंदन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं धनबाद के नागरिकों ने तिरंगे रंग के बैलून उड़ाकर मतदान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। दूसरी तरफ फूड फेस्टिवल का भी आयोजन किया गया जिसमें शहर के कई प्रतिष्ठान के स्टाल लगाए गए थे। यहां भी लोगों ने विविध व्यंजनों का लुफ्त उठाया। इसके अलावा कार्यक्रम में पेंटिंग प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, सोलो संगीत एवं डांस प्रतियोगिता, ग्रुप डांस प्रतियोगिता, डिबेट प्रतियोगिता समेत विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं आयोजन के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देखकर सम्मानित भी किया गया।




### नये सीएमडी की नियुक्ति होने पर ही सिन्दरी में आवासों का लीज पर आवंटन सम्भव

**सिन्दरी (धनबाद):** एफसीआई के नये सीएमडी की नियुक्ति होने पर ही सिन्दरी में विभिन्न केटेगरी के आवासों का लीज पर आवंटन संभव हो पायेगा। एफसीआई के सीएमडी, डिपार्टमेंट आफ फर्टिलाइजर के विशेष सचिव मिस निरजा को पिछले दिनो भारत सरकार ने रिलीज कर दिया। सिंदरी खाद कारखाने का प्रशासनिक अधिकारी देवदास अधिकारी ने बताया कि संभावना है कि मासान्त तक नये सीएमडी की नियुक्ति हो जाये।

## डीआरएम ने दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को सराहा

**धनबाद :** नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चो की विशेष स्कूल पहला कदम के दिव्यांग बच्चो ने सोमवार को रोशनी के महापर्व दीपावली के लिए उपयोगी हस्तकला और दीपक, वंदनवार, और तोरण, बास्केट इत्यादि की प्रदर्शनी डीआरएम ऑफिस में लगाई गई। प्रदर्शनी का शुभारंभ डीआरएम कमल किशोर सिन्हा और उनकी धर्मपत्नी गरिमा सिन्हा के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलित कर के किया गया। कमल किशोर सिन्हा ने बच्चो के हुनर को देखते हुए कहा कि ये पहला कदम का बहुत ही सुंदर और प्रेरणादायक प्रयास है जो न केवल बच्चो की प्रतिभा को दशार्ता है बल्कि उनकी मेहनत और रचनात्मकता को भी प्रदर्शित करता है जो पहला कदम स्कूल की एक सराहनीय पहल है। सचिव अनिता अग्रवाल ने डीआरएम का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आज की प्रदर्शनी में लोग शामिल होकर बच्चे के द्वारा बनाए गए समान को खरीद कर उन्हें आत्मनिर्भर बना कर उनका आत्मविश्वास बढ़ा कर प्रोत्साहित कर रहे है। यह एक ऐसा अवसर है जब दिव्यांग बच्चो की कला को सराहा जा रहा है तथा उनके प्रति संवेदनशीलता को बढ़ाया जा रहा है। गरिमा सिन्हा ने लोगों से आव्हान किया कि समृद्धि की देवी की आराधना के लिए इस बार दिव्यांग बच्चो द्वारा निर्मित दीपक और मोमबत्ती से अपना घर रोशन करे।



## साहू धर्मशाला में महिलाओं ने राज सिन्हा का किया समर्थन

**धनबाद :** धनबाद के साहू धर्मशाला मनईटांड़ में भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा के नेतृत्व में 100 से अधिक महिलाओं ने भाजपा की सदस्यता ली। महिलाओं ने फूल माला और सॉल ओढ़ाकर राज सिन्हा का स्वागत किया। महिलाओं ने एक स्वर में नारा लगाया ₹राज सिन्हा को जितना है, महिलाओं को सशक्त बनाना है₹। महिला मोर्चा की अध्यक्ष ने कहा कि हमलोगों का मुख्य उद्देश्य राज सिन्हा को भोट देकर जिताना है, ताकि नारी सशक्तिकरण आगे बढ़े। वही भाजपा प्रत्याशी राज सिन्हा ने कहा कि महिलाएं मातृ शक्ति की स्वरूप है, इनका आशीर्वाद इसी तरह हमारे ऊपर बना रहे। बैठक की अध्यक्षता साहू जमाज महिला समिति की अध्यक्ष रीना साव नें की। मौके पर सचिव किरान साव कोषाध्यक्ष सुधा साव, ज्योति साव, अर्चि कुमारी, सीता देवी, संजना कुशवाहा, विकास साव, सुबीर साव, दिनेश दीवान, इंद्रभूषण कुशवाहा, राहुल गुप्ता, लखन साव, रंजीत साव, उमेश साव, दिनेश साव, दिपक गुप्ता, सिसम राऊत, पंकज कुमार, दिनेश दीवान, पप्पू गुप्ता, बंटी बरनवाल, सन्नी रवानी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहें।



### बाघमारा में सही विकल्प इंडिया गठबंधन के जलेश्वर महतो : मोहम्मद गुलाम अहमद मीर

**कतरास (धनबाद):** कतरास स्थित रानी बाजार मैदान में कांग्रेस पार्टी ने सोमवार जन सभा का आयोजन किया। बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के कांग्रेस प्रभारी सह जम्मू कश्मीर के विधायक मोहम्मद गुलाम अहमद मीर उपस्थित हुए। कांग्रेस के झारखंड प्रदेश प्रभारी विधायक मोहम्मद गुलाम अहमद मीर ने लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा कांग्रेस पर परिवारवाद का आरोप लगाती रही है लेकिन झारखंड में परिवारवाद का उदाहरण बन गई है बेटा बहु पत्नी भाई को टिकट देकर भाजपा ने परिवारवाद का उदाहरण दिया है बाघमारा में भी भाजपा परिवारवाद के मोह से बाहर नहीं निकल पाई गुलाम अहमद मीर ने लोगों से जलेश्वर महतो को वोट देकर जिताने की अपील की।

## उपायुक्त व एसएसपी ने किया बाघमारा क्षेत्र के वल्नरेबल बूथ का निरीक्षण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** सोमवार 28 अक्टूबर को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा एवं वरीय पुलिस अधीक्षक एच.पी. जनार्दनन ने धनबाद जिला के बाघमारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चिन्हित वल्नरेबल बूथ नंबर 37,38,39,55 एवं 56 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों में (एएमएफ) पेयजल, शौचालय, रैंप और बिजली सहित अन्य व्यवस्था कराने सहित कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान उपायुक्त ने संवेदनशील बूथों के मतदाताओं से वार्ता की और कहा कि लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करें तभी लोकतंत्र मजबूत होगा। निर्भीक होकर मतदान करें, किसी के बहकावे में न आएं। जिला प्रशासन एवं पुलिस आप सभी के साथ हैं, इसलिए बिना किसी डर, दबाव, प्रलोभन के अपने मत का प्रयोग करें। वहीं, एसएसपी ने मतदाताओं को आश्वस्त किया कि संवेदनशील बूथों का विशेष निरीक्षण किया जा रहा है ताकि मतदाताओं को भय मुक्त वातावरण में मतदान करने का अवसर मिले। मतदान केंद्रों पर तमाम सुरक्षा व्यवस्था कैसे सुनिश्चित हो, इसकी बारीकी से मुआयना किया गया। शांतिपूर्ण माहौल में विधानसभा चुनाव संपन्न कराने को लेकर पुलिस पूरी तरह से तैयार है। मतदाता पूरी तरह से भय मुक्त हो कर मतदान करें। कोई भी लोग आपको पैसे या किसी भी अन्य प्रकार का प्रलोभन देकर वोट करने को कहते हैं तो सूचना दें। ऐसे लोगो पर कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने पुलिस कर्मियों को निर्देश दिया कि संवेदनशील बूथ वाले क्षेत्रों की कानून व्यवस्था पर पैनी नजर रखें। साथ ही उपद्रवियों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई का निर्देश दिया। इसके अलावा सीएपीएफ के रुकने हेतु श्यामडीह स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ हीं बाघमारा कॉलेज में रुके सीआईएसएफ की टीम से मिलकर निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर बाघमारा के प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री लक्ष्मण यादव व एसडीपीओ बाघमारा श्री पुरुषोत्तम कुमार सिंह समेत कई अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।



# विधानसभा चुनाव 2024 के तहत 41 प्रत्याशियों ने किये नॉमिनेशन, 13 ने लिये नामांकन पत्र

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** सोमवार को विधानसभा चुनाव के लिए सिंदरी, निरसा, धनबाद, झरिया, टुंडी एवं बाघमारा विधानसभा के लिए 41 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। 38 सिंदरी विधानसभा के कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सिस्ट लेनिनिस्ट) लिबरेशन के चंद्रदेव महतो एवं ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के हीरालाल शंखवार ने निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता विनोद कुमार के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया।

39 निरसा के लिए भारतीय जनता पार्टी की अपर्णा सेनगुप्ता, निर्दलीय उम्मीदवार प्रदीप कुमार मंडल, निर्दलीय उम्मीदवार मालू रविदास, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के उमेश गोस्वामी एवं बहुजन समाज पार्टी के रंजीत बाउरी ने निवार्ची पदाधिकारी सह एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया।



40 धनबाद विधानसभा के लिए निर्दलीय उम्मीदवार अखिलेश्वर महतो उर्फ अर्जुन महतो, समता पार्टी के के.सी. सिंह राज, निर्दलीय उम्मीदवार श्रीमती लक्ष्मी देवी, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के गुड्डू कुमार धारी, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के सपन कुमार मोदक, निर्दलीय उम्मीदवार कुणाल कुमार, बहुजन समाज पार्टी की श्रीमती अनवरी खातून, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के सत्येंद्र कुमार महतो एवं निर्दलीय उम्मीदवार विशाल बाल्मीकि ने निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया।

41 झरिया विधानसभा से निर्दलीय उम्मीदवार सूरज सिंह, निर्दलीय उम्मीदवार सुनील कुमार गुप्ता, भारतीय जनता पार्टी की श्रीमती रागिनी सिंह, निर्दलीय उम्मीदवार लुकमान अंसारी, निर्दलीय उम्मीदवार इंद्रजीत सिंह, राष्ट्रीय जनक्रांति मोर्चा के मो जहिरूद्दीन खान, भारत जोड़ो पार्टी की श्रीमती शहजादी खातून एवं निर्दलीय उम्मीदवार सोनू कुमार वाल्मीकि ने निवार्ची पदाधिकारी सह एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया।

42 टुंडी विधानसभा के लिए झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के श्री मोतीलाल महतो, निर्दलीय उम्मीदवार कमल प्रसाद, समाजवादी पार्टी के अजमुल अंसारी, निर्दलीय उम्मीदवार श्रीमती कलावती देवी, निर्दलीय उम्मीदवार दीप नारायण सिंह, निर्दलीय उम्मीदवार श्रीमती कंचन देवी, निर्दलीय उम्मीदवार पप्पू कुमार निषाद, निर्दलीय उम्मीदवार महेश चंद्र दास, निर्दलीय उम्मीदवार मोतीलाल किस्कू, निर्दलीय उम्मीदवार देवीलाल किस्कू तथा निर्दलीय उम्मीदवार प्रियतोष कुमार पाठक ने निवार्ची पदाधिकारी सह एलआरडीसी दिलीप कुमार महतो के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। 43 बाघमारा विधानसभा के लिए भारतीय जनता पार्टी के शत्रुघ्न महतो, इंडियन नेशनल कांग्रेस के जलेश्वर महतो, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के दीपक कुमार रवानी, समाजवादी पार्टी के सूरज महतो तथा निर्दलीय उम्मीदवार रोहित यादव एवं विशाल वाल्मीकि ने निवार्ची पदाधिकारी सह निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं विधानसभा चुनाव 2024 लिए सोमवार को 13 व्यक्तियों ने नामांकन पत्र खरीदे। जिसमें 38 सिंदरी के लिए एक, 39 निरसा के लिए 2, 40 धनबाद के लिए 5, 42 टुंडी के लिए 4 एवं 43 बाघमारा विधानसभा के लिए एक व्यक्ति ने नामांकन पत्र खरीदा।



### रागिनी सिंह ने किया झरिया विधानसभा के लिए नामांकन

**धनबाद :** झरिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह ने सोमवार को सैकड़ों समर्थकों के साथ धनबाद समाहरणालय पहुंचकर नामांकन किया। नॉमिनेशन करने के बाद उन्होंने कार्यालय परिसर से बाहर मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जनता और कार्यकर्ताओं के बीच जो उत्साह दिख रहा है उससे यह स्पष्ट है कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने से कोई नहीं रोक सकता है। चुनाव में मुद्दे को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि चुनाव में मुद्दे ही मुद्दे हैं। उन्होंने कहा कि इस भ्रष्ट सरकार में विकास का कोई काम नहीं हुआ है, इस कारण जनता मूड बना चुकी और कमर कस चुकी है की इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए।

## सम्पादकीय.....

# घटने लगी कड़वाहट

**भारत** और चीन के बीच एलएसी पर 2020 से पहले की स्थिति बहाल होने का समझौता हुआ है। इस सहमति से दोनों देशों के सम्बन्ध सामान्य बनाने की दिशा में कदम आगे बढ़े हैं। संदर्भ को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और शी चिनफिंग की बैठक पर भी दुनिया की नजर रही। भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चले आ रहे गतिरोध का टूटना न केवल द्विपक्षीय सम्बन्धों के लिहाज से बड़ी खबर है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय सम्बन्धों के वर्तमान समीकरणों के मद्देनजर भी एक गम्भीर घटना है। यह बताती है कि सही दृष्टि के साथ और समुचित ढंग से प्रयत्न किया जाये, तो बड़े से बड़ा विवाद भी बातचीत के माध्यम से सुलझाया जा सकता है। इस समझौते में भारत के लिए संतोष की बात यह है कि एलएसी पर फिर से 2020 के पहले जैसी स्थिति बन गयी। यही वह सबसे बड़ा मुद्दा था, जहां बातचीत अटक जाती थी। विवाद से जुड़े कई बिन्दुओं पर सहमति बन चुकी थी। शेष संदर्भों पर भी बातचीत चल रही थी। चीन का कहना था कि पूर्ण सहमति आगे-पीछे बनती रहेगी, तब तक हमें द्विपक्षीय सम्बन्धों को सामान्य बनाने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। लेकिन, भारत का स्पष्ट रुख था कि जब तक एलएसी पर 2020 से पहले जैसी स्थिति नहीं बनती, तब तक दोनों देशों के सम्बन्ध सामान्य हो ही नहीं सकते। बहुत स्पष्ट है कि इस सहमति ने सम्बन्धों को सामान्य बनानेवाले प्रयासों के लिए जमीन तैयार कर दी है। हालांकि, अभी इस सहमति को धरातल पर उतारने का काम शेष है। यह काम हो जाने के बाद भी सम्बन्धों में विश्वास बहाल करने के प्रयासों पर ध्यान देना होगा। जिस तरह के हालात में गलवान घाटी में दोनों पक्षों में हिंसक झड़प हुई, वैसी स्थिति फिर नहीं बने, इसके लिए दोनों तरफ से कई स्तरों पर कदम उठाने होंगे। यह सहमति ऐसे समय बनी, जब रूस में ब्रिक्स देशों की शिखर बैठक हो रही थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बैठक के सिलसिले में रूस में थे। वहां चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ द्विपक्षीय बैठक की राह में जो सबसे बड़ा रोड़ा था, वह दूर हो चुका है। ऐसे में अब देखनेवाली बात होगी कि दोनों नेताओं के बीच की बैठक में किस तरह की सहमति बनती है। भारत और चीन के बीच इस नयी बनी सहमति का ब्रिक्स शिखर बैठक के वातावरण और उसके अजेंडे पर किस तरह का सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, इस पर भी प्रेक्षकों की नजरें लगी हैं। जैसा कि स्वयं प्रधानमंत्री मोदी ने दो दिन पहले स्पष्ट किया कि ब्रिक्स गैर-पश्चिमी देशों का मंच भले हो, यह पश्चिम विरोधी मंच नहीं है। यह किसी के खिलाफ नहीं है। वैसे भी भारत पहले से ही राष्ट्रीय हितों पर आधारित स्वतंत्र और संतुलित नीति का अनुसरण करता रहा है। ऐसे में यदि भारत और चीन के द्विपक्षीय सम्बन्धों में कड़वाहट कम होती है, तो यह किसी भी अन्य देश की चिन्ता का कारण नहीं होना चाहिए। यह स्थिति सराहनीय तो है ही, स्वागत योग्य भी है।

## किसने क्या कहा



वड़ोदरा में सी-295 का कारखाना नये भारत की नयी कार्य संस्कृति को दर्शाता है

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



देश की प्रगति के लिए स्वर्णिम काल सिद्ध होंगे आगामी 25 साल

**धर्मेन्द्र प्रधान**
केन्द्रीय शिक्षा मंत्री

# अमृत तुल्य औषधीय ज्ञानप्रदान करनेवाले धन्वंतरि

विशेष — अशोक 'प्रवृद्ध'

**पौराणिक** वर्णनों के अनुसार भव्य एवं दिव्य रूप वाले भगवान धन्वंतरि को पहली बार देख कर देवता और दानव दोनों ही आश्चर्यचकित हुए थे। धन्वंतरि के पारम्परिक काल्पनिक चित्रणों में उनके लम्बे हाथ, वे कानों में मगरमच्छ जैसी आकृति वाले कुंडल, गले में अनेक प्रकार के रत्नाभूषणों एवं विभिन्न जड़ी-बूटियों से गुंठित वनमाला तथा शरीर पर पीताम्बर धारण करने वाले चिर युवा प्रतीत होते हैं। दीपावली से दो दिन पूर्व अर्थात कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी को मनाया जानेवाला अत्यन्त लोकप्रिय त्योहार धनतेरस धन-धान्य ही नहीं, वरन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जगत की भी विरासत का प्रतीक है। धन्वंतरि वैद्य को आयुर्वेद का जन्मदाता माना जाता है। उन्होंने विश्वभर की वनस्पतियों पर अध्ययन कर उसके अच्छे और बुरे प्रभाव गुण को प्रकट किया।

**मान्यतानुसार** आयुर्वेद का प्रारंभिक ज्ञान अथर्ववेद से प्राप्त हुआ है। आयुर्वेद को अथर्ववेद का उपवेद ही माना जाता है। लेकिन इस ज्ञान को अनुसंधान व शोध करके विस्तार करने का श्रेय ऋषि धन्वंतरि (धन्वन्तरि) को प्राप्त है। उन्होंने ही आयुर्वेद में रोगों की पहचान और उनके निवारण हेतु प्रयुक्त की जाने वाली औषधियों के ज्ञान से इस संसार को परिचित कराया है। धन्वंतरि के अनुसार 100 प्रकार की मृत्यु होती है, जिनमें सिर्फ एक ही काल मृत्यु है, शेष अकाल मृत्यु रोकने के प्रयास ही आयुर्वेद निदान और चिकित्सा हैं। आयु के न्यूनाधिक्य की एक-एक माप धन्वंतरि ने बताई है। इसलिए उन्हें प्राचीन काल से ही भारत में ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण संसार में वेद और आयुर्वेद के ज्ञाता के रूप में जाना जाता है। धन्वंतरि ऋषि के द्वारा विभिन्न रोगों के लिए अनेक रसायन व औषधि अपनी प्रयोगशाला में तैयार किए गए थे। ऋषि के द्वारा अपने जीवन काल में बनाए गए नियम के अनुसार दीपावली से दो दिन पूर्व प्रतिवर्ष रसायनों को मृदा के नवनिर्मित पात्रों अर्थात नए बने मिट्टी के बर्तनों में रखा जाता था, ताकि वे एक ही बर्तन में रहते हुए सड़ने की स्थिति में न पहुंच जाएं। नियम के अनुसार ऋषि द्वारा प्रतिवर्ष नव बर्तन कुंभकार से खरीद कर मंगाए जाते थे, और रसायनों को नए बर्तनों में रखा जाता था। जिससे कुंभकार समाज के लोगों का आर्थिक संवर्द्धन भी होता था। इसीलिए रसायनों, दवाइयों, तथा औषधियों को मिट्टी के बर्तनों में सुरक्षित और संरक्षित रखा जाता था। इस तरह प्रतिवर्ष नव बर्तन क्रय कर औषधियों को संरक्षित रखने के लिए नव बर्तन खरीदने की एक प्रथा बन गई, जो कालांतर मे अपभ्रंश होकर वर्तमान स्वरुप में धनतेरस कही जाने लगी है ?। अब रसायनों को बदलने के लिए नहीं बल्कि घर में धन को आमंत्रित करने उद्देश्य से बर्तन खरीदे जाते हैं। मान्यतानुसार ऐसा नहीं करने पर लक्ष्मी नाराज हो जाएगी, और पूरे वर्ष लक्ष्मी का दर्शन नहीं होगा।आयुर्वेद के क्षेत्र में कार्य करके भारत की यश पताका को दूर-दूर तक फहराने में अपना अप्रतिम योगदान देने वाले ऋषि धन्वंतरि का अवतरण इस धरती पर अवतरण कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को हुआ। इसलिए इस तिथि को संसार के लोगों को स्वस्थ बनाए रखने में अपनी तपस्या से महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करने वाले ऋषि धन्वंतरि का जन्म दिवस मनाया जाता है। और इसे धन्वंतरि जयंती के नाम से जाना जाता है। वर्तमान में यह धनतेरस कहा जाता है। इस दिन आयुवेर्दाचार्य धनवंतरि ऋषि की प्रथा को नमन और उन्हें श्रद्धापूर्वक स्मरण किया जाता है। भारत सरकार के द्वारा आयुर्वेद के जनक ऋषि धन्वंतरि को सम्मान देने के लिए उनकी जन्म तिथि धनतेरस को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिए जाने का बाद इस दिवस की राष्ट्रीय महत और भी बढ़ गई है। पौराणिक मान्यतानुसार आयुर्वेद की ज्ञान परंपरा को समृद्ध व गौरवान्वित करने वाले धन्वंतरि दिवोदास, सुश्रुत जैसे आदि शल्य चिकित्सकों के गुरु थे। महाभारत काल के पश्चात इनका जन्म हुआ था।इस पर्व के संबंध में अनेक पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। कार्तिक माह (पूर्णिमान्त) की कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि के दिन ही समुद्र मंथन के समय भगवान ऋषि धन्वन्तरि हाथों में अमृत से भरे कलश लिए हुए प्रकट हुए थे। धन्वंतरि के जन्म के सम्बन्ध में भी अनेक कथाएं प्रचलित हैं। श्रीमद्भागवत पुराण, महाभारत, विष्णु पुराण, अग्नि पुराण आदि पुराणों में अंकित कथाओं के अनुसार धन्वंतरि की उत्पत्ति समुद्र मंथन से हुई थी। वे समुद्र में से अमृत का कलश लेकर निकले थे, जिसके लिए देवों और असुरों में संग्राम हुआ था। ब्रह्म पुराण और विष्णु पुराण में अंकित कथा के अनुसार एक धन्व काशी नगरी के संस्थापक काश के पुत्र थे। काशी के राजवंश में धन्व नाम के एक राजा ने उपासना करके अज्ज देव को प्रसन्न किया और उन्हें वरदान स्वरूप धन्वंतरि नामक पुत्र मिला। एक अन्य कथा के अनुसार एक बार जब गालव ऋषि प्यास से व्याकुल होकर वन में इधर-उधर भटक रहे थे, तो कहीं से घड़े में पानी लेकर जा रही वीरभद्रा नामक एक कन्या ने उनकी प्यास बुझायी। इससे प्रसन्न होकर गालव ऋषि ने आशीर्वाद दिया कि तुम योग्य पुत्र की मां बनोगी। लेकिन जब वीरभद्रा ने कहा कि वह तो एक वेश्या है, तो ऋषि उसे लेकर आश्रम गए और उन्होंने वहां कुश की पुष्पाकृति आदि बनाकर उसके गोद में रख दी और वेद मंत्रों से अभिमंत्रित कर प्रतिष्ठित कर दी, वही धन्वंतरि कहलाए।



# दरकने लगी हैं रिश्तों की दीवारें

गौरतलब — नरेन्द्र भारती

**रिश्तों** पर जमी नफरत की इस बर्फ को पिघलाना होगा। खूनी रिश्तों को अटूट बनाना होगा। एक उदारवादी दृष्टिकोण अपनाना चाहिए, ताकि समाज में आ रहे इस तरह के संकट से मुक्ति मिल सके और खूनी रिश्तों में मिठास घुल सके। बढ़तीं महत्त्वाकांक्षाएं भी रिश्तों के विघटन का कारक बन रही हैं। सम्पत्ति के कारण आज न जाने कितने परिवार खत्म हो गये और कितने ही सलाखों के पीछे हैं।

**वर्तमान** समाज में खूनी रिश्तों में इतनी नफरत बढ रही है कि खूनी रिश्ते ही एक दूसरे का खून बहा रहे है रिश्तों में आ रही कडवाहट एक त्रासदी बन रही है आज जर ,जोरू ,जमीन के कारण रिश्तों का कत्लेआम हो रहा है ,जायदाद के लिए बेटे मॉ-बाप को मौत के घाट उतार रहे हैं। सहनशीलता न होने के कारण आज ऐसी वारदातें हो रही हैं कि आत्मा सिहर उठती है भाई-भाई एक दूसरे की हत्या कर रहे हैं। आज रिश्तों की परिभाषा बदलती जा रही है रिश्तों में पाश्विकता आ गई है आज भेड बकरियों की तरह एक दूसरे का खून बहाया जा रहा है यह बहुत ही लज्जाजनक है कि बेटे मां-बाप के खून के प्यासे हो रहे है। रिश्तों की डोर ढीली पडती जा रही है आज का इन्सान माया के कारण इतना अंधा हो गया है कि रिश्तों की अहमियत भूलता जा रहा है अपनों के खून से ही अपने हाथ रंग रहा है।देश में ऐसी वारदातें हर रोज घटित हो रही है। प्रतिदिन समाचार पत्रों में ऐसी घटनाएं सुर्खियां बनती है जिन मां-बाप ने सैकडों कष्ट झेलकर अपने बच्चों पर आंच तक न आने दी वही आज उनके दुश्मन बन गये हैं,अपना पेट काटकर जिन्हे पाला आज यमराज बन गये है बेरहमी से काट रहे हैं प्रलय की आहट है इस पर मंथन करना होगा इसके कारण ढूंढने होगें, देश में ऐसी बारदातों के आंकडों में बेतहासा वृद्वि हो रही है। आज से कुछ दशक पहले ऐसी स्थिति नहीं थी, इतिहास गवाह है कि खुन के रिश्ते इतने मजबूत होते थे कि भाई-बहन एक दूसरे की खातिर जान तक की बाजी लगा देते थे मगर आज इतिहास बदलता नजर आ रहा है, मानव अपनी सभ्यता और संस्कृति को भूलकर राक्षसों जैसा आचरण कर रहा है।आज संपति के लिए जो कुछ हो रहा है बहुत ही त्रासद है। रिश्तों में सामजस्य स्थापित करना होगा ,ताकि आने वाली पीढियां नफरत की इस आग में झुलसने से बच सके और भाईचारा बना रहे और एक नये युग का सूत्रपात हो सके।यह समाज हित में है।रिश्तों की दीवारें दरकने लगी हैं इन दीवारों को बचाना होगा क्योंकि यदि दीवार का एक भी पत्थर निकल जाए तो दीवार कभी भी धराशायी हो सकती है। रिश्तों में बिखराव बेहद घातक है छोटे-छोटे स्वार्थो के लिए खूनी रिश्तों की बलि चढाई जा रही है। रिश्तों के रूप बदलते जा रहे है ,रिश्तों में छल -कपट घर करता जा रहा है। समाज का यह विकृत चेहरा बेहद भयानक है यदि समय रहते इस पर रोक न लगाई तो आने वाला कल निश्चित रूप से घातक सिद्व होगा।

## आज का इतिहास

- इंग्लैंड तथा नीदरलैंड ने फ्रांस विरोधी संधि पर 1709 में हस्ताक्षर किये।
- फ्रांसिसी सेना ने 1794 में दक्षिण पूर्वी नीदरलैंड के वेनलो पर कब्जा किया।
- बंगाल में ब्रिटिश इंडियन एसोसिएशन की स्थापना 1851 में हुई।
- स्पेन ने अफ्रीकी देश मोरक्को के खिलाफ युद्ध की घोषणा 1859 में की।
- जेनेवा में 27 देशों की बैठक में अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसाइटी की स्थापना को 1863 में मंजूरी दी गयी थी।
- यूनान ने 1864 में नया संविधान अंगीकार किया।
- मध्य अमेरिकी देश अल सल्वाडोर में 1913 को आयी बाढ़ से हजारों लोग मारे गये।
- पूर्व राष्ट्रपति जाकिर हुसैन के प्रयासों से जामिया मिलिया इस्लामिया की स्थापना 1920 में की।
- औटोमन साम्राज्य के विघटन के बाद 1923 में तुर्की गणतंत्र बना।
- ब्रिटेन में 1924 को लेबर पार्टी की संसदीय चुनाव में हार।
- न्युयार्क में काला मंगलवार। न्यूयार्क स्टॉक एक्सचेंज में भारी गिरावट के साथ 1930 के वैश्विक आर्थिक मंदी की शुरूआत 1929 में हो गयी।
- नाजियों ने 1942 में बेलारूस के पिनस्क में 16 हजार यहूदियों की हत्या की।
- विश्व में 1945 को पहला बॉल पोइंट पेन बाजार में आया।
- बेल्जियम, लक्जमबर्ग तथा नीदरलैंड ने 1947 में बेनेलक्स संघ बनाया।
- अमेरिका ने 1958 को नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- अफ्रीकी देश अल्जीरिया में 1990 को आये भूकंप से 30 लोग मारे गये।
- न्यूयार्क में अमेरिकी भारतीय राष्ट्रीय संग्रहालय का शुभारंभ 1994 को हुआ।
- जनमत संग्रह में कनाडा क्यूबेक प्रान्त की जनता ने 1995 में कनाडा के साथ रहने का निर्णय लिया।
- पाकिस्तान द्वारा अंतर्राष्ट्रीय रासायनिक हथियार संधि की पुष्टि 1997 में हुई।
- उड़ीसा में 1999 को विध्वंसकारी समुद्री तूफान आया।

## सुविचार

परोपकारी अपने कष्ट को नहीं देखता, क्योंकि वह परकष्ट जनित करुणा से ओत-प्रोत होता है।

**संत तुकाराम**

अपनी पीड़ा तो पशु-पक्षी भी महसूस करते हैं, मनुष्य वह है, जो दूसरों की वेदना को अनुभव करे।

**रसनिधि**

## अंकजाल - 7713

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 21 | 17 | 24 | | 18 | 21 | 10 | 17 | |
| 18 | 5 | | 9 | | 2 | | 5 | | 22 |
| 15 | | 5 | | 8 | | 7 | | 4 | 16 |
| 15 | 2 | | 7 | 9 | 3 | | 2 | | 17 |
| 29 | | 2 | | 7 | | 9 | 2 | 3 | |
| | 8 | 5 | 6 | | 3 | | 4 | | 25 |
| 16 | | 5 | | 3 | 4 | 7 | | 8 | 23 |
| 23 | 5 | | 6 | | | | 8 | | 21 |
| 21 | | 5 | | 7 | | 3 | | 7 | 12 |
| | 10 | 18 | 18 | 28 | | 22 | 22 | 27 | |

### अंकजाल 7712 का हल

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 21 | 17 | 24 | | 18 | 21 | 10 | 17 | |
| 18 | 5 | 4 | 9 | | 2 | 7 | 5 | 8 | 22 |
| 15 | 7 | 5 | 3 | 8 | 2 | 7 | 3 | 4 | 16 |
| 15 | 2 | 6 | 7 | 9 | 3 | 7 | 2 | 5 | 17 |
| 29 | 7 | 2 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | |
| | 8 | 5 | 6 | 7 | 3 | 6 | 4 | 5 | 25 |
| 16 | 2 | 5 | 6 | 3 | 4 | 7 | 8 | 8 | 23 |
| 23 | 5 | 8 | 6 | 4 | | 6 | 8 | 7 | 21 |
| 21 | 3 | 5 | 6 | 7 | | 3 | 2 | 7 | 12 |
| | 10 | 18 | 18 | 28 | | 22 | 22 | 27 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुखी रहना है, तो ईश्वर से शिकायत न करें

**इंसानों** की एक सामान्य आदत है कि तकलीफ में वह भगवान को याद करता है और शिकायत भी करता है कि यह दिन उसे क्यूं देखने पड़ रहे हैं। अपने बुरे दिन के लिए इंसान सबसे ज्यादा भगवान को कोसता है। जब भगवान को कोसने के बाद भी समस्या से जल्दी राहत नहीं मिलती है तो सबसे ज्यादा तकलीफ होती है। इसका कारण यह है कि उसे लगता है कि जो उसकी मदद कर सकता है वही कान में रूई डालकर बैठा है। इसलिए महापुरूषों का कहना है कि दुख के समय भगवान को कोसने की बजाय उसका धन्यवाद करना चाहिए। इससे आप खुद को अंदर से मजबूत पाएंगे और समस्याओं से निकलने का रास्ता आप स्वयं ढूंढ लेंगे। भगवान किसी को परेशानी में नहीं डालते और न ही वह किसी को परेशानी से निकाल सकते हैं। भगवान भी अपने कर्तव्य से बंधे हुए हैं। भगवान सिर्फ एक जरिया हैं जो रास्ता दिखाते हैं चलना किधर है यह व्यक्ति को खुद ही तय करना होता है। भगवान श्री कृष्ण ने गीता में इस बात को खुद स्पष्ट किया है। आधुनिक युग के महान संत रामकृष्ण का नाम आपने जरूर सुना होगा। ऐसा माना जाता है कि मां काली उन्हें साक्षात दर्शन देती थी और नन्हें बालक की तरह रामकृष्ण को दुलार करती थीं।

# गैंगस्टर का समर्थन न करें राजनीतिक पार्टियां

**योगेश कुमार सोनी**

**महाराष्ट्र** अगले महीने विधानसभा चुनाव का सामना करने वाला है। उत्तर भारतीय विकास सेना के नेता सुनील शुक्ला पश्चिम बांद्रा निर्वाचन क्षेत्र से कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की तरफ से नामांकन दाखिल करना चाहते हैं। यह निर्वाचन क्षेत्र राकांपा के दिवंगत नेता बाबा सिद्दीकी का रहा है। समझ यह नहीं आता कि इस तरह की बातों से ऐसे लोग क्या साबित करना चाहते हैं। गैंगवार को लेकर देश विषम परिस्थितियों से गुजर रहा है जिसको लेकर हर कोई चाहता है कि देश में अमन-चैन बना रहे लेकिन सुनील शुक्ला जैसे लोग ऐसी बातें कर-के युवाओं के भविष्य को गलत हवा दे रहे हैं। बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद से कुछ लोग लारेंस बिश्नोई की सोशल मीडिया पर प्रशंसा कर रहे हैं और उसे कई तरह की उपाधियों से नवाजा जा रहा है। सबसे बडा दुर्भाग्य यह है कि युवा, लारेंस को अपना आदर्श मान रहे हैं। लेकिन यह लोग इतनी सी बात नहीं समझ रहे कि मौत का खेल दूर से देखने में ही मजा आता है, खुद खेलने में जिंदगी में आग लग जाती है। भारतीय राजनीति में कड़े नियम-कानून-कायदे न होने की वजह से इस तरह की तमाम तरह की आजादी है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि अपराधी भी चुनाव लड़ सकता है और आश्चर्य की बात वह आरोपी भी है और जेल में हैं तब भी चुनाव लड़ सकता है। इससे एक बात तो तय है कि जिस तरह हमारे यहां छूट है उसी का ऐसे लोग बेजा फायदा उठाते हैं। सवाल यह है कि आखिर ऐसे प्रावधान में बदलाव क्यों नहीं हो सकता। क्या इस तरह की संचालन प्रक्रिया आने वाले मौजूदा व आने वाले समय में युवाओं को नकारात्मकता की ओर नहीं ले जाएगी? चुनाव लड़ना देश की सेवा के लिए प्रेरित करने के लिए होना चाहिए या शक्ति प्रदर्शन दिखाने के लिए ? आजकल लोगों की सोच तो शक्ति प्रदर्शन दिखाने की ओर इशारा कर रही है।

हमें ऐसी सोच पर नियंत्रण पाना होगा, क्योंकि ऐसे लोगों के लिए चुनाव लड़ने का मतलब केवल सत्ता पर काबिज होना ही होता है। यदि लारेंस बिश्नोई जैसे गैंगस्टर चुनाव लड़ते हैं तो इस बात का क्या अर्थ निकाला जाए। मतलब जिससे देश असुरक्षित महसूस कर रहा है और सुनील जैसे लोग उनके हाथ में जनता की सुरक्षा देने चाहते हैं। जो पार्टी या नेता गलत व सही के बीच फर्क नहीं समझ सकती उसका पंजीकरण रद्द होना चाहिए। जब उनके मंसूबे इस तरह के हैं तो उनसे सकारात्मक राष्ट्र के निर्माण की उम्मीद करना बेमानी होगा। गुणवत्ता पर बात हो, मुद्दों पर बात हो, तथ्यात्मक घटनाओं पर बात हो, हमें इस तरह की पार्टी व नेता की जरूरत है। हम पहले से ही बाहरी दुश्मनों से परेशान हैं और यदि अपने देश की आंतरिक व्यवस्था भी आतंकवाद से घिर जाएगी तो चुनौती बड़ी हो सकती है। जम्मू- कश्मीर में बीते मात्र 15 दिनों में 19 लोगों की जाने जा चुकी है। इस समय केन्द्र व राज्य सरकार का सारा ध्यान आतंकवाद पर केन्द्रित है। इसके अलावा दिल्ली में गैंगस्टर के नाम से कुछ लोग दहशत फैला रहे हैं। बहुत सारे तो ऐसे लोग हैं जिनका गैंगस्टर से किसी भी प्रकार का कोई संबंध नहीं है और वह उनके नाम पर उगाही तक भी कर रहे हैं। निश्चित तौर पर व्यापारी वर्ग सहमा हुआ रहता है। उदाहरण के तौर यदि दिल्ली के परिवेश की बात करें तो दिल्ली में नीरज बावनिया के नाम पर बहुत सारे लोगों ने गैंग बना लिया है और उसके नाम से ही बदमाशी करते हैं व दिल्ली के व्यापारी वर्ग से रंगदारी मांगते हैं। जबकि इस पर नीरज बवाना ने खुद यह कहा था कि मैं या मेरा कोई भी सदस्य व्यापारियों से रंगदारी नहीं लेता।

# राम मंदिर की प्रतीक्षारत अलौकिक दीपावली

गौरतलब — डॉ. रीना मालपानी

**इस** जीवम में अनेक प्रकार के कलुषित विकार विद्यमान हैं ; जैसे लोभ, मोह, काम, क्रोध, ईर्ष्या, द्वेष और द्वंद्व इत्यादि, जो हमारे मन को दूषित कर देते हैं। श्रीराम की कृपा इन सभी विकारों से हमें मुक्ति प्रदान करती है। जिन प्रभु की मात्र इच्छा से कार्य पूर्णता को प्राप्त कर लेते हैं, वे प्रभु भी मानव योनि में अपनी लीला एवं मंदिर निर्माण में धैर्य की सीख देते हैं। हे राम, हमारे हृदय मृदुल और मधुर बना दो। स्वर को विमल वाणी से युक्त कर दो। सभी प्राणियों में राम राज्य के समान निर्झर प्रेम की अविरल धारा को प्रवाहित कर दो।

**अयोध्या** नृप मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का वन गमन सदैव के लिए सबके हृदय में राम राज्य को स्थापित कर गया। राम तो हृदय में विराजमान उच्चारण है। राम तो अनंत भावों की अभिव्यक्ति है। राम तो धर्म के मर्म के प्रदाता है। सर्वगुण के आलय प्रभु श्रीराम का हम विनय पूर्वक वंदन करते है। राम का अयोध्या आगमन और राम मंदिर में श्रीराम का आगमन पुनः उसी भावना से हृदय को उद्वेलित कर देता है। प्रसन्नता चहुं ओर विद्यमान है। प्रत्येक को विश्वास है कि रघुकुल नन्दन राजा राम है, जो प्रत्येक परिस्थिति में हमारी रक्षा करेंगे। वे इस प्रकाशपर्व में हमारे अज्ञान रूपी तिमिर का अपनी कृपा के आलोक से विनाश कर हमारे जीवन को आलौकित कर देंगे।

**करे कर्मो का अनूठा दीप**
**प्रज्वलन, तम रूपी दनुज का**
**उन्मूलन।**
**महीप सीतापति का आगमन,**
**मुमुक्षु और वैभव का आह्वान।।**

राम और राम मंदिर निर्माण दोनों ही धैर्य और संघर्ष की अनूठी छाप है। श्रीराम का समय तो एक ऐसा युग है जिसके समक्ष समस्त ब्रह्मांड नतमस्तक है। राम का वनवास तो एक कोमल राजकुमार की करुण कथा का रूप है। आदर्शों की स्थापना के लिए राम ने अनेकों कष्टों को शिरोधार्य किया और राम मंदिर के निर्माण में भी भक्तजनों ने अपने प्रयासों में कोई कमी परिलक्षित नहीं होने दी। मारीच का भ्रम उत्पन्न करना तो श्रीराम की लीला का अभिनय अंग था। प्रेम की उत्कृष्ट पराकाष्ठा को प्रदर्शित करने के लिए उन्होने सीता के वियोग में वन-वन व्याकुल होकर पीड़ित स्वर में सिया को पुकारा। लक्ष्मण की मूर्छित अवस्था देखकर भावों एवं संवेदनाओं से उनका हृदय आंदोलित हो गया। मानवता के सृजक महीप राम तो गुणों की खान है। मनुष्य की अंतिम यात्रा भी राम पर ही समाप्त होती है और राम नाम ही सत्य है यह बोध कराती है। राम सर्वस्व है। राम धर्म के अलौकिक देदीप्यमान सूर्य है, जिन्होने अपने वचन का पालन कर तीनों लोकों में अपनी विजय पताका फहराई।

**दीपक का मयूख प्रतीक है**
**आस ,सूक्ष्म तरणि का अनुपम**
**विश्वास ।**
**वसुंधरा का नूतन ज्योति से**
**श्रृंगार, विभावरी में आलोक का**
**प्रसार।।**

राम मंदिर में श्रीराम के विराजमान होने के पश्चात इस दीवाली की चमक ही अनूठी है। यह दीवाली तो हमें गर्व का अनुभव करा रही है, क्योंकि श्रीराम की कृपा से हम राम मंदिर के साक्षी बने। अपार रौनक, चमक-दमक चहुं ओर व्याप्त है। प्रत्येक द्वार-द्वार पर हर्ष-उल्लास, मुस्कान एवं खुशी बिखरी हुई है। राम मंदिर की प्रतीक्षारत दीवाली तो मन में प्रसन्नता के प्रसून को प्रफुल्लित कर देती है। राम नाम से हमारा अपनत्व का रिश्ता है। कितनी सुखद अनुभूति है कि राम मंदिर में राम हमारे मध्य है और अब मंदिर में विराजमान राम का कभी वनवास नहीं होगा। राम के प्रति श्रद्धा का भाव हमारे मन में संशयों को न्यून कर देता है। प्रकाश पर्व में परम्पराओं के स्वागत, संस्कृति की झलक, आकर्षक रंगोली एवं मिट्टी के दीयों से प्रकाशित दीवाली हममें आशा के अनेक बीजों का अंकुरण कर देती है।

## राशिफल

**मेष** — लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्त्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**तुला** — स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**वृष** — स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा का योग हैं।

**वृश्चिक** — लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी।

**मिथुन** — प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आयेंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य सम्पन्न होंगे।

**धनु** — जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा।

**कर्क** — व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**मकर** — प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**सिंह** — शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी।

**कुंभ** — किसी से कहा सुनी न हो, यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी।

**कन्या** — परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़ कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।

**मीन** — अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक**: नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)**: विष्णु शंकर उपाध्याय*। दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### संदिग्ध अवस्था में मिला सैफ के जवान का शव

**महुआडांड़/लातेहार :** महुआडांड़ थाना क्षेत्र के परहाटोली पंचायत के ग्राम विश्रामपुर निवासी सैफ के जवान येशुसहाय किड़ो की मौत सड़क दुर्घटना में रविवार देर रात को हो गयी। जवान फिलहाल सैफ के हेडक्वार्टर रांची में कार्यरत थे। घटना की जानकारी देते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि जवान अपनी पत्नी के पास से अपने घर विश्रामपुर आ रहा था। इस दौरान लातेहार और गुमला सीमा पर महुआडांड़ थाना क्षेत्र के कुरूंद-नवाटोली के जरागी सड़क में एक अज्ञात व्यक्ति का शव झाड़ियों में बरामद किया है। जिसकी जानकारी महुआडांड़ थाने को दी गई। तब जाकर उसकी पहचान सैफ जवान येशुसहाय किड़ो के रूप हुई। शव के पास एक टीवीएस मोटरसाइकिल (जेएच- 07-जी 9981) पड़ा हुआ मिला। वही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस संबंध में थाना प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि प्रथम दृश्यता हत्या की लग रही है, पुलिस हर पहलुओं पर गहन जांच कर रही है। बताते चले कि मृतक की पत्नी गुमला जिला के डुमरी प्रखंड के जरागी गांव में नर्स के रूप में कार्यरत है।वही मौत की खबर से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### युवक की गला रेत कर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**लातेहार :** महुआडांड़ थाना क्षेत्र के कुरो कला गांव में रविवार की रात 20 वर्षीय सचिंदर यादव की हत्या कर दी गयी। सचिंदर यादव नेतरहाट निवासी का निवासी था। इसकी सूचना नेतरहाट पंचायत के मुखिया रामबिशुन नगेसिया ने महुआडांड़ थाना प्रभारी अवनीश कुमार को दी थी। घटना की सूचना पाकर देर रात ही महुआडांड़ एसडीपीओ शिवपूजन बहेलिया और थाना प्रभारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर थाना ले आये। इसके बाद सुबह में शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेजा। जानकारी के अनुसार, युवक सचिंदर यादव नेतरहाट थाना क्षेत्र के सिरसी (करमखाड़) गांव का रहने वाला था। तीन साल से वह कुरो कला गांव में नितेंदर यादव के घर में किराये में रहकर पढ़ाई करता था। वह अपनी पढ़ाई का खर्च निकालने के लिए प्रखंड मुख्यालय गेट के सामने एक फोटो कॉपी की दुकान में काम भी करता था। मकान मलिक नितेंदर यादव ने बताया कि वह अकेले घर में रहता था।

### 3.5 किलो गांजा के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**गुमला :** डुमरी थाना क्षेत्र अंतर्गत जैरागी गांव निवासी 49 वर्षीय सतीश साहू को साढे तीन किलो अवैध गांजा के साथ शनिवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पुलिस ने रविवार की अपराह्न 3:00 बजे न्यायालय में पेश करते हुए उसे जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जैरागी निवासी सतीश साहू गांजा का अवैध कारोबार काफी लंबे समय से कर रहा है। इसके बाद उसके घर में छापेमारी कर साढे तीन किलो गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने शनिवार की शाम उसे गिरफ्तार कर लिया। वहीं रविवार को न्यायालय में पेश करते हुए उसे जेल भेज दिया। विधानसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र में अवैध कारोबार करने वालों पर पुलिस नजर बनाए हुई हैं।

### दीपावली असत्य पर सत्य की जीत का त्योहार : नितेश

**गुमला :** देवी मंडप रोड स्थित भास्कर एजुकेशनल एकेडमी में दीपावली के अवसर पर सभी कक्षाओं के छात्र एवं छात्राओं के बीच विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे स्कूली बच्चों ने विभिन्न रंगों से रंगोली बना कर दीपावली त्यौहार शांति और सुरक्षा के साथ मनाने का संदेश दिया। रंगोली में सभी सातों रंगों का समायोजन कर बच्चों ने रंगोली बनाई। कार्यक्रम में प्राचार्य नितेश रंजन भास्कर ने कहा कि रंगोली भारत की प्राचीन सांस्कृतिक परंपरा और लोक-कला है। अलग अलग प्रदेशों में रंगोली के नाम और उसकी शैली में भिन्नता है लेकिन इसके पीछे निहित भावना और संस्कृति में पर्याप्त समानता है।

# धनतेरस आज, बाजार सज-धज कर तैयार



**नीरज सिन्हा**

**लातेहार :** धनतेरस को लेकर लातेहार जिले में शहर से लेकर प्रखंड मुख्यालय सहित गांव तक तैयारी पूरी हो चुकी है। दुकानें सजधज कर तैयार है। दुकानदार अपने-अपने प्रतिष्ठानों को सजाने संवारने में जुटे गए हैं। किराना दुकानदार धनतेरस पर अत्यधिक बिकने वाला झाड़ू का स्टोर कर रहे हैं। सोना चांदी के दुकानदार भी चांदी के सिक्के का ऑर्डर दे चुके हैं। इस बार अंग्रेज जमाने के विक्टोरिया सिक्का भी सोने चांदी के दुकानदार जुटा रहे हैं। शहर के महावीर मंदिर के पास स्थित एक ज्वेलर्स दुकानदार ने बताया कि दीपावली के पूर्व धनतेरस पर चांदी के सिक्के के अलावे विभिन्न तरह का सोने का ज्वेलरी का डिमांड होता है। ग्राहकों के पसंद का ध्यान में रखते हुए इस बार सभी चीज मंगाई जा रही है। उन्होंने कहा कि एक दो सालों के अंदर धनतेरस पर विक्टोरिया सिक्के की अधिक डिमांड देखी जा रही है। 11 ग्राम विक्टोरिया



सिक्के के कीमत 1500 से 1600 रुपए है। उन्होंने कहा कि चांदी के सिक्के 10 ग्राम 11 सो रुपए कीमत है। उन्होंने कहा कि धनतेरस की तैयारी में लोग पूरी तरह से जुड़ गए हैं। बर्तन दुकानों में भी नए डिजाइन का बर्तन मंगाई गई है। घरेलु उपयोग के बर्तन आदि के व्यवसायी और किचन किंग के मालिक टिंकू गुप्ता ने बताया कि इस बार पीतल का कुकर, तांबा का फिल्टर ग्राहकों के लिए मंगाया गया है। उन्होंने कहा कि ग्राहकों को ध्यान रखते हुए स्टील का बर्तन आदि लाये गए हैं। ग्राहक अमित, नीरज,संजीत , मनीष, राहुल, सौरव, दीपक आदि ने बताया कि बर्तन की खरीदारी में अब गंभीरता बरती जा रही है। माको निवासी महिला रश्मि सिंह ने बताया कि वह पेशे से गृहणी हैं और हाल के दिनों में ससमय गाड़ी नहीं मिलने से काफी परेशानी का सामना की है। उन्होंने कार खरीदने की तैयारी में हैं। इसके लिए शोरूम में जाकर गाड़ी की कीमत और लोन प्रक्रिया को समझ चुकी हैं। कल धनतेरस है और उसी दिन गाड़ी की खरीदारी करेंगी। इधर शहर में भीड़ भाड़ को लेकर थाना चौक और बाईपास चौक पर बैरेकेटिंग लगाकर यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिस मुस्तैद नजर आ रही है। ताकी मेन बाजार में लोगो को भीड़ भाड़ का सामना ना करना पड़े।

## इरफान अंसारी पर जम कर बरसे प्रकाश कहा : मर्यादा की सारी हद पार की मंत्री ने



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** मंत्री इरफान अंसारी के द्वारा जामताड़ा के भाजपा उम्मीदवार सीता सोरेन पर दिए गए विवादित बयान पर लातेहार भाजपा उम्मीदवार प्रकाश राम ने कहा कि मंत्री इरफान अंसारी ने सभी का हद को पार कर दिया है। उन्होने जिस तरह के भाषा का प्रयोग किया है उसे लेकर झारखंड की महिलाओं में आक्रोश है । साथ ही उन्होंने राज्य सरकार और स्थानीय मंत्री पर भी निशाना साधते हुए कहा कि एक तरफ महागठबंधन के नेताओं के द्वारा महिलाओं का अपमान किया जाता है और दूसरी ओर उन्हें मईया सम्मान का लालच दिया जाता है। कहा कि रघुवर सरकार के कार्यकाल में महिलाओं के कल्याण और उनकी सम्मान के लिए कई योजनाएं लाई गई थी। यदि भाजपा ने महिलाओं को छलने का कार्य किया है तो पिछले पांच साल कहां थे। जब चुनाव सर पर आ गया तो उन्हें महिलाओं की याद आयी।

## बेरोजगार मोर्चा ने मनायी भगिनी निवेदिता की 156वीं जयंती



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में भगिनी निवेदिता की 156 वी जयंती मनाई गई कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम की संचालन संजय कुमार ने किया सर्वप्रथम भगिनी निवेदिता एवं स्वामी विवेकानंद के तस्वीर पर फूल माला चढ़कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि निवेदिता का मूल नाम मार्गरेट एलिजाबेथ नोबेल था इनका जन्म 28 अक्टूबर 1867 ई. को आयरलैंड में हुआ था वह एक अंग्रेज आयरिस सामाजिक कार्यकर्ता लेखक शिक्षक एवं स्वामी विवेकानंद की शिष्य थी भारत में आज जिन विदेशियों पर गर्व किया जाता है उसमें भगिनी निवेदिता का नाम पहली पंक्ति में आता है उन्होंने केवल भारत की आजादी की लड़ाई लड़ने वाले देशभक्ति की खुलेआम मदद की बल्कि महिला शिक्षा के क्षेत्र में जो योगदान दिया भगिनी निवेदिता जन्म से भारतीय ना होते हुए भी उन्होंने केवल भारत को अपनी मातृभूमि समझा बल्कि उनका सारा जीवन भारत की सेवा में समर्पित कर दिया भारतीयों का भविष्य भारतीय बच्चों के हाथ में ही रह सकता है 1905 में भारत के लिए प्रतीक एवं ध्वज की कल्पना करने वाली और उसे जाकर देने वाली भगिनी निवेदिता ही थी इस अवसर पर दीपक कुमार सत्यम कुमार विक्रम कुमार जयपाल मोची श्याम पाठक प्रदुमन तिवारी जसवंत कुमार संतोष विश्वकर्मा अनिल रजक अरविंद कुमार प्रवीण कुमार ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया प्रदीप राम धन्यवाद व्यापित किया।

## बालूमाथ से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद, पुलिस ने दुकान की सील



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बालूमाथ/लातेहार :** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि बारा गांव में एक दुकान में अवैध रूप से शराब की बिक्री की जाती है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बालूमाथ एसडीपीओ विनोद रवानी के नेतृत्व में बालूमाथ पुलिस ने छापामारी कर 122 बोतल बीयर, 78 बोतल विभिन्न ब्रांड के अवैध शराब और 27 बोतल अन्य प्रकार के नशे की लिक्विड बरामद की गई । पुलिस ने बरामद शराब को जब्त कर लिया है। साथ ही दुकान को भी सील कर दिया है। हालांकि पुलिस को देखकर दुकान संचालक वहां से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, पुलिस को यह भी सूचना मिली थी कि वहां भारी मात्रा में अवैध शराब भी स्टॉक किया गया है। छापेमारी दल में बालूमाथ सर्किल पुलिस इंस्पेक्टर परमानन्द बिरुआ, थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार सिंह समेत कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

## पुलिस और सीआरपीएफ का सघन सर्च अभियान, हथियार बरामद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पलामू :** विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर माओवादी गतिविधियों को रोकने के लिए पुलिस और सीआरपीएफ का सघन सर्च अभियान तेज है इसी क्रम में हथियार और गोली बरामद की गई। एसपी के निर्देश पर पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने जिले केहुसैनाबाद थाना क्षेत्र में 27 अक्टूबर को एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया। सीआरपीएफ की 93वीं बटालियन और जिला बल के दल ने हुसैनाबाद थाना के महुदंड और आसपास के मतदान केंद्रों पर सघन तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान उन्हें गुप्त सूचना मिली कि नासो जमालपुर गांव के उत्तर दिशा में जरदेवा पहाड़ के पास माओवादी जोनल कमांडर नितेश यादव, संजय यादव उर्फ गोदराम और ठेगन मियां ने चुनाव को प्रभावित करने के इरादे से आम जनता में भय फैलाने के लिए हथियारों का भंडार जमीन में गाड़ रखा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए सर्च अभियान चलाया गया। तलाशी के दौरान जंगल में जमीन के अंदर से एक दो नाली बंदूक और बारह बोर के दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इस बरामदगी के बाद हुसैनाबाद थाना में मामला संख्या 225/24, दिनांक 27/10/2024 को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया। जिले केपुलिस अधीक्षक के द्वारा सोमवार को इस संबंध में जानकारी दी गई। छापामारी दल में सीआरपीएफ की 93वीं बटालियन के कंपनी कमांडर, पु.नि. कुन्दन सिंह, पु.नि. चंदन सिंह चौहान, पु.अ.नि. रविन्द्र कुमार शर्मा, हुसैनाबाद थाना प्रभारी पु.अ.नि. संजय कुमार यादव, पु.अ.नि. अनंत कुमार सिंह,पु.अ.नि. रमण यादव, महुदंड ओ.पी. प्रभारी स.अ.नि. कमलेश प्रताप सिन्हा एवं सैट-34 के जवान शामिल थे।

## राष्ट्र के लोकतंत्र की शक्ति का आधार जनता है : अविनाश यादव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड़/लातेहार :** संत जेवियर्स कॉलेज महुआडांड़ के लेक्चर थिएटर हॉल में सोमवार को भूगोल विभाग द्वारा राजनीतिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के तौर पर असिस्टेंट प्रोफेसर अविनाश यादव ने कहा कि लोकतंत्र में जनता बहुत ही महत्वपूर्ण होती है यानि जनता जब तक लोकतांत्रिक गतिविधियों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित नहीं करेगी तो लोकतंत्र कभी भी पूर्ण नहीं हो सकता।अपने भाषण के दौरान उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का सबसे बेहतर, उत्कृष्ट और सर्वोत्तम तरीका है अपने चयन के अधिकार को आधार बनाकर अपने विवेक से योग्य, कुशल, कर्मठ, शिक्षित, और प्रभावी उम्मीदवार को अपना मतदान करना। उन्होंने बेन्थम के एक व्यक्ति, एक वोट, एक मूल्य वाक्यांश के व्यापक भावार्थ को विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि मतदान करना हमारा राजनीतिक अधिकार व कर्तव्य है जिसका प्रयोग करके हम समाज और राष्ट्र का दिशा का और दशा तय करते हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने बहुत सारी जानकारी हासिल की तथा इस बार के चुनाव में अपना मतदान का प्रयोग करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कॉलेज के सभी विद्यार्थीगण और प्रोफेसर्स शामिल रहे।

## जागरूकता रैली के माध्यम से छात्राओं ने किया शत-प्रतिशत मतदान का आह्वान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड़/लातेहार :** आगामी विधानसभा चुनाव 2024 में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिले में जोर-शोर से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निदेर्शानुसार सोमवार को महुआडांड संत तेरैसा बालिका उच्च विद्यालय एंव प्रोजेक्ट सम्रुदी देवी की छात्राओं ने एक जागरूकता रैली निकाली। रैली का उद्देश्य लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करना और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी भागीदारी को सुनिश्चित करना था। रैली के दौरान छात्राओं ने स्लोगन और बैनर के माध्यम से मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। रैली में महुआडांड के प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं शिक्षा विभाग के कई कर्मी भी शामिल थे, जिन्होंने इस प्रयास की सराहना की और इसे लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर बीईओ ने कहा कि जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को यह समझाना है कि हर वोट महत्वपूर्ण है और सही प्रतिनिधि का चुनाव करना उनकी जिम्मेदारी है।

## लातेहार और मनिका विस से 13-13 प्रत्याशी मैदान में

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार :** लातेहार विधानसभा क्षेत्र से एक उम्मीदवार के नामांकन रद्द हो गया हैं। सोमवार को नामांकन पत्रों की जांच के बाद निवार्ची पदाधिकारी सह लातेहार एसडीओ अजय कुमार रजक ने हम प्रत्याशी उपेंद्र भुईयां का नामांकन रद्द होने की जानकारी दी।साथ ही भाजपा के प्रकाश राम, झामुमो के बैद्यनाथ राम, जेकेएलएम के संतोष पासवान समेत 13 उम्मीदवारों के नामांकन वैध पाए गए हैं। वहीं मनिका विधानसभा के लिए भी आज नामांकन पत्रों की जांच के बाद सभी 13 उम्मीदवारों का नामांकन वैद्य पाया गया। स्कुटनी के बाद लातेहार विधान सभा के लिए प्रकाश राम, ब्रह्मदेव राम,बैद्यनाथ राम, प्रकाश कुमार रवि,शिवनाथ रजक, संतोष कुमार पासवान, राकेश पासवान, ललसु राम, श्रवण पासवान, रवि कुमार पासवान, संजय कुमार रवि, धीरेन्द्र कुमार, वीरेन्द्र कुमार चुनाव मैदान में अपनी दमखम को आजमायेंगे।



## सुआ बिनुआ रेलवे अंडरपास निर्माण कर रेल हादसों को रोकना प्राथमिकता : रुचिर तिवारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव विधायक प्रत्याशी ने कचहरी में अधिवक्ताओं, ताईदों व मुंशीयों से समर्थन मांगा जिसके बाद सदर अंचल के ग्राम- चियांकी, सुआ, कौड़िया, बिनहवा टोला, बुढ़वा पीपल शाहित दर्जनों गांव में आम जनता से विकास की नई गाथा लिखने के लिए वोट मांगा।श्री तिवारी ने लोगों से अपील किया कि एक बार जनता उन्हें सेवा करने का मौका दें। विधायक का का क्या कार्य और कर्तव्य होता है यह वो करके दिखेंगे। जनसंपर्क के दरमियान बिनुआ टोला में रेल फाटक के पास रेल हादसे का शिकार हुए व्यक्ति के परिजनों से मुलाकात भी किया और कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद बिनुआ टोला रेल फाटक प्रथम प्राथमिकता होगी। पहले भी इसके आंदोलन किया है और आगे भी करेंगे? जनसंपर्क अभियान के दरमियान सदर उप प्रमुख शीतल सिंह चरणों ने विधायक उम्मीदवार रुचिर तिवारी का जोरदार स्वागत किया एवं कहा कि भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने, बालू का मुद्दा उठाने एवं बिनुआ टोला में रेल फाटक सहित कई आंदोलनों की अगवाई करने वाले युवा प्रत्याशी रुचिर तिवारी को जनता एक बार मौका दें।

# 02 लाख से अधिक की ब्राउन शुगर के साथ महिला सहित 02 आरोपी गिरफ्तार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर थाना सेमा टोला अन्तर्गत अवैध मादक पदार्थ का धंधा करने वाले गिरोह को पुलिस धर दबोचा है पलामू पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन के निदेर्शानुसार एक टीम गठन किया गया। जिसमें शहर प्रभारी देवव्रत पोद्दार, अंचलाधिकारी अमरदीप सिंह बलहोत्रा, सदर मेदिनीनगर के नेतृत्व में चैनपुर सेमा टोला पहुंच कर अपना जांच पड़ताल करने के दौरान देखा की एक संदिग्ध व्यक्ति अवैध रूप से मादक पदार्थ की खरीद बिक्री करने वाले हैं। वही महिला पुलिस को देखकर महिला सकपका गयी। तथा भागने के फिराक में थे। यह देख साथ मौजुद पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के सहयोग से घेराबंदी करते हुए व्यक्ति एवं महिला को पकड़ा गया। वहीं, नाम पता पुछते हुए उससे भागने का कारण पुछा तो दोनों के द्वारा अपना नाम संदीप कुमार गौड़ उम्र 42 वर्ष पिता स्व० छेदी मिस्त्री, पता सोनपुरवा मोहल्ला, थाना जिला गढ़वा एवं महिला द्वारा अपना नाम दुर्गा देवी उम्र 40 वर्ष पति टिंकू मिस्त्री, पता चियांकी टोला विजय नगर, थाना सदर, जिला पलामू बताये हुए भागने के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिये। पकड़ाये व्यक्ति संदीप पास मादक पदार्थ पाये जाने की सम्भावना देखते हुए। अमरदीप सिंह बलहोत्रा, अंचलाधिकारी महोदय, सदर मेदिनीनगर के द्वारा विधिवत तलाशी ली गयी। तलाशी लेने के क्रम में पकड़ाये व्यक्ति संदीप के पहने हुए लोवर के बांये पॉकेट से दो छोटे छोटे पारदर्शी प्लास्टिक के पॉकेट में बंद शीलबंद ब्राउन सुगर जैसा मादक पदार्थ एवं पहने हुए टी सर्ट के पॉकेट से एम०आई० कम्पनी का रियलमी सी 11 एक मोबाईल बरामद हुआ। बरामद ब्राउन सुगर कुल वजन मापने पर करीब 11.40 ग्राम पाया गया। जिसका बाजार का किमत 228000/- दो लाख अठाईस हजार रूपया है। जिसको विधिवत जप्त किया गया तथा उपरोक्त व्यक्ति एवं महिला को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति के द्वारा बताया गया कि मादक पदार्थ ब्राउन सुगर बिरेन्द्र पिता नामालुम पता सासाराम से खरीद कर चियांकी के दुर्गा देवी, मोनू कुरैशी एवं मोनू कुरैशी के पत्नी पता कसाई मुहल्ला, थाना शहर, जिला पलामू को बेचते है। संदीप दिनांक 24.10.2024 को मादक पदार्थ ब्राउन सुगर बिरेन्द्र से खरीद कर दिनांक 27.10.2024 को चियांकी के दुर्गा देवी एवं मोनू कुरैशी एवं उनकी पत्नी को बेचने के लिये सेमा टोला चियांकी बेचने आये थे तभी पुलिस के द्वारा मादक पदार्थ ब्राउन सुगर के साथ पकड़ लिया गया। अन्य अभियुक्त का तलाश जारी है। छापेमारी अभियान में शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार, एसआई सोनू चौधरी, सुबोध कुमार, टिओपी वन प्रभारी इंद्रदेव पासवान, टिओपी 2 प्रभारी अनिल सिंह टाइगर मोबाइल के जवान राकेश कुमार सिंह, सूर्यनाथ सिंह, रोहित कुमार, संतन कुमार मेहता, अमित कुमार, मुकेश कुमार सिंह, आरक्षी नंदलाल पटेल, रामनारायण विश्वकर्मा, तारा कुमारी, सहायक पुलिस के जवान जयंत दुबे शामिल थे।

# धनतेरस आज, बाजार रहेगा गुलजार

## धनतेरस के दिन झाड़ू की खरीददारी शुभ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर सहित पूरे देश में दीवाली को लेकर उत्साह है। आज धनतेरस पर बाजार गुलजार रहेगा। लोग सुबह से देर रात तक खरीदारी करेंगे। गरीब से अमीर तक खरीदारी के शुभ मौके पर अपने घरों में कुछ न कुछ जरूर खरीदारी करेंगे। शहर में महिलाओं की काफी भीड़ होने की सम्भावना है। धनतेरस की दिन झाड़ू की खरीददारी शुभ माना जाता है। शहर में दिपावली पर्व आते ही व्यापारियों के चेहरे पर खुशी से चमक उठे हैं। सबसे ज्यादा रौनक ऑटोमोबाइल्स और सराफा बाजार में दिखाई देगा। दो और चारपहिया गाड़ियों के शोरूम से एक ही दिन मे हजार से ज्यादा गाड़ियों की डिलिवरी होने की सम्भावना होती है। गोल्ड और डायमंड की सबसे ज्यादा बिक्री होगी। इसके अलावा बर्तन, कपड़े, श्रृंगार, जूते-चप्पल, इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकानों में भी लोगों की भीड़ देखने को मिलेगा। खरीदारी के लिए शहर के सभी शॉपिंग मॉल में भी लोगों का तांता लगा रहेगा। दिन भर लगता रहेगा जाम, परेशान होते रहे लोग धनतेरस के दिन शहर में जाम के कारण सभी लोग परेशान रहने की सम्भावना रहता है। पुलिस की ओर से जाम न लगे इसके लिए भरपूर प्रयास किया



जाना चाहिए। लेकिन बाइक व ई-रिक्शा के चलते कहीं भी जाम से निजात नहीं मिल सकता। जाम में फंसे लोग भी इस दिन को यही बोलेंगे कि चलो दो दिन की बात है। सबसे ज्यादा दिक्कत बुजुर्गों को होता है।उन्हें पैदल चलने के लिए भी सड़क पर जगह नहीं मिलती।शहर में मार्केट पर्वों को देखते हुए स्थायी दुकानदारों के साथ चौक-चौराहों पर फुटपाथी दुकान भी लग गए हैं। लक्ष्मी गणेश की मूर्ति, माला, बर्तन, कपड़े, साज-सजावट के सामान से दुकानें सजी है। दुकानदारों ने बताया कि यहां लोगों का पसंदीदा मार्केट है और यहां हर त्योहार से पहले लोगों की भीड़ नजर आती है। इस बार भी बड़ी संख्या में ग्राहक पहुंच रहे हैं। यह त्योहार दिवाली से ठीक दो दिन पहले मनाया जाता है और इसका विशेष महत्व होता है। धनतेरस का नाम ही बताता है कि यह धन और समृद्धि से जुड़ा हुआ पर्व है। इस दिन लोग नए बर्तन, आभूषण या कोई अन्य मूल्यवान वस्तु खरीदते हैं, क्योंकि इसे शुभ माना जाता है। धनतेरस के दिन भगवान धन्वंतरि और मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है, जो स्वास्थ्य और धन की देवी मानी जाती हैं।

## एक झलक

### जमशेदपुर में हत्याकांड का खुलासा, तीन गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के उलीडीह थाना क्षेत्र के डिमना रोड पर विकास साहू उर्फ विकास गुप्ता की गोली मारकर हुई हत्या मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में तुरियाबेड़ा निवासी उमेश दास, धीरज शर्मा उर्फ धीरज ठाकुर और छायानगर निवासी सुकु कर्मकार शामिल हैं। आरोपितों की निशानदेही पर दो हथियार, चार जिंदा कारतूस और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई है। एसएसपी किशोर कौशल ने सोमवार को मामले का खुलासा करते हुए बताया कि उलीडीह थाना क्षेत्र के डिमना रोड पर विकास साहू उर्फ विकास गुप्ता की 29 सितंबर को गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस हत्या की वजह आपसी रंजिश थी, जिसे उमेश दास ने अंजाम दिया। एसएसपी ने बताया कि घटना से एक महीने पहले उमेश और विकास के बीच झड़प हुई थी, जिसके बाद उमेश ने विकास की हत्या की योजना बनाई। उसने अपने साथियों को इस योजना में शामिल किया। हत्या की योजना बनाने के लिए उमेश ने अपने घर में एकत्रित होकर रेकी की। जानकारी मिली थी कि विकास हर दिन सुबह 11 बजे गणेश सिंह के घर जाता था, इसलिए हत्या के लिए यही समय चुना गया। इस घटना में कुल पांच लोगों को शामिल किया गया था, जिनमें से तीन की गिरफ्तारी हो चुकी है। अन्य आरोपितों की तलाश के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

### बुलेट व टीवीएस में हुई सीधी भिड़ंत, 03 घायल 02 रेफर

**गुमला :** सिसई थाना क्षेत्र अंतर्गत कॉलेज रोड पेट्रोल पंप के समीप रविवार की शाम 5 बजे बुलेट और टीवीएस बाइक में सीधी भिड़ंत हो गयी। घटना में टीवीएस बाइक में सवार लोहरदगा जिला के बगडू निवासी बालमनी देवी और टीवीएस सवार एक व्यक्ति घायल हो गये। दोनों टीवीएस बाइक में सवार होकर सिसई बाजार जा रहे थे। वहीं दूसरी ओर बर गांव निवासी गंगा साहू अपने बुलेट से सिसई बाजार से वापस अपने गांव जा रहा था। घटना के बाद एंबुलेंस की मदद से तीनों को रेफरल अस्पताल सिसई ले जाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद टीवीएस चालक को सिसई के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। घटना में उसका एक पैर टूट गया है। जबकि टीवीएस के पीछे बैठी महिला और बुलेट चालक को सदर अस्पताल लाया गया। महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है। दोनों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### सर्पदंश से युवक हुआ घायल, अस्पताल में भर्ती

**गुमला :** चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सेमला बरटोली गांव निवासी 35 वर्षीय युवक को रविवार की शाम करीब 6:00 बजे इलाज हेतु सदर अस्पताल लाया गया। सदर अस्पताल में डॉक्टर की देखरेख में उसका इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक रविवार की अपराह्न 4:00 बजे युवक सुन्दर पाल महतो बादाम उखाड़ने खेत गया था। इसी क्रम में पोको जाड़ा नामक एक जहरीला सांप उसके पैर को डस लिया। इसके बाद सांप वहीं पर कुंडली मारकर बैठ गया। लोगों ने बताया यह सांप काटने के बाद भागता नहीं है वही खेत में काम कर रहे अन्य किसानों ने उस सांप को पकड़ कर रखा है।

## द आरवीएस स्कूल के प्रांगण में भव्य दीवाली मेले का आयोजन




**झुमरीतिलैया :** दीपावली पर्व के माहौल में द रामेश्वर वैली स्कूल के प्रांगण में शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं द्वारा दिवाली मेले का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें सेल्फी काउंटर और थीम के साथ बनी रंगोली आकर्षण का केंद्र बना रहा। सेल्फी काउंटर को इतना आकर्षक बनाय गया था कि लोग बारम्बार सेल्फी काउंटर पर सेल्फी लेते दिखाई दे रहे थे साथ ही मेले में आए अभिभावकों ने बच्चों द्वारा बनाई गई रंगोली थीम की भरपूर सराहना की। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल की प्राचार्य रश्मि वर्णवाल ने कहा कि दीपावली बुराई पर अच्छाई, अंधकार पर प्रकाश जीत का पर्व है। यह रोशनी का त्योहार है - प्रकाश जो हमें अच्छे कर्मों के लिए खुद को प्रतिबद्ध करने की शक्ति देता है और हमें देवत्व के करीब लाता है। इस अवसर में आए छात्रों, अभिभावकों, उनके दोस्तों और रिश्तेदारों ने आयोजन में लजीज व्यंजनों, रंग-बिरंगे स्टॉल, साज-सज्जा समान का पूरे मन से लुत्फ उठाया। साथ ही बच्चों के द्वारा बनाए गए क्राफ्ट को लोगों ने सराहा और घरसज्जा हेतु खरीदा।स्कूल के बच्चो द्वारा सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया और सभी के चेहरे पर मुस्कान लाने का संदेश दिया। वहीं बड़े बच्चो के बीच रंगोली प्रतियोगिता भी कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक अनिल कुमार, सुदय कुमार, आकाश बर्णवाल, सूर्या कुमार,विकाश शर्मा,विकाश यादव, मनाली, एकता तिवारी,प्रज्ञा शुक्ला, शिवानी, राजनंदनी, साची,प्रिती अजमानी, दिव्या, श्रृष्टि पाठक,श्रुति कुमारी, सीमा, के अलावा विक्टरी हाउस के श्रेयांस मोदी, सक्षम, साक्षी, श्रीनिका, किंजल, कृति, नमीश, आराध्या ज्वाय हाउस के मुस्कान, निशिकेत, शिवांश, श्रृष्टि, ग्लोरी हाउस के निधि, कलश, प्रियांशी, पीस हाउस के आयुष, के साथ सभी छात्र छात्राओं ने अपना योगदान दिया।

**सेल्फी काउंटर और थीम के साथ बनी रंगोली रही आकर्षण का केन्द्र**

**बच्चों के लिए बनाये गये क्राफ्ट को लोगों ने सराहा और घर सज्जा के लिए खरीदा**

## दीपावली मिलन समारोह, रोटरी बाल विद्यालय में रंगोली और खुशियों का उत्सव



**झुमरीतिलैया :** रोटरी क्लब कोडरमा द्वारा संचालित रोटरी बाल विद्यालय में बच्चों और शिक्षिकाओं के साथ दीपावली मिलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों और शिक्षिकाओं द्वारा आकर्षक रंगोली सजाई गई। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। विद्यालय के सभी बच्चों के बीच फुलझड़ी पटाखे और मिठाइयां बांटी गई। साथ ही विद्यालय की सभी शिक्षिकाओं और कर्मचारियों को दीपावली का उपहार और मिठाइयां प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि असिस्टेंट गवर्नर संगीता शर्मा जी ने बच्चों को दीपावली के महत्व के विषय में विस्तार से बताया। बाल विद्यालय की अध्यक्ष रितु सेठ ने बच्चों को समझाया कि वह फुलझड़ी पटाखा छुड़ाते समय विशेष सावधान रहें। बाल विद्यालय के डायरेक्टर रोटेरियन महेश दारुका ने सभी शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों को रोटरी क्लब की ओर से दीपावली की बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में बाल विद्यालय के कोषाध्यक्ष रोटेरियन सुरेश सेठी, पूर्व-अध्यक्ष रोटेरियन कैलाश चौधरी, रोटेरियन कमल सेठी एवं रोटेरियन गोपाल सराफ उपस्थित थे।

## एमजीएम स्कूल बोकारो में मनाया गया वर्ल्ड जूडो डे



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** एमजीएम हायर सेकेंडरी स्कूल बोकारो में वर्ल्ड जूडो डे मनाया गया स्कूल के प्राचार्य जोशी वर्गीस ने वर्ल्ड जूडो डे पर बच्चों को संबोधित करते हुए कहा खेल पूरे विश्व को जोड़ने का एक माध्यम है बच्चों में राष्ट्रीयता जागृत करता है सभी बच्चों को खेल से जुड़ना चाहिए ताकि वह स्वस्थ रहे और देश का एक स्वस्थ नागरिक बन एक स्वस्थ वातावरण तथा एक मजबूत देश का निर्माण कर सके स्कूल के जूडो प्रशिक्षक राजीव सिंह ने बच्चों को जूडो खेल से जुड़ने को प्रोत्साहित किया कहा कि जूडो सिर्फ एक खेल नहीं है यह एक जीवन जीने का तरीका भी है जिसमें बच्चे आत्मरक्षा, अनुशासन और अपने तन मन पर कंट्रोल करना भी सिखाते हैं और बच्चे चाहे तो इसमें अपना करियर भी बना सकते हैं तथा एक अच्छा खिलाड़ी बनकर बच्चे बोकारो, झारखंड एवं देश का नाम रोशन कर सकते हैं उन्होंने कहा कि विगत कुछ वर्षों में ही जूडो बोकारो में बच्चों के बीच काफी लोकप्रिय हुआ है जिससे जिला प्रतियोगिताओं में बच्चों की बढ़ती भीड़ से प्रतीत होता है।

## आरपीवाई बीएड कॉलेज में हुआ दो दिवसीय इंडक्शन मीट




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में दिनांक 25.10.2024 दिन शुक्रवार को दो दिवसीय इंडक्शन मीट कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार व सहायक प्राधायपकों द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर व द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। वहीं इस मौके पर नए सत्र 2024-26 के वर्ग संचालन की शुरूआत भी की गई। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रधायापक डॉ. संजीव कुमार ने किया। प्रशिक्षुओं का स्वागत संगीत शिक्षिका खामा रानी महतो ने स्वागत गीत से किया। कार्यक्रम के प्रथम दिन सभी प्रशिक्षुओं से परिचय लिया गया। वहीं स्वागत भाषण सहायक प्राध्यापक राजेश पांडेय ने नए सत्र के प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के नियम-परिनियम को विस्तार से समझाया। साथ ही बीएड के महत्व और आने वाले समय में इसके उपयोग को भी प्रशिक्षुओं को अवगत कराया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार ने नए प्रशिक्षुओं से कहा कि, आप सभी अब एक नई दिशा की ओर प्रवेश कर चुके हैं, और ये दिशा एक ऐसी दिशा है जिसमें आप आने वाले समय में शिक्षक बनकर बच्चों के भविष्य को संवारने के साथ-साथ आप नई पीढ़ी को देश को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी देंगे। हमें एक बेहतर शिक्षक बनने के लिए सीखने की आदत विकसित करने की जरूरत है। हम छोटों, बड़ों, बूढ़ों, बच्चों सभी से कुछ न कुछ सीखने को मिलता है, बस हमें सीखने की नजर से उसे देखना होगा। वहीं दिनांक 26.10.2024 को सहायक प्राध्यापकों ने बीएड के करिकुलम को व परीक्षा के पैटर्न को विस्तार से समझाया।

## स्वतंत्र, निष्पक्ष व पक्षपात रहित मतदान करायें सुनिश्चित : विशेष प्रेक्षक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त विशेष सामान्य प्रेक्षक श्री योगेंद्र त्रिपाठी एवं विशेष पुलिस प्रेक्षक मनमोहन सिंह आज पलामू पहुंचे। दोनों विशेष प्रेक्षकों ने प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर में पलामू प्रमंडल के तीनों जिले पलामू, लातेहार एवं गढ़वा के सभी विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विधानसभा चुनाव के तैयारियों की समीक्षा की। तीनों जिले के सभी 9 विधानसभा क्षेत्र की समीक्षा के दौरान प्रेक्षकों ने सभी विधानसभा क्षेत्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पक्षपात रहित मतदान करने का निदेश दिया। विशेष सामान्य प्रेक्षक योगेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि चुनाव को लेकर मतदान पूर्व पूरी तैयारी कर लें और कमियों को तत्काल दूर करते हुए अलर्ट मोड में रहें। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पक्षपात रहित मतदान आवश्यक है। चुनाव आयोग के निदेशों का पालन करते सभी बिंदुओं पर बारीकी से अनुपालन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने मतदान केंद्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए आवश्यक न्यूनतम सुविधाओं के साथ-साथ मतदान केंद्र तक उन्हें लाने के लिए परिवहन सुविधा की पूर्व मैपिंग करने का निदेश दिया। साथ ही मतदान कर्मियों को विभिन्न परिवहन सुविधाओं के साथ-साथ मतदान केंद्र के सभी स्थान एवं निर्धारित समय तक पहुंचाना सुनिश्चित कराने से मतदान प्रतिशत की कमियों को दूर किया जा सकेगा।

## ग्रिजली पब्लिक स्कूल में मना हेलोवीन डे, भूत-प्रेत के मुखौटे में दिखे बच्चे

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** दुनिया की हर संस्कृति से बच्चों को अवगत कराने के लिए ग्रिजली पब्लिक स्कूल में मनाया गया हेलोवीन डे। कार्यक्रम में नर्सरी से कक्षा दो तक के बच्चों ने भाग लिया। स्कूल को हेलोवीन थीम वाली सजावट से सजाया गया, जिसमें संगीत नृत्य और डरावनी सजावट शामिल थी। बच्चे काले रंग के वस्त्र, भूत-प्रेत व जानवरों के मुखौटे पहन स्कूल पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चे आद्या, अव्यांश, ऋषित, प्रनिका, आद्विका, माब्या, उस्मान, श्रेयांश, लव्यांश, प्रनय, आएशा, हर्षी, यश, अराध्या, सात्विक, अथर्व, अनय, अम्वी, शिवांगी, अरनव व धन्वी ने विभिन्न प्रकार की डरावने दानव, शैतान भूत, पिशाच, ममी,




कंकाल, चुड़ैलों की वेशभूषा में अपनी - अपनी प्रस्तुति दी, सबको खूब डराया और मजा किया। कक्षा नर्सरी के बच्चे वैष्णवी, भाविका, अनंत, नमन, कृदय व रोनित ने ह्यपार्टी विद भूतनाथह्न तथा यूकेजी के बच्चे सुमाया, फनिश, अनायशा, श्रेयस्कर, बादल, तृषि, अर्पिता, साहिल, वैभव व अनिरुद्ध ने भूत राजा की धुन पर धमाकेदार प्रस्तुति देकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा दो के बच्चे अराध्या, अराध्या सिंह, तन्वी मोदी, निखिल आर्या व यश कुमार ने एक नाटक ह्यएडवेंचर ऑफ हेलोवीन पंपकिनह्न की प्रस्तुति देकर सबको हंसते-हंसते लोटपोट कर दिया। बच्चों ने एक डरावनी परेड भी निकाली और मजेदार गतिविधियों का आनंद लिया।इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्या नीरजा ने कहा इस दिन बच्चे मस्ती भरी शरारतें करते हैं। इस दिन को मनाने का प्रमुख उद्देश्य बच्चों के मन से अंधविश्वास, भ्रम, भ्रांति व आत्माओं के डर को दूर करके मनोरंजनात्मक तरीके से मनाना है। इस दिन का सही अर्थ खुशी फैलाना है डरने के बजाय हंसना और अपने दोस्तों के साथ समय बिताना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के प्रशासक प्रतीक जैन, संयोजिका अनीता कुमारी, अर्चना चंदन, पूजा झा, शिक्षिका श्वेता, ब्यूटी, नेहा गुप्ता, सीमा, रिद्धिमा, साक्षी, सुनीता, खुशबू, डिम्पल, ईशा, पूनम, रीशू, जिज्ञासा, तनु, साक्षी के अलावा प्रशासनिक सदस्य अनिल, रजनीश, विकास, मनीमाला, नीलम व अन्य शिक्षिकेत्तर कर्मचारियों का भी सराहनीय योगदान रहा।

## समाहरणालय सिमडेगा।
dprosimdega@yahoo.in
(डाक मतपत्र कोषांग)

**आदेश**

विधान सभा आम चुनाव 2024 के लिए सिमडेगा जिला अन्तर्गत 70–सिमडेगा विधान सभा क्षेत्र एवं 71–कोलेबिरा विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत प्रथम चरण के मतदान कार्य में संलग्न रहने के कारण अपने मतदान केन्द्र पर मताधिकार के प्रयोग से वंचित रहने वाले झारखण्ड राज्य के अन्तर जिला के वैसे सभी मतदाताओं को डाक मतपत्र के द्वारा सुविधा केन्द्र (Facilitation Centre) पर निम्नानुसार मतदान की सुविधा प्रदान की जायेगी :–

| क्र0सं0 | सुविधा केन्द्र (Facilitation Centre) का नाम | चरणवार मतदान | मतदान का समय | मतदान की तिथि | नोडल पदाधिकारी का नाम/पदनाम/मो0 न0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महिला कॉलेज सलडेगा | प्रथम चरण | सुबह 8:30 AM से 4:30 PM तक | 04.11.2024 से 06.11.2024 तक एवं 09.11.2024 से 10.11.2024 तक | C.O Kolebira-8809815791<br>C.O Pakartanr -9470560579<br>Shiv Sankar Pandey, PMAYG-8340769255<br>Ropna Oraon Clark-7542080635<br>Upendra Kumar, Asst.T-7903422970<br>Sharawan Braik-6201043980 |
| 2 | पुलिस केन्द्र सिमडेगा | | | 04.11.2024 से 06.11.2024 तक | C.O Kurdeg –8084757425<br>Binod jojo Clark-7004801453<br>Saurabh Kumar BTM-7978959043<br>Kuldeep Minj, Asst.T-9771338035 |
| 3 | अनुमण्डल कार्यालय सिमडेगा | | | 11.11.2024 | C.O Pakartanr -9470560579<br>Kavindra Kumar varma Clark -7903099701<br>Rohit Kumar Asst.T-8102767666 |
| 4 | समाहरणालय सिमडेगा ए0 ब्लॉक भू–तल | | | 11.11.2024 | C.O Kurdeg –8084757425<br>Manish Kumar Clark -7633809055<br>Nageshwar Hota Asst.T-7761802916 |
| 5 | सिमडेगा कॉलेज सिमडेगा (डिस्पेच सेन्टर) | | सुबह 7:00 AM से 3:00 PM तक | 12.11.2024 | All cell Membars |
| 6 | समाहरणालय सिमडेगा आत्मा सभागार **सुविधा केन्द्र** (Facilitation Centre) | द्वितीय चरण | सुबह 10:00 AM से 5:00 PM तक | 16.11.2024 से 17.11.2024 एवं 19.11.2024 तक | C.O Kolebira-8809815791<br>Manish Kumar Clark -7633809055<br>Shiv Sankar Pandey-8340769255<br>Ropna Oraon Clark -7542080635<br>Upendra Kumar, Asst.T-7903422970 |

उपरोक्त तालिका के अनुरूप Facilitation Centre में प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारियों / कर्मियों को निदेश दिया जाता है कि अंकित तिथि एवं समय के अनुसार डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराना सुनिश्चित करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, सिमडेगा।

PR 339617 Simdega(24-25)D

## मंईयां सम्मान योजना मील का पत्थर, दोबारा झारखण्ड में बनेगी हेमन्त सरकार : भोला यादव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** राजद प्रत्याशी के तौर पर सुभाष प्रसाद यादव का नामांकन प्रपत्र स्वीकार कर लिया गया। 19, कोडरमा विधानसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव के नामांकन प्रक्रिया को लेकर द्वंद्व एवं सस्पेंस समाप्त हो गया। निवार्ची पदाधिकारी ने राजद प्रत्याशी का 4 सेट प्रपत्र को स्वीकार कर लिया। इधर स्क्रूटनी के दौरान राजद प्रत्याशी की ओर से राजद के राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव,इलेक्शन एजेंट कुलदीप यादव समेत वरीय अधिवक्ता भी मौजूद थे। स्क्रूटनी में राजद प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव का नामांकन निवार्ची पदाधिकारी ने स्वीकार कर लिया।



**भोला यादव ने सुभाष प्रसाद यादव के आवास में की प्रेस वार्ता**

**राजद** के राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव ने कहा कि राजद प्रत्याशी सुभाष प्रसाद को लेकर द्वंद्व समाप्त हो गया। उन्होंने कहा कि नामांकन के बाद से उनके खिलाफ भ्रम फैलाया गया,लेकिन निवार्ची पदाधिकारी द्वारा प्रपत्र को स्वीकार करते ही सभी भ्रम अफवाह साबित हुआ। उन्होंने कहा कि कोर्ट के आदेश से ही सुभाष प्रसाद यादव ने नामाँकन कराया और कोर्ट के आदेश पर ही नामांकन कर वापस चले गए। उन्होंने कहा कि सुभाष प्रसाद यादव भले ही अभी जेल में है, लेकिन राजद के कार्यकर्ता जेल के बाहर है। कोडरमा में इसबार राजद की भारी जीत होगी और सभी रिकॉर्ड टूट जायेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव भी आएंगे। उन्होंने कहा कि झारखण्ड में मइयां सम्मान योजना मील का पत्थर साबित होगा और दुबारा हेमन्त सरकार झारखण्ड में बनेगी। उन्होंने कहा कि कोडरमा में पत्थर-ढिबरा बड़ा मुद्दा है, इस व्यवसाय को वैधानिक और बृहद बनाने के लिए सुभाष प्रसाद यादव के पास दृढ इच्छाशक्ति है। उन्होंने राजद कार्यकर्ताओ से सुभाष प्रसाद यादव बनकर डोर टू डोर चुनावी अभियान चलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कोडरमा राजद का गढ़ है और यहां इसबार राजनीतिक सत्ता का बदलाव होगी। मौके पर राजद के राष्ट्रीय युवा उपाध्यक्ष अवधेश प्रसाद यादव, सुभाष प्रसाद यादव के भाई अशोक प्रसाद यादव, घनश्याम तुरी, महेश यादव, पवन भगत आदि मौजूद थे।

## एक झलक

### किराना दुकान से शराब जब्त, प्राथमिकी

**रातू :** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पश्चिम तारूप के मनोज कुमार साहू के किराने की दुकान में छापेमारी की। इसमें अंदर छिपाकर रखे 11 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की गयी है। इस दौरान वह चकमा देकर भले ही फरार हो गया। लेकिन, रातू थाने में उसके खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

### पद्मश्री डॉ. रामदयाल मुण्डा के सुपुत्र गुंजल इंकिर मुण्डा ने किया दौरा



**तमाड :** तमाड़ विधान सभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में खड़े हुए, पद्मश्री डॉ. रामदयाल मुण्डा के सुपुत्र गुंजल इंकिर मुण्डा सोमवार को अड़की क्षेत्र का दौरा किया, जिसमें उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात की। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्या उनके सामने रखा। गुंजल इकिर मुंडा ने उनकी समस्याओं को सुना और उनके समाधान पर चर्चा की। ग्रामीणों ने कहा कि यह पहली बार है जब किसी नेता ने उनकी समास्यों को सुना हो या उनपर बात की हो। ग्रामीणों ने साथ में यह भी कहा कि गुंजल मुंडा काफी जमीन से जुड़े व्यक्ति है और उनसे मिलकर उन्हें बहुत ही खुशी हुई।

### विद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**बुंडू :** आगामी विधानसभा आम चुनाव 2024 स्वीप गतिविधियों के तहत रमेश सिंह मुंडा स्मारक +2 उच्च विद्यालय में सोमवार को मतदाता जागरूकता कार्यकम आयोजित की गई । कार्यक्रम में विद्यालय स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता , क्विज प्रतियोगिता, रंगोली, पोस्टर मेकिंग, रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापिका, ईएलसी अध्यक्ष , शिक्षक, शिक्षिकाएं समेत छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

### 58 तमाड़ में स्कूटनी के बाद सभी प्रत्याशियों के नामांकन पाये गये सही

**बुंडू :** 58-तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में नामांकित अभ्यर्थियों के नामांकन पत्रों का सोमवार को बुंडू एस डी एम सह निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में नामांकन करने वाले अभ्यर्थियों का स्कूटनी कार्य पर्यवेक्षक की उपस्थिति में निबार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी किस्टो कुमार बेसरा ने किया। अनुमंडल पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया की सभी प्रत्याशियों के नामांकन को सही पाया गया। नामांकन वापसी तिथि 30 अक्टूबर है। उसके पश्चात चुनाव चिन्ह दिए जाएंगे। प्रत्याशियों के नाम इस प्रकार है 1. सुरेश मुंडा भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी 2. गुंजन इकिर मुंडा निर्दलीय 3. दमयंती मुंडा झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा 4. गोपाल कृष्ण पातर जनता दल यूनाइटेड 5. विकास कुमार मुंडा झारखंड मुक्ति मोर्चा 6. प्रेम शंकर शाही मुंडा भारत आदिवासी पार्टी 7. लखिन्द्र मुंडा निर्दलीय 8. परमेश्वरी सांडिल निर्दलीय 9.राजकुमार मुंडा झारखंड पार्टी 10. हराधन सिंह मुंडा निर्दलीय 11. रविंद्र नाथ मुंडा निर्दलीय 12. सचिन पातर बहुजन क्रांति पार्टी 13. बिट सिंह मुंडा निर्दलीय 14. सिंगराय टुटी निर्दलीय 15. देवनंदन सिंह मुंडा निर्दलीय 16. जेहला टुटी निर्दलीय 17. उदरकांत सिंह मुंडा हमार राज पार्टी 18. इसाहक हमसोय निर्दलीय 19. गुरुवा मुंडा निर्दलीय के नाम शामिल है।

### 66-माण्डर विधानसभा क्षेत्र से स्क्रूटनी का कार्य पूरा

# सभी 17 अभ्यर्थियों के नामांकन स्वीकृत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** 66- माण्डर विधान सभा क्षेत्र से स्क्रूटनी का कार्य पूरा हो चुका है। विधानसभा क्षेत्र से 17 अभ्यर्थियों ने नामांकन निवार्ची पदाधिकारी को समर्पित किया था, स्क्रूटनी के बाद सभी 17 अभ्यर्थियों का नामांकन स्वीकृत किया गया।

अभ्यर्थी जिनका नामांकन स्वीकृत किया गया, उनके नाम निम्न हैं

1. जगरे उरांव, भारत आदिवासी पार्टी।
2. बिश्राम उरांव, निर्दलीय।
3. कीर्ति सिंह मुंडा, सीपीआई (मार्क्सवादी)।
4. सुशील कुजूर, निर्दलीय।
5. शिल्पी नेहा तिर्की, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस।
6. विमला लोहा, भागीदारी पार्टी (पी)।
7. सन्नी टोप्पो, भारतीय जनता पार्टी।
8. संजय महली, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।
9. गुना भगत, झारखण्ड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा।
10. सुखमणि तिग्गा, बहुजन समाज पार्टी।
11. डॉक्टर परमेश्वर भगत, निर्दलीय।
12. कांता खलखो, अम्बेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया।
13. रेखा देवी, निर्दलीय।
14. शिव उरांव, संपूर्ण भारत क्रांतिकारी पार्टी।
15. राम लखन महली, निर्दलीय।
16. विनोदित तिग्गा, निर्दलीय।
17. विकास ज्योति उरांव, निर्दलीय।

### वाहन जांच के दौरान 04 लाख रुपये बरामद

**सिल्ली :** झारखंड बंगाल सीमावर्ती क्षेत्र स्वर्णरिखा नदी के समीप विधानसभा चुनाव को देखते हुए सीमा को सील कर दिया गया है एवं प्रशासन को तैनात कर दी गई है। एवं हर आने जाने वाले वाहनों की गहनता जांच की जा रही है। इस दौरान संध्या 5:00 बजे मुरी पुलिस पदाधिकारी द्वारा मजिस्ट्रेट के उपस्थिति मे वाहन जांच के दौरान एक दो चक्का वाहन से 4 लाख रुपए बरामद किये गया।। जांच में उपस्थित मजिस्ट्रेट एवं पुलिस प्रशासन को संतोषजनक जवाब न मिलने पर पैसों को जप्त किया गया । थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि व्यक्ति का नाम संजीव कोइरी जो पुरुलिया जिला का रहने वाला है।

## बुनियादी ढांचा निर्माण का कार्य पूरा, अब रोजगार सृजन पर जोर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुंडू :** निवर्तमान झामुमो विधायक विकास कुमार मुंडा ने सोमवार को तमाड़ के आमलेश, बुरुडीह, बोधडीह, आचूडीह, सारजमडीह, बारलंगा, महुवाडीह, मणिकाडीह, बीरडीह, जोजोडीह, दूपुडीह, और हड़मलोहर आदि गांवों में व्यापक जनसंपर्क चलाया और हेमंत सोरेन के नेतृत्व पुनः झामुमोनित सरकार बनाने एवं तमाड़ को मॉडल विधानसभा बनाने के लिए अपना समर्थन एवं वोट मांगा।इस क्रम में विभिन्न गांवों में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने पूरी ईमानदारी के साथ तमाड़ विधान सभा क्षेत्र में बुनियादी ढांचा निर्माण का कार्य पूरा कर दिया है।अब क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य,शिक्षा,एवं रोजगार सृजन पर जोर होगा।उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासी जनता के हर उम्मीदों को पूरा करना ही उनका अंतिम लक्ष्य होगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उनके साथ थे।

## चार दिन की कार्यशाला में एनयूएसआरएल के बच्चों ने जाना कैसे बनती है डॉक्यूमेंट्री फिल्म



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** राष्ट्रीय विधि अध्ययन और अनुसंधान विश्वविद्यालय (NUSRL), रांची की केंद्रीय अनुसंधान और अध्ययन केंद्र (उरफ्ळफ) ने टीम अखरा के साथ मिलकर चार दिवसीय डॉक्यूमेंट्री फिल्म कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यशाला 21 अक्टूबर को शुरू हुई और आज इसका समापन हुआ। इस दौरान छात्रों ने डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाने के विभिन्न पहलुओं पर गहन जानकारी प्राप्त की, जिसमें फ्रेमिंग, साउंड की तैयारी, और कहानी कहने की तकनीकें शामिल थीं। इस क्षेत्र के विशेषज्ञों श्री मेघनाथ, श्री बिजू टोपो, और श्री रुपेश साहू ने छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यशाला के अंतिम दिन, छात्रों ने अलग-अलग टीमों का गठन कर चार डॉक्यूमेंट्री फिल्में बनाई। विषयों में कैंपस की जीवनशैली, दोस्तों का महत्व, और पढ़ाई में तनाव से बचने के तरीके शामिल थे। विशेषज्ञों ने भी छात्रों को इन फिल्मों को और बेहतर बनाने के सुझाव दिए।

### 64- हटिया विधानसभा क्षेत्र के लिए स्क्रूटनी पूरी

# 02 अभ्यर्थियों के नामांकन अस्वीकृत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** विधानसभा चुनाव 2024 में पहले चरण के मतदान के लिए 64- हटिया विधानसभा क्षेत्र के लिए स्क्रूटनी पूरी हो चुकी है। स्क्रूटनी के बाद 02 अभ्यर्थियों का नामांकन अस्वीकृत हुआ जबकि 28 अभ्यर्थियों का नामांकन स्वीकृत किया गया।

इनका नामांकन अस्वीकृत हुआ

1. फरहाना खातून, निर्दलीय।
2. पूनम सिंह, राष्ट्रीय लोक दल।

जिन 28 अभ्यर्थियों का नामांकन स्वीकृत हुआ उनके नाम निम्न हैं

1. विजय सिंह, संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी।
2. धनंजय कुमार भगत, मेरा अधिकार राष्ट्रीय दल।
3. अभिषेक कुमार श्रीवास्तव, निर्दलीय।
4. नगमा रानी, निर्दलीय।
5. यादराम साहु, निर्दलीय।
6. नवीन जयसवाल, भारतीय जनता पार्टी।
7. ओम शंकर गुप्ता, निर्दलीय।
8. भरत कांशी, निर्दलीय।
9. विवेक त्रिपाठी, स्वंतंत्रता राष्ट्रवादी पार्टी।
10. अवधेश कुमार, निर्दलीय।
11. अजय नाथ शाहदेव, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस।
12. अलबिन लकड़ा, निर्दलीय।
13. हजारी प्रसाद साहु, लोकहित अधिकार पार्टी।
14. निपु सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी।
15. अमरेन्द्र कुमार, झारखंड जन क्रांति मोर्चा।
16. राजेन्द्र प्रसाद साहु, सदान विकास पार्टी।
17. एनुल अंसारी, निर्दलीय।
18. ज्योति बाला देवी, राष्ट्रीय जय हिंद पार्टी।
19. आर्दश कुमार, नेशनल कांग्रेस पार्टी।
20. कुन्दरसी मुण्डा, भारत आदिवासी पार्टी।
21. कुशवाहा विजय कुमार महतो, जोहार पार्टी।
22. गौरव प्रियदर्शी, निर्दलीय।
23. अयुब अली, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा।
24. सोमा सिंह, जय माँ भारत पार्टी।
25. बिशु तिर्की, निर्दलीय।
26. दिवा शंकर पासवान, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।
27. दिवाकर प्रसाद साहु, निर्दलीय।
28. सुरेश टोप्पो, अम्बेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया।

## झामुमो प्रत्याशी विधायक विकास कुमार मुंडा ने चलाया जनसम्पर्क अभियान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**तमाड़ :** विधानसभा क्षेत्र के झामुमो प्रत्याशी विधायक विकास कुमार मुडा द्वारा लगातार जनसम्पर्क अभियान चलाया जा रहा है। जन संपर्क अभियान के दौरान सोमवार को तमाड़ प्रखंड के आमलेशा, बोधडीह, सारजमडीह, हाडमलोहर सहित दर्जनों गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना और निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने लोगों को बताया की क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और शुद्ध पेयजल जैसी आवश्यकताओं की पूर्ति उनकी प्राथमिकता रही है। क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। जिससे आने वाले समय में ग्रामीणों की रोजमर्रा जिंदगी में सकारात्मक बदलाव होंगे। इसी बीच उपस्थित लोगों ने उनकी प्रयासों की सराहना करते हुए अपनी समस्याओं को बताया। इस अवसर पर ऋषिकेश महतो, हरदेव महतो, गिरीश मुंडा, मुखिया ललित कृष्ण मुंडा, संजय सेठ, प्रदीप साहू आदि उपस्थित थे। तमाड़ फोटो 2 पी-विधायक विकास कुमार मुंडा द्वारा जनसंपर्क के दौरान सभा करते।

## प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय की छात्राओं ने निकाली वोटर जागरूकता रैली




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय बेड़ो के तत्वावधान में सोमवार को प्रधानाध्यापक करम सिंह महतो के नेतृत्व में 2024 के झारखंड विधानसभा चुनाव में जागरूकता को लेकर रैली निकाली। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपने माता पिता को मतदान के दिन वोट डालने को लेकर छात्राओं ने पत्र लेखन व रंगोली बनाकर संदेश दिया। वहीं मतदान के प्रति प्रेरित कर उनमें जागरूकता लाने के लिए छात्राओं ने अपने हाथों पर तख्तियां लेकर वोटर जागरूकता रैली निकाली। प्रधानाध्यापक की अगुवाई में वोटर जागरूकता रैली स्कूल प्रांगण से प्रारंभ होकर प्रखंड कार्यालय, लोहरदगा रोड, महावीर चौक, बाजार टांड होते हुए पुनः स्कूल परिसर पहुंचकर समाप्त हो गई। जागरूकता रैली में विद्यालय के छात्राओं के अलावे शिक्षिका श्वेता कुमारी, ममता कुमारी, रोज मेरी मिंज, अंजली कुमारी, सुनील कुमार दास, मंजू कुमारी, राजश्री कच्छप तथा प्रियवंदा सिंह आदि मौजूद थे।

## एलएपी ने विधानसभा प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी की




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** एलएपी ने विधानसभा प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी है। इस सूची में शामिल प्रत्याशियों में सिंदरी विधानसभा से शंकर महतो, पोड़ैयाहाट विधानसभा से डॉ. जयप्रकाश दास, रामगढ़ विधानसभा से फारुक अंसारी, बगोदर विधानसभा से अजय कुमार रंजन, बोकारो विधानसभा से मो. सुल्तान, बरहेट विधानसभा से नाथानिएल मालतो, खिजरी विधानसभा से रंथा महली, धनबाद विधानसभा से मो. मुरतुजा आलम और टुंडी विधानसभा से भजन साव शामिल हैं। यह सूची प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू की अध्यक्षता में हुई कोर कमेटी की बैठक में तैयार की गई, जिसमें पार्टी के प्रधान महासचिव मो. अजहर आलम, प्रदेश उपाध्यक्ष हरिनाथ साहू, प्रदेश महासचिव संजय स्नेही और प्रदेश सचिव कुंज बिहारी साव उपस्थित थे।

## किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के केन्द्रीय संयोजक ने किया नामांकन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़ :** सोमवार को किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक कुशवाहा पंकज महतो ने अपने हजारों समर्थकों के साथ रामगढ़ विधानसभा के बतौर प्रत्याशी नामांकन का पर्चा भरा। कार्यक्रम का शुभारंभ रामगढ़ शनिचरा हाट बाजार से विशाल रैली गोला रोड - सुभाष चौक होते हुए रामगढ़ अनुमंडल कार्यालय पहुँची, जिसका जगह-जगह पर स्वागत किया गया। ढोल नगाड़ों के साथ कुशवाहा पंकज महतो जिंदाबाद, "रामगढ़ का विधायक कैसा हो कुशवाहा पंकज महतो जैसा हो" आदि के नारे लगे कुशवाहा पंकज महतो ने कहा कि रामगढ़ में परिवर्तन की लहर है और जनता इस बार जात-पात से ऊपर उठकर विकास के नाम पर वोट करेगी। 20 वर्षों से रामगढ़ विधानसभा में एक ही परिवार का राज रहा है आजसू और काँग्रेस दोनो पार्टी में परिवारवाद है। रामगढ़ की जनता 24 वर्षों से अपने आप को शोषित पीड़ित और अपेक्षित महसूस कर रही है। पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि जैसी मौलिक सुविधा भी जनता को नहीं मिल रही है। मौके पर जीवन कुमार, राजेश साव, रोशन तिवारी, विजय दुबे, आकाश तिवारी ,राजा कुमार, सत्या कुमार, आरिफ राजा, आयुष, अंकित महतो, कालेश्वर कुशवाहा, विनोद कुशवाहा, कल्याण पांडे, अमित गुप्ता, दीपू गुप्ता, प्रदीप कुशवाहा, प्रदीप दांगी, दीपक कुशवाहा, रोहित कुमार, रितेश कुमार, जिलानी खान, दिनेश मुंडा, धर्मेंद्र बेदिया, रंजीत मुंडा, मनोज महतो सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### पीपीआईडी के रामगढ़ विस प्रत्याशी चतुर्भुज कश्यप ने नामांकन पत्र किया दाखिल

## गोला डेली मार्केट व चितरपुर बाजार को हाईटेक बनाया जायेगा : चतुर्भुज कश्यप



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 का बिगुल बज चुका है,प्रत्याशियों का नामांकन पपत्र दाखिल करने का सिलसिला लगातार जारी है। सोमवार को रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र से पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक)के प्रत्याशी गोला प्रखंड निवासी भूतपूर्व सैनिक चतुर्भुज कश्यप ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद उनके समर्थकों ने फूल माला पहनकर उनका जोरदार स्वागत किया। तत्पश्चात चतुर्भुज कश्यप अपने समर्थकों के साथ बैंड बाजा सहित रामगढ़ नगर का पैदल दौरा किया, रामगढ़ शहर वासियों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। मौके पर चतुर्भुज कश्यप ने कहा पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया दबे, कुचलें,पीछडे और शोषित लोगों की आवाज है, और न्याय दिलाने का काम करती है। रामगढ़ को भय मुक्त, शोषण मुक्त, परिवार वाद मुक्त रामगढ़ बनाना है। जनता का आशीर्वाद मिला तो सर्वप्रथम मैं किसानों के हित के लिए कार्य करूंगा। किसानों के लिए बेहतर कृषि बाजार का निर्माण किया करूंगा ,जिससे किसान फसलों को एक्सपोर्ट-इंपोर्ट कर सकते हैं। ट्रैफिक पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी, गोला डेली मार्केट और चितरपुर बाजार को हाईटेक बनाया जाएगा। नामांकन के दौरान पार्टी के पदाधिकारी ,कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद थे।

## हर घर में आये उजाला, आये ना कोई रात काली, हर घर में मनायें खुशियां, हर घर में हो दीवाली



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** जीतो (जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन) ने हर वर्ष की तरह इस बार फिर कल की शाम 24 को बिना आतिशबाजी के बड़े ही धूमधाम से दिवाली मनायी। कई रंगारंग कार्यक्रम के साथ साथ इस आयोजन में पॉटरी मेकिंग, टैटू, गेम स्टॉल्स, गाने की प्रतियोगिता, लाइव बैंड आदि कई तरह के कार्यक्रम थे। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण लक्की कपल ड्रॉ था। जिसमें तीन जोड़ियों को आभूषण ज्वैलर्स की तरफ से गिफ्ट दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य स्पॉन्सर्स, वेदिका क्रेडिट कैपिटल, आभूषण ज्वैलर्स, खेतीवालस, गोदरेज इंटीरियों एवं टीनी तो टॉल थे। लगभग 500 जीतो सदस्य एवं उनके परिवारजनो ने आकर इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। यह जानकारी जीतो प्रवक्ता पायल ए जैन ने दी। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए जीतो के तीनों शाखाओं के सदस्य अध्यक्ष विशाल जैन मुख्य सचिव सर्वेश जैन, उपाध्यक्ष राज कुमार रामपुरिया एवं अजय छाबड़ा, अनंत जैन, विनय नाहटा के अलावा मोहित जैन, हर्षवर्धन जैन, प्रतीक जैन एवं अर्पित जैन, महिला शाखा की डायरेक्टर इन चार्ज प्रियंका पाटनी, अध्यक्ष सरोज जैन, उपाध्यक्ष पायल ए जैन, विनीता सेठी, मुख्य सचिव एकता बड़जात्या, के अलावा आशिका अजमेरा, स्नेहा सेठी मनीषा रारा, शुभिका जैन, शैली जैन,मोनिका छाबड़ा, निधी जैन, स्मिता पाटनी, नलिनी जैन,युवा शाखा के अध्यक्ष नितेश जैन, मुख्य सचिव श्रेय जैन, देवेश जैन, अंकित लुहाड़िया, अरिहंत जैन, खुशबू जैन, सुमिल जैन, मयंक बैंगानी, संयम पाटनी, सार्थक, शाश्वत जैन ने रात दिन कड़ी मेहनत की। अध्यक्ष विशाल जैन एवं अध्यक्षा सरोज पांड्या ने भगवान महावीर के शुभ संदेश जियो और जीने दो पर सभी को चलने का आग्रह किया। दीपावली को पटाखों से नहीं बल्कि भारतीय दियो से मनाने की प्रेरणा दी।

## 65-कांके विधानसभा क्षेत्र से स्क्रूटनी के बाद 02 अभ्यर्थियों के नामांकन अस्वीकृत

### 14 अभ्यर्थियों के नामांकन स्वीकृत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** 65-कांके विधानसभा क्षेत्र से स्क्रूटनी के बाद 02 अभ्यर्थियों का नामांकन अस्वीकृत किया गया है, जबकि 14 अभ्यर्थियों का नामांकन स्वीकृत किया गया।

जिन अभ्यर्थियों के नामांकन अस्वीकृत हुए उनके नाम निम्न हैं:

1. दामोदर राम, निर्दलीय
2. रोहित कुमार दास, निर्दलीय

निम्न अभ्यर्थियों के नामांकन स्वीकृत हुए:

1. अजीत कुमार रवि, राइट टू रिकॉल पार्टी
2. फुलेश्वर बैठा, झारखण्ड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा
3. राजन नायक, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक)
4. दीपशिखा कुमारी, निर्दलीय
5. डॉ जीतू चरण राम, भारतीय जनता पार्टी
6. अशोक कुमार नाग, निर्दलीय
7. मधुसूदन कुमार, आजाद समाज पार्टी (कांशी राम)
8. सुरेश कुमार बैठा, इंडियन नेशलन कांग्रेस
9. संतोष कुमार रजक, कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया
10. कमलेश राम, निर्दलीय
11. सीमा राय, निर्दलीय
12. अनिल कुमार पासवान, झारखण्ड पार्टी
13. सुरेंद्र मिर्धा उर्फ सुरेन कुमार कालिन्दी, समाजवादी पार्टी
14. मुकुल नायक, लोकहित अधिकार पार्टी।

## एक झलक

### मोदी ने स्पेनिश फुटबॉल की प्रशंसा की

**वडोदरा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पैनिश फुटबॉल की तारीफ करते हुए कहा है कि भारत में उसे काफी पसंद किया जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि रियल मैड्रिड और बार्सिलोना के बीच मैच हुआ और इस पर भारतीय प्रशंसकों की भी नजरें रहीं। बार्सिलोना की शानदार जीत यहां भी चर्चा का विषय रही। मैं आपको यह भी बता सकता हूं कि भारत में दोनों क्लबों के प्रशंसकों के बीच उतनी ही हंसी-मजाक हुई, जितनी स्पेन में होती होगी। भारत में उत्साह से ये मुकाबले देखे जाते हैं। बार्सिलोना के लिए हाल ही में एल क्लासिको में जीत एक अहम उपलब्धि थी। क्लब हांसी फ्लिक के नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन कर रहा है। पहले हाफ में संघर्षपूर्ण प्रदर्शन के बाद रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के दो गोलों के साथ तेजी से जीत की राह खुली, जिसके बाद लैमिन यामल ने गोल किए, जो क्लासिको के इतिहास में सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर बन गए। वहीं रॉबर्त लेवानदॉस्की के दो गोल की मदद से बार्सिलोना ने ला लीगा फुटबॉल टूनार्मेंट में शनिवार को खेले गए मुकाबले में चिर प्रतिद्वंद्वी रियल मैड्रिड पर 4-0 से आसान जीत दर्ज की।

### शमी ने प्रशंसकों से माफी मांगी कहा : शीध्र वापसी करूंगा

**नयी दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले मैच फिटनेस हासिल नहीं कर पाने के लिए प्रशंसकों और भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से माफी मांगी है। शमी को पूरी तरह से फिट नहीं होने के कारण ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए शामिल नहीं किया गया है। साथ ही कहा कि मैं शीघ्र ही वापसी करुंगा। भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया में पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर गावस्कर सीरीज खेलनी है। शमी ने सर्जरी के बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अपना रिहैबिलिटेशन पूरा कर लिया है पर उनके घुटनों की सूजन अभी तक ठीक नहीं हुई है। इस कारण उनकी वापसी नहीं हो पायी है। शमी ने हालांकि कहा था कि उन्हें कोई दर्द नहीं है। इस तेज गेंदबाज ने कहा, मैं प्रयास कर रहा हूं और दिन-प्रतिदिन अपनी गेंदबाजी फिटनेस को ठीक करेन का प्रयास कर रहा हूं।

### सीए ने पाकिस्तान दौरे के लिए घोषित किया ऑस्ट्रेलियाई दल

**सिडनी :** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने पाकिस्तान दौरे के लिए 13 सदस्यीय ऑस्ट्रेलियाई दल की घोषणा कर दी है। ऑस्ट्रेलियाई टीम अगले माह होने वाले इस दौरे में एकदिवसीय और टी20 सीरीज खेलेगी। हैरानी की बात ये है कि ऑस्ट्रेलिया ने टी20 टीम के लिए कप्तान के नाम की घोषणा नहीं की है। टी20 सीरीज 14 से 18 नवंबर तक खेली जाएगी जबकि इसके तुरंत बाद बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी शुरू होगी। ऑस्ट्रेलिया के नियमित टी20 कप्तान मिचेल मार्श भी भारत के खिलाफ टेस्ट की तैयारियों में लगे हैं। माना जा रहा है कि इसीलिए सीए ने टी20 टीम के लिए 13 खिलाड़ियों का एक स्क्वॉड घोषित किया है, इसमें से किसी भी खिलाड़ी ने इससे पहले कप्तानी नहीं की है। इस दल में अनुभवी खिलाड़ी ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, और स्पिनर एडम जांपा को भी शामिल किया गया है। कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड भी इस सीरीज के दौरान टीम के साथ नहीं रहेंगे।

# अब तीसरे टेस्ट में भारतीय टीम लगायेगी पूरा जोर

**एजेंसी**

**मुम्बई :** भारतीय क्रिकेट टीम के लिए यहां 1 नवंबर से मेहमान टीम न्यूजीलैंड के साथ होने वाला तीसरा और अंतिम टेस्ट मैच बेहद अहम होगा। भारतीय टीम का लक्ष्य वानखेड़े स्टेडिमय में होने वाले इस मैच को हर हाल में जीतना रहेगा। पहले दो मैचों में हार से भारतीय टीम के हाथों से सीरीज पहले ही निकल गयी है। इसके अलावा उसके विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की संभावनाओं पर भी प्रभाव पड़ा है। अब देखना है कि इस मैच में भारतीय टीम की क्या रणनीति होती है। अब भारतीय टीम के सामने वानखेड़े में कीवी टीम के खिलाफ आखिरी टेस्ट मैच में न सिर्फ प्रतिष्ठा बचाने की चुनौती होगी, बल्कि डब्ल्यूटीसी को ध्यान में रखकर मुकाबला भी जीतना होगा। घरेलू धरती में टीम इंडिया के खराब



प्रदर्शन ने कई सवाल खड़े किए हैं। इससे कोच, कप्तान और अनुभवी बल्लेबाजी विराट कोहली भी निशाने पर हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ न तो गंभीर की कोचिंग काम आई और न ही कप्तान रोहित की रणनीति। जबकि, विराट कोहली बल्ले से लगातार संघर्ष कर रहे हैं। जसप्रीत बुमराह की गेंदबाजी में भी वो पुरानी धार नजर नहीं आई। अब सवाल यह है कि जब खिलाड़ी ही विफल रहेंगे तो अन्य खिलाड़ियों से क्या उम्मीद की जाए। पिछले 12 साल में टीम इंडिया को अपने ही घर में पहली बार किसी टीम से टेस्ट सीरीज में हार का सामना करना पड़ा है और अब उसके सामने एक बड़ा खतरा है क्लीन स्वीप का। न्यूजीलैंड ने तो इतिहास बना दिया लेकिन अब टीम इंडिया क्लीन स्वीप से बचना चाहेगी। अगर, कीवी टीम वानखेड़े टेस्ट भी जीतने में सफल होगी तो यह एक बड़ा रिकॉर्ड होगा क्योंकि भारतीय क्रिकेट टीम का घर पर कभी भी लगातार तीन मैच नहीं हारी है। माना जा रहा है कि तीसरे टेस्ट से पहले टीम इंडिया मुंबई में 30 और 31 अक्टूबर को अभ्यास करेगी। ये सत्र सभी खिलाड़ियों के लिए अनिवार्य होगा। रोहित, कोहली और बुमराह जैसे सीनियर प्लेयर्स को भी आराम नहीं मिलेगा।

## गुजरात पर मिली जीत से टीम का आत्मविश्वास मजबूत हुआ : उपेन्द्र मलिक

**एजेंसी**

**हैदराबाद :** हैदराबाद के जीएमसीबी इंडोर स्टेडियम में पीकेएल सीजन 11 के रोमांचक मुकाबले में रविवार शाम यूपी योद्धा ने गुजरात जायंट्स पर 35-29 से जीत हासिल की, जिसमें भरत (13 अंक) और भवानी राजपूत (9 अंक) ने योद्धाओं के लिए बढ़त बनाई, जबकि राकेश ने जायंट्स के लिए 8 अंक हासिल किए। गुमान सिंह और सोमबीर के माध्यम से जायंट्स की मजबूत शुरूआत के बावजूद, योद्धाओं ने वापसी की और भवानी राजपूत की शुरूआती रेड के बाद गति प्राप्त की। खेल का टर्निंग पॉइंट हाफटाइम से ठीक पहले आया जब राकेश पर महेंद्र सिंह के सफल टैकल के परिणामस्वरूप ऑल आउट हो गया, जिससे ब्रेक तक योद्धाओं को 19-17 की बढ़त मिल गई, जिसे उन्होंने अंत तक बनाए रखा। सहायक कोच उपेंद्र मलिक ने कहा, यह निस्संदेह हमारे द्वारा अब तक खेले गए चार मैचों में सबसे कठिन मैच था। हमारे खिलाड़ियों ने शुरू से लेकर आखिर तक दबाव की स्थितियों को जिस तरह से संभाला, वह उल्लेखनीय था। पहले ऑल-आउट के बाद भी, हमने तीन से चार अंकों की बढ़त बनाए रखी, जिसमें महत्वपूर्ण सुपर टैकल भी शामिल थे।



ऑस्ट्रेलिया में एफआईएस अल्पाइन सकींइंग विश्वकप में नार्वे के एलेकजेंडर स्टीन ओलसन स्लेलोम मुकाबले में जीत के बाद जश्न मनाते हुए।

## पीकेएल को दिया गया वर्ष के सर्वश्रेष्ठ स्पोर्ट्स लीग का पुरस्कार

**एजेंसी**




**नयी दिल्ली :** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) को सीआईआई स्पोर्ट्स बिजनेस अवार्ड्स 2024 में प्रतिष्ठित 'बेस्ट स्पोर्ट्स लीग ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार समारोह शुक्रवार, 18 अक्टूबर को नई दिल्ली में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) स्कोर कार्ड 2024 कार्यक्रम के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया था, जिस दिन पीकेएल के 11वें संस्करण की शुरूआत भी हुई थी। सीआईआई स्पोर्ट्स बिजनेस अवार्ड्स, एक अभूतपूर्व पहल है, जो खेल व्यवसाय क्षेत्र में उत्कृष्टता और नवाचार को मान्यता देता है। इस अत्यधिक प्रतिस्पर्धी श्रेणी में प्रो कबड्डी लीग की जीत भारतीय खेल परिदृश्य पर इसके प्रभाव और एक खेल के रूप में कबड्डी के विकास में इसके योगदान को रेखांकित करती है। प्रो कबड्डी लीग के लीग कमिश्नर अनुपम गोस्वामी ने पुरस्कार मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, हम सीआईआई से यह मान्यता प्राप्त करके रोमांचित हैं। यह पुरस्कार 2014 में अपनी शुरूआत से ही प्रो कबड्डी लीग को एक शानदार सफलता बनाने में शामिल सभी लोगों की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है। जैसा कि हम भविष्य की ओर देखते हैं, हम पीकेएल को और भी अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने, कबड्डी को और अधिक लोकप्रिय बनाने और भारत के वैश्विक खेल महाशक्ति बनने के सपने में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## मेरे परिवार ने मेरे लिए बहुत कुछ किया, चाहता हूं कि वे एक अच्छी जिन्दगी जियें : रेडर देवांक



**एजेंसी**

**हैदराबाद :** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 11 में कुछ बहुत ही प्रभावशाली प्रदर्शन देखने को मिले हैं जो थीम पर फिट बैठते हैं। सीजन के शुरूआती हिस्से में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में से एक पटना पाइरेट्स के युवा रेडर देवांक दलाल रहे हैं, जिन्होंने सभी को अपनी प्रतिभा पर ध्यान देने के लिए मजबूर कर दिया। हरियाणा के रोहतक से आने वाले युवा देवांक ने हैदराबाद की भीड़ को अपना नाम जपने पर मजबूर कर दिया, जब उन्होंने अकेले ही पटना पाइरेट्स को तमिल थलाइवाज के खिलाफ एक असंभव जीत दिलाई। यह पटना पाइरेट्स की सीजन की पहली जीत थी, और देवांक ने 25 अंक बनाए क्योंकि वे पीछे से आए और जीत हासिल की, जो वास्तव में हार के मुंह से निकली थी। देवांक ने कहा, श्यह सब टीम के बारे में था और मैं सोच रहा था कि पटना पाइरेट्स के लिए मैट पर किसी न किसी को आगे आना चाहिए। उस दिन, तमिल थलाइवाज के खिलाफ, यह मेरा दिन था और दूसरे दिन, कोई और खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन करेगा। लेकिन, हमारे लिए एक साथ खेलना महत्वपूर्ण है और इसी तरह हम खेल जीत सकते हैं। देवांक के लिए, एकमात्र ध्यान यह सुनिश्चित करना है कि पटना पाइरेट्स पीकेएल सीजन 11 में अच्छा प्रदर्शन करे। उन्होंने कहा, श्मेरे साथी, कप्तान शुभम शिंदे, मुझे आगे बढ़ने और अंक हासिल करने का आत्मविश्वास देते रहे।

## बिहार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** हॉकी इंडिया ने सोमवार को बहुप्रतीक्षित बिहार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी राजगीर 2024 में प्रतिस्पर्धा करने के लिए पुनर्गठित 18 सदस्यीय भारतीय महिला टीम की घोषणा की है। यह टूर्नामेंट 11 से 20 नवंबर तक बिहार के नव-विकसित राजगीर हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। पिछले साल रांची में हुए संस्करण में खिताब जीतने के बाद, गत चैंपियन के रूप में भारत उच्च उम्मीदों के साथ प्रतियोगिता में प्रवेश कर रहा है। महाद्वीपीय वर्चस्व की लड़ाई में टीम को मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन, जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड सहित पांच अन्य देशों से



कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे होंगी, जबकि नवनीत कौर उनकी डिप्टी होंगी। उनके नेतृत्व में, भारत का लक्ष्य अपने खिताब का बचाव करना है। टीम के चयन और टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम की तैयारी पर मिडफील्डर और कप्तान सलीमा टेटे ने कहा, श्एक और प्रमुख टूर्नामेंट में टीम का नेतृत्व करना एक अविश्वसनीय एहसास है, खासकर गत विजेता के रूप में। हमने कठोर प्रशिक्षण लिया है और हमारे पास अनुभवी खिलाड़ियों और युवा प्रतिभाओं दोनों के साथ एक मजबूत इकाई है। हमारा लक्ष्य अपने खिताब का बचाव करना और उसी जुनून और दृढ़ संकल्प के साथ खेलना है जो हमने पिछले साल दिखाया था। इस बीच, उप-कप्तान नवनीत कौर ने कहा, श्हमें अपनी तैयारी और टीम के भीतर बनी केमिस्ट्री पर भरोसा है। अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलना एक बहुत बड़ा बढ़ावा है, और हम एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करने के लिए तैयार हैं। सलीमा के साथ काम करना शानदार रहा है, और हम इस टूनार्मेंट को यादगार बनाने के लिए दृढ़ हैं। भारत 11 नवंबर को मलेशिया के खिलाफ बिहार महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी राजगीर 2024 अभियान की शुरूआत करेगा।

## बीसीबी की पेशकश पर बांग्लादेश टेस्ट टीम की कप्तानी संभालने को तैयार ताइज़ुल इस्लाम



**एजेंसी**

**चटगांव :** बांग्लादेश के अनुभवी बाएं हाथ के स्पिनर ताइजुल इस्लाम जरूरत पड़ने पर टेस्ट टीम की कप्तानी संभालने के लिए तैयार हैं। उनसे टेस्ट टीम की कप्तानी के बारे में पूछा गया था, क्योंकि ऐसी खबरें थीं कि मौजूदा कप्तान नजमुल हुसैन शांतो घरेलू मैदान पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रही सीरीज के बाद कप्तानी जारी रखने के लिए तैयार नहीं हैं। बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा और अंतिम टेस्ट 29 अक्टूबर (मंगलवार) से शुरू होने वाला है। मेहमान टीम शुरूआती टेस्ट में सात विकेट से जीत दर्ज करके 1-0 से आगे चल रही है। बता दें कि शांतो ने सीरीज के बाद कप्तानी छोड़ने की इच्छा जताई थी। इस बारे में पूछे जाने पर, एक दशक से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे अनुभवी ताइजुल ने शांतो के बारे में ऐसी किसी भी बात को सुनने से इनकार किया, लेकिन साफ किया कि जरूरत पड़ने पर वह कप्तानी संभालने के लिए तैयार हैं।

## गैरी कर्स्टन ने पाकिस्तान के व्हाइट-बॉल कोच पद से दिया इस्तीफा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज गैरी कर्स्टन सोमवार को पाकिस्तान की एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय टीमों के कोच पद से इस्तीफा दे दिया है। कर्स्टन बमुश्किल पांच महीने तक इस पद पर रहे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा अप्रैल 2024 में दो साल के अनुबंध पर नियुक्त किए गए कर्स्टन अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के व्हाइट-बॉल दौरे से पहले अलग हो जाएंगे। टेस्ट कोच जेसन गिलेस्पी अगले महीने ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर पाकिस्तान की पुरुष क्रिकेट टीम की कमान संभालेंगे। पीसीबी ने एक्स पर पोस्ट किया,



पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने आज घोषणा की कि जेसन गिलेस्पी अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के व्हाइट-बॉल दौरे पर पाकिस्तान की पुरुष क्रिकेट टीम के कोच होंगे, गैरी कर्स्टन ने अपना इस्तीफा सौंप दिया है, जिसे स्वीकार कर लिया गया। दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी का पहला बड़ा काम वेस्टइंडीज और अमेरिका में टी20 विश्व कप था, जो पाकिस्तान के ग्रुप स्टेज में बाहर होने के साथ समाप्त हुआ। उन्होंने एक भी वनडे में पाकिस्तान को कोचिंग दिए बिना अपनी भूमिका छोड़ दी, जिस प्रारूप में उन्होंने अपनी सबसे बड़ी सफलता हासिल की है। 56 वर्षीय कर्स्टन ने 2011 में भारत को 50 ओवर के विश्व कप का खिताब दिलाया था।

## दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट के बाद कचरे से पटा दिल्ली का जेएलएन स्टेडियम

**एजेंसी**



**नयी दिल्ली :** भारत में खेलों के लिए पवित्र स्थल माना जाने वाला जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम हाल ही में पंजाबी सुपरस्टार दिलजीत दोसांझ के दो दिवसीय दिल-लुमिनाती संगीत कार्यक्रम के बाद विवाद के केंद्र में आ गया, जब ट्रैक एंड फील्ड एथलीट बेअंत सिंह ने कार्यक्रम स्थल की अव्यवस्था की तस्वीरें पोस्ट करते हुए सोशल मीडिया पर अपनी निराशा व्यक्त की। सप्ताहांत में आयोजित इस कॉन्सर्ट में हर रात लगभग 35,000 प्रशंसक आए, लेकिन स्टेडियम, जो आमतौर पर खेलों के लिए आरक्षित होता है, कार्यक्रम के बाद गंदगी की स्थिति में छोड़ दिया गया। सिंह द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में, स्टेडियम का ट्रैक और फील्ड क्षेत्र कचरे, शराब के कंटेनरों और क्षतिग्रस्त एथलेटिक उपकरणों से अटा पड़ा था। सिंह ने इंस्टाग्राम पर साझा किया, यह वह जगह है जहां एथलीट प्रशिक्षण लेते हैं, लेकिन यहां लोगों ने शराब पी और पार्टी की। इसके लिए स्टेडियम को कल तक के लिए बंद कर दिया गया था।

# पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** ऑस्ट्रेलिया को पाकिस्तान के खिलाफ आगामी टी-20 श्रृंखला के लिए नया कप्तान मिलेगा, क्योंकि उसके टेस्ट सितारे इस श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। यह श्रृंखला उसी सप्ताह समाप्त होगी, जिस सप्ताह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी अभियान शुरू होगा। पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए जोश इंगलिस, एडम जाम्पा और मैट शॉर्ट को टीम में शामिल किया गया है। ब्रिसबेन, सिडनी और होबार्ट में होने वाले मैचों के लिए 13 सदस्यीय टीम में टेस्ट टीम के किसी भी मौजूदा खिलाड़ी को नहीं चुना गया है। हालांकि, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा कि चुने गए कुछ खिलाड़ी 18




नवंबर को बेलरिव ओवल में होने वाले अंतिम टी-20 मैच के बाद पर्थ में भारत के खिलाफ होने वाले सीरीज के पहले मैच के लिए टेस्ट टीम में शामिल हो सकते हैं। सितंबर में इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के व्हाइट-बॉल दौरे से पहले या उसके दौरान लगी चोटों के बाद तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट, नाथन एलिस और स्पेंसर जॉनसन टीम में वापस आ गए हैं। मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, श्जेवियर, स्पेंसर और नाथन का राष्ट्रीय टीम में वापस आना विशेष रूप से उत्साहजनक है। यह उनके लिए अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी क्षमता दिखाने का एक और अवसर है, जैसा कि उन्होंने अतीत में किया है।

**ऑस्ट्रेलिया की टी-20 अंतरराष्ट्रीय टीम**

**सीन एबॉट,** जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, टिम डेविड, नाथन एलिस, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, आरोन हार्डी, जोश इंगलिस, स्पेंसर जॉनसन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस, एडम जाम्पा।

# दक्षिण कोरिया ने अंडर-17 एशियाई कप फाइनल के लिए किया क्वालीफाई

**एजेंसी**

**डालियान :** दक्षिण कोरिया ने रविवार को चीन के साथ 2-2 से ड्रा खेलकर अपने क्वालीफाइंग ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल कर अंडर-17 एशियाई कप फाइनल में स्थान सुनिश्चित कर लिया। ग्रुप सी के अंतिम गेम में स्थानापन्न ली जी-हो ने 87वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर दक्षिण कोरिया को बराबरी दिलाई। दक्षिण कोरिया और चीन दोनों ने अपने क्वालीफाइंग अभियान को तीन जीत और एक ड्रॉ के साथ समाप्त किया, जिसमें दक्षिण कोरिया अपने बेहतर गोल अंतर के कारण शीर्ष पर रहा। अन्य समूहों के खेल समाप्त होने के बाद ही चीन को



पता चलेगा कि वे पांच सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान वाली टीमों में से एक के रूप में फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं या नहीं। दक्षिण कोरिया ने मैच में आक्रामक शुरूआत की और नौवें मिनट में ही स्ट्राइकर जून मिन-सुंग ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया। चीन के मिडफील्डर याओ जुन्यू ने 45वें मिनट में कोरियाई रक्षा पंक्ति को तोड़कर स्कोर बराबर कर दिया। 66वें मिनट में, चीन को पेनल्टी दी गई, और फॉरवर्ड वेई जियांगक्सिन ने आगे बढ़कर मेजबान टीम को 2-1 से आगे कर दिया।

## एक झलक

### आशीष कचोलिया व कैपी ग्लोबल होल्डिंग्स ने क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक के प्री-आईपीओ में किया निवेश

**मुंबई/नयी दिल्ली :** ट्रेन नियंत्रण और सिग्नलिंग सिस्टम विकसित करने वाली अनुसंधान-उन्मुख नई पीढ़ी की कंपनी क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक लिमिटेड ने आशीष कचोलिया, कैपी ग्लोबल और अन्य प्रमुख व्यक्तिगत निवेशकों से 48 करोड़ रुपये जुटाए हैं। क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक लिमिटेड ने सोमवार को बताया कि कंपनी ने अपने प्री-आईपीओ दौर में आशीष कचोलिया, कैपी ग्लोबल होल्डिंग्स और अन्य उल्लेखनीय व्यक्तिगत निवेशकों से 48 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी के मुताबिक ये लेन-देन कंपनी के प्रमोटरों द्वारा निवेशकों को इक्विटी शेयरों की बिक्री अर्थात द्वितीयक बिक्री है। यह कोई नया निर्गम या प्राथमिक बिक्री नहीं है। कंपनी ने बताया कि 275 करोड़ रुपये का मूल आईपीओ आकार अभी भी बरकरार है। कंपनी ने 26 अक्टूबर, 2024 को की गई एक सार्वजनिक घोषणा में कहा कि अपने प्रमुख बैंकरों के परामर्श से, उसने व्यक्तिगत और संस्थागत निवेशकों को 240 रुपये प्रति शेयर (230 रुपये के प्रीमियम सहित) के निर्गम मूल्य पर 2,000,000 इक्विटी शेयर जारी किए हैं, जिसका कुल योग 48 करोड़ रुपये होता है। इस इन्वेस्टमेंट राउंड में प्रमुख रूप से हिस्सा लेने वालों में सूर्यवंशी कमोडेक्स प्राइवेट लिमिटेड (आशीष कचोलिया) शामिल हैं, जिसने 765,000 इक्विटी शेयर हासिल किए हैं, जबकि प्लाटिपाई कैपिटल लिमिटेड ने 125,000 शेयर प्राप्त किए हैं। उल्लेखनीय है कि 2015 में स्थापित क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक रेल यात्रियों के लिए उच्चतम स्तर की सुरक्षा और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किए गए उन्नत ट्रेन कंट्रोल और सिग्नलिंग सिस्टम बनाने में माहिर है। ये कंपनी एक इलेक्ट्रॉन बीम विकिरण केंद्र और विकिरणित ई-बीम केबल के निर्माण के लिए एक मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी सुविधा भी संचालित करती है।

### वारी एनर्जीज का शेयर करीब 70 फीसदी प्रीमियम के साथ सूचीबद्ध

**मुंबई/नयी दिल्ली :** सोलर पीवी मॉड्यूल निर्माता वारी एनर्जीज लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 1503 रुपये से करीब 70 फीसदी उछल के साथ सोमवार को शेयर बाजार में सूचीबद्ध हुआ। कंपनी ने 4,321.44 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए मूल्य का दायरा (प्राइस बैंड) 1,427–1,503 रुपये प्रति शेयर तय किया था। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर कंपनी का शेयर 2,550 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ है, जो निर्गम मूल्य से 69.66 फीसदी की बढ़त को दर्शाता है। इसके बाद यह 72.98 फीसदी चढ़कर 2,600 रुपये पर पहुंच गया। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचें (एनएसई) पर कंपनी का शेयर 66.33 फीसदी की बढ़त के साथ 2,500 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) 67,866.35 करोड़ रुपये रहा। वारी एनर्जीज लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के अंतिम दिन 76.34 गुना अभिदान मिला था। ये आईपीओ 21 से 23 अक्टूबर तक निवेश के लिए खुला हुआ था। कंपनी का आईपीओ तीन दिनों में कुल 79.44 गुना सब्सक्राइब हुआ। खुदरा कैटेगरी में ये इश्यू 11.27 गुना, क्वालीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स में 215.03 गुना, जबकि नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) कैटगरी में 65.25 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

# सेंसेक्स 0.76 प्रतिशत व निफ्टी 0.65 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद

**नयी दिल्ली :** पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान लगातार कमजोरी का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार ने दिवाली वाले सप्ताह की जोरदार शुरूआत की। कारोबार की शुरूआत भी बढ़त के साथ हुई थी। शुरूआती 1 घंटे के कारोबार में उतार-चढ़ाव भी होता हुआ नजर आया लेकिन इसके बाद खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने जोरदार तेजी दिखाई। सेंसेक्स जहां इंट्रा-डे में 1,137 अंक चढ़ गया, वहीं निफ्टी ने भी 311 अंक से अधिक की छलांग लगायी। हालांकि दिन के दूसरे सत्र में मुनाफा वसूली होने की वजह से ये दोनों सूचकांक ऊपरी स्तर से फिसल गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.76 प्रतिशत



और निफ्टी 0.65 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। दिन भर के कारोबार के दौरान मेटल, बैंकिंग, रियल्टी और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसके साथ ही आईटी, ऑटोमोबाइल, कंज्यूमर ड्यूरेबल, एफएमसीजी, ऑयल एंड गैस, टेक और पीएसई इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। कैपिटल गुड्स सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.69 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.11 प्रतिशत की तेजी के साथ कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 441.36 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानि शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 436.98 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को कारोबार से करीब 4.38 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,153 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,581 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 1,411 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 161 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,547 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,730 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 817 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 23 शेयर बढ़त के साथ और 7 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 36 शेयर हरे निशान में और 14 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

# 8वें एफआईआई में भाग लेने रियाद जायेंगे केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 29-30 अक्टूबर तक आर्थिक संबंधों को बढ़ाने और 8वें फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव (एफआईआई) में भाग लेने के लिए सऊदी अरब के दौरे पर जाएंगे। मंत्री गोयल रियाद के लुलु हाइपरमार्केट में दिवाली उत्सव का उद्घाटन भी करेंगे। इसके साथ ही वे भारतीय दूतावास में एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) दीवार का अनावरण भी करेंगे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय से सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 29-30 अक्टूबर तक सऊदी अरब की यात्रा पर रहेंगे। गोयल के इस यात्रा का उद्देश्य भारत-सऊदी अरब रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करना तथा व्यापार, निवेश और आर्थिक सहयोग के नए रास्ते तलाशना है, जो भारत की बढ़ती वैश्विक आर्थिक उपस्थिति को रेखांकित करता है। मंत्रालय के मुताबिक गोयल इस दौरान रियाद में फ्यूचर इन्वेस्टमेंट इनिशिएटिव (एफआईआई) के 8वें संस्करण में भाग लेंगे, जो एक महत्वपूर्ण मंच है और वैश्विक नेताओं, निवेशकों और नवोन्मेषकों को एक साथ लाता है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल इस दौरान रियाद के लुलु हाइपरमार्केट में दिवाली उत्सव का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री भारतीय दूतावास में एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) दीवार का अनावरण करेंगे, जिससे वैश्विक स्तर पर भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और स्थानीय शिल्प कौशल को बढ़ावा मिलेगा।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टैक्स प्रैक्टिशनर्स के लिए नया अवसर : नारायण जैन

**कोल्हापुर :** ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ टैक्स प्रैक्टिशनर्स (एआईएफटीपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट नारायण जैन ने कोल्हापुर में आयोजित राष्ट्रीय कर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) भारत के टैक्स प्रैक्टिशनर्स, अधिवक्ताओं और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए एक नया अवसर प्रस्तुत कर रहा है। उन्होंने बताया कि भारत पहले से ही सूचना प्रौद्योगिकी में अग्रणी है और अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से यह क्षेत्र कर प्रैक्टिस के क्षेत्र में नए दरवाजे खोल सकता है। एआईएफटीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट जैन ने इस बात पर जोर दिया कि भारत के कानून मंत्री को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के सही उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए जल्द से जल्द कानूनी ढांचे को स्थापित करने पर ध्यान देना चाहिए, ताकि



इसका दुरुपयोग न हो सके। उन्होंने एनवीआईडिया के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेन्सेन हुआंग के बयान का भी उल्लेख किया, जिसमें एआई के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला गया था। जैन ने सोमवार को बताया कि यह सम्मेलन 26 और 27 अक्टूबर को कोल्हापुर में एआईएफटीपी द्वारा जीएसटीपीएएम, एमसीसीआईए और अन्य कई कर संघों के सहयोग से आयोजित किया गया। दो दिवसीय इस सम्मेलन को डिप्टी प्रेसिडेंट समीर जानी ने भी संबोधित किया और आयोजकों की विशेष सराहना की। सम्मेलन के आयोजन में विनायक पाटकर (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष) और अरुण बाहेती की महत्वपूर्ण भूमिका की भी तारीफ की गई। सम्मेलन में महाराष्ट्र चैंबर ऑफ कॉमर्स, इंडस्ट्री एंड एग्रीकल्चर (एमसीसीआईए) के अध्यक्ष ललित गांधी ने कर पेशेवरों की भूमिका की प्रशंसा की और आयकर के साथ-साथ जीएसटी के अनुपालन के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कर सुधारों के लिए प्रतिनिधित्व करने और कर प्रणाली को सरल बनाने में अपने चैंबर और एआईएफटीपी की सक्रिय भागीदारी का सुझाव दिया।

# एनटीपीसी ग्रीन व अवांसे फाइनेंशियल को आईपीओ लाने की मंजूरी

**नयी दिल्ली :** मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) ने एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी और अवांसे फाइनेंशियल सर्विसेज को आईपीओ लाने के लिए हरी झंडी दे दी है। सेबी ने इन दोनों कंपनियों के नाम से ऑब्जर्वेशन लेटर भी जारी कर दिया है। इन कंपनियों को अब ऑब्जर्वेशन लेटर जारी होने के बाद 1 साल की अवधि में अपना आईपीओ लॉन्च करना होगा। देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी की सब्सिडियरी कंपनी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी ने 18 सितंबर को मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रोस्पेक्टस (डीआरएचपी) जमा कराया था। कंपनी अपने पब्लिक इश्यू के माध्यम से 10,000 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है।

# प्रह्लाद जोशी ने चावल मिलर्स की शिकायतों के समाधान के लिए मोबाइल ऐप किया लॉन्च

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोमवार को नयी दिल्ली में चावल मिलर्स के लिए भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के शिकायत निवारण प्रणाली (एफसीआई-जीआरएस) मोबाइल ऐप को लॉन्च किया। इस नए ऐप के माध्यम से चावल मिलर्स की चिंताओं को दूर करने में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाना है। चावल मिलर्स के लिए एफसीआई की शिकायत निवारण प्रणाली मोबाइल ऐप एफसीआई-जीआरएस ऐप की लॉन्चिंग के अवसर पर प्रहलाद जोशी ने कहा कि मुझे बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता एक प्रभावी शिकायत



निवारण तंत्र स्थापित करना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के डिजिटल इंडिया विजन के अनुरूप इस उल्लेखनीय कदम का उद्देश्य एफसीआई के साथ सीधे संपर्क स्थापित करके देशभर में हमारे मेहनती चावल मिलर्स को सशक्त बनाना है, जिससे शिकायत निवारण प्रणाली को सुव्यवस्थित और पारदर्शी बनाया जा सके। जोशी ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि यह एक ऐसी शासन प्रणाली बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है, जो वास्तव में समावेशी, जवाबदेह और नागरिकों की जरूरतों में निहित हो। उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्री ने कहा कि यह ऐप चावल मिलर्स को सीधे अपनी शिकायतें दर्ज करने की अनुमति देता है। एक बार शिकायत दर्ज होने के बाद तीन दिनों के भीतर जांच करने के लिए तीन सदस्यीय टीम भेजी जायेगी, जो मिलर्स से बातचीत करेगी और उसी अवधि के भीतर समाधान की सिफारिश करेगी। भारतीय खाद्य निगम मुख्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में अधिकारियों ने ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही के उच्चतम मानकों को बनाये रखने की शपथ भी ली। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री के 'डिजिटल इंडिया' विजन के अनुरूप ये ऐप चावल मिलर्स को शिकायत दर्ज करने, स्थिति को ट्रैक करने और एफसीआई से प्रतिक्रिया और टिप्पणियां प्राप्त करने के लिए एक सहज मंच प्रदान करता है।

# ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

**नयी दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार मिले-जुले परिणामों के साथ बंद हुए थे। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। एशियाई बाजारों में भी आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान लगातार उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.03 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 5,808.12 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, नैस्डेक ने 103.12 अंक यानी 0.56 प्रतिशत की मजबूती के साथ 18,518.61 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 141.45 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की मजबूती के साथ 42,253.86 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.25 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,248.84 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,497.54 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। दूसरी ओर, डीएएक्स इंडेक्स 0.11 प्रतिशत की मजबूती के साथ 19,463.59 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में भी मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 5 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 4 सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में बने हुए हैं। गिफ्ट निफ्टी 0.26 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,212 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स 0.85 प्रतिशत उछल कर 2,605.32 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है।

### सोनी सब के कलाकारों ने रोमांचक दीवाली प्लान को किया शेयर



**मुंबई :** रोशनी का त्यौहार दिवाली एकता, खुशी और जश्न का त्यौहार है। इस साल सोनी सब के चहेते कलाकार न केवल अपने शो के जरिए, बल्कि सेट पर भी त्यौहार की खुशियां फैला रहे हैं। अपने व्यस्त शूटिंग शेड्यूल को देखते हुए ये कलाकार अपने सह-कलाकारों और क्रू के साथ दिवाली का आनंद ले रहे हैं, और सुनिश्चित कर रहे हैं कि त्यौहार की भावना सभी को महसूस हो। बादल पे पांव है में आकाश आहूजा ने कहा, दिवाली एक बहुत ही खास समय है। हम अपने सह-कलाकारों के साथ बिताये गये समय का अधिकतम लाभ उठाते हैं। सेट पर ही त्यौहारों का आनंद लेना सुनिश्चित करते हैं। श्रीमद् रामायण की प्राची बंसल ने कहा, मैंने हमेशा अपने परिवार के साथ दिवाली मनाई है, लेकिन यह पहली बार होगा जब मुझे उनके साथ त्योहार मनाने का मौका नहीं मिलेगा।

# धनतरेस से पहले सर्राफा बाजार में मामूली कमजोरी

**नयी दिल्ली :** घरेलू सर्राफा बाजार में धनतेरस के पहले मामूली गिरावट नजर आ रही है। सोने की कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 80,430 रुपये से लेकर 80,280 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 73,740 रुपये से लेकर 73,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में मामूली कमजोरी आई है, जिसकी वजह से दिल्ली सरार्फा बाजार में इस चमकीली धातु की कीमत आज 97,900 रुपये प्रति किलोग्राम के



स्तर पर आ गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 80,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,740 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 80,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 80,330 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 73,640 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 80,280 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 73,590 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 80,280 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 80,430 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 73,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 80,330 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 73,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 80,430 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में मामूली गिरावट आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 80,280 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## पेज एक के शेष

**भारत में रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र नयी ऊंचाइयां छू रहा : प्रधानमंत्री...**

देरी नहीं होने पर जोर देते हुए कहा कि उनका ध्यान हमेशा योजना और निष्पादन के समय को कम करने पर रहा है। उन्होंने कहा कि इस फैक्ट्री को रिकार्ड समय में उत्पादन के लिए तैयार किया गया है। यहां बने विमान को दूसरे देशों को भी भेजा जायेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत में रक्षा विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र नयी ऊंचाइयां छू रहा है। 10 साल पहले अगर हमने ठोस कदम नहीं उठाये होते, तो आज इस मंजिल पर पहुंचना असम्भव ही था। उन्होंने कहा कि पिछले 5-6 सालों में भारत में 1000 नये डिफेंस स्टार्टअप्स शुरू हुए हैं। पिछले दस सालों में भारत का डिफेंस एक्सपोर्ट 30 गुना बढ़ा है। आज हम 100 से ज्यादा देशों को डिफेंस इक्विपमेंट एक्सपोर्ट करते हैं। आज हम देश में स्किल और जॉब क्रिएशन पर फोकस कर रहे हैं। एयरबस और टाटा की इस फैक्टरी से हजारों जॉब्स पैदा होंगे।

उन्होंने कहा कि किसी भी सम्भावना को समृद्धि में बदलने के लिए सही योजना और सही साझेदारी जरूरी है। भारत के रक्षा क्षेत्र का कायाकल्प इसका उदाहरण है। बीते दशक में देश ने अनेक ऐसे फैसले लिए जिससे भारत में एक वाइब्रेंट डिफेंस इंडस्ट्री का विकास हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि वह आज के कार्यक्रम को परिवहन विमान के निर्माण से कहीं आगे तक देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में भारत के विमानन क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि और परिवर्तन देखा गया है। हम पहले से ही भारत को विमानन केन्द्र बनाने के लिए काम कर रहे हैं। यह पारिस्थितिकी तंत्र भविष्य में मेड इन इंडिया नागरिक विमानों का मार्ग प्रशस्त करेगा। विभिन्न भारतीय एयरलाइन ने 1200 नए विमानों के लिए ऑर्डर दिये हैं। यह कारखाना भारत और दुनिया की भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए नागरिक विमानों के डिजाइन और निर्माण में प्रमुख भूमिका निभायेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि स्पेन में योग भी बहुत लोकप्रिय है। स्पेन का फुटबॉल भी भारत में बहुत पसंद किया जाता है। मोदी ने खुशी जतायी कि भारत और स्पेन ने 2026 को भारत-स्पेन संस्कृति, पर्यटन और एआई के वर्ष के रूप में मनाने का फैसला किया है। स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज ने कहा कि एयरबस और टाटा के बीच साझेदारी भारतीय एयरोस्पेस उद्योग की प्रगति में योगदान देगी और अन्य यूरोपीय कंपनियों के आगमन के लिए नये दरवाजे खोलेगी। उन्होंने कहा कि आज हम देख रहे हैं कि कैसे दो कम्पनियों के बीच एक असाधारण परियोजना वास्तविकता बन गयी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि यह आपके विजन की भी जीत है। भारत को एक औद्योगिक महाशक्ति और निवेश तथा व्यापार से व्यापार सहयोग के लिए एक आकर्षण का केन्द्र बनाने की आपकी दूरदृष्टि की जीत है।

**गुजरात को दी 4800 करोड़ के विकास परियोजनाओं की सौगात...**

अमरेली के लिए यह सौगात दी। प्रधानमंत्री 2,800 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया।

प्रधानमंत्री ने जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया, उनमें एनएच 151, एनएच 151ए एवं एनएच 51 और जूनागढ़ बाईपास के विभिन्न खंडों को चार लेन का बनाना शामिल है। जामनगर जिले के ध्रोल बाईपास से मोरबी जिले के अमरान तक के शेष खंड को चार लेन की परियोजना का शिलान्यास भी किया गया। लगभग 1,100 करोड़ की लागत वाली भुज-नालिया रेल गेज परिवर्तन परियोजना को भी राष्ट्र को समर्पित किया गया। इस व्यापक परियोजना में 24 बड़े सेतु, 254 छोटे सेतु, 3 रोड ओवरब्रिज और 30 रोड अंडरब्रिज शामिल हैं और यह कच्छ जिले के सामाजिक-आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

प्रधानमंत्री अमरेली जिले के जलापूर्ति विभाग की 700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया, उनमें नवादा से चावंड बल्क पाइपलाइन शामिल है जो बोटाद, अमरेली, जूनागढ़, राजकोट और पोरबंदर जिले के 36 शहरों तथा 1,298 गांवों के लगभग 67 लाख लाभार्थियों को अतिरिक्त 28 करोड़ लीटर पानी प्रदान करेगी। भावनगर जिले में पसवी समूह की संवर्धित जल आपूर्ति योजना के दूसरे चरण का शिलान्यास भी किया गया, जिससे भावनगर जिले के महुवा, तलाजा और पालीताना तालुका के 95 गांवों को लाभ होगा। प्रधानमंत्री ने पर्यटन से जुड़ी विभिन्न विकास सम्बन्धी पहलों का शिलान्यास भी किया, जिसमें पोरबंदर जिले के मोकरसागर में करली पुनर्भरण जलाशय को एक विश्वस्तरीय टिकाऊ इको-पर्यटन स्थल में बदलना शामिल है।

**आज 12 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास...**

उद्घाटन करेंगे। इस चरण में, एक पंचकर्म अस्पताल, औषधि निर्माण के लिए एक आयुर्वेदिक फामेर्सी, एक खेल चिकित्सा इकाई, एक केंद्रीय पुस्तकालय, एक आईटी और स्टार्ट-अप इनक्यूबेशन सेंटर और 500 सीटों वाला ऑडिटोरियम शामिल है।

प्रधानमंत्री मध्य प्रदेश में तीन मेडिकल कॉलेजों का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा वे हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, असम और नई दिल्ली एम्स में सुविधा और सेवा विस्तार का उद्घाटन करेंगे, जिसमें एक जन औषधि केन्द्र भी शामिल होगा। प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में सरकारी मेडिकल कॉलेज में एक सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक और ओड़िशा के बरगढ़ में एक क्रिटिकल केयर ब्लॉक का भी उद्घाटन करेंगे।

प्रधानमंत्री मध्य प्रदेश में पांच नर्सिंग कॉलेजों, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मणिपुर, तमिलनाडु और राजस्थान में 21 क्रिटिकल केयर ब्लॉकों और नयी दिल्ली स्थित एम्स तथा हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में अनेक सुविधाओं और सेवा विस्तारों की आधारशिला भी रखेंगे।

प्रधानमंत्री मध्य प्रदेश के इंदौर में एक ईएसआईसी अस्पताल का उद्घाटन करेंगे और हरियाणा के फरीदाबाद, कर्नाटक के बोम्मासंद्रा और नरसापुर, मध्य प्रदेश के इंदौर, उत्तर प्रदेश के मेरठ और आंध्र प्रदेश के अचुतापुरम में ईएसआईसी अस्पतालों की आधारशिला रखेंगे।

मोदी एम्स ऋषिकेश से हेलीकॉप्टर आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं का भी शुभारम्भ करेंगे। प्रधानमंत्री यू-विन पोर्टल का शुभारंभ करेंगे। यह टीकाकरण प्रक्रिया को पूरी तरह से डिजिटल बनाकर गर्भवती महिलाओं और शिशुओं को लाभान्वित करेगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री सम्बद्ध और स्वास्थ्य पेशेवरों और संस्थानों के लिए एक पोर्टल भी लॉन्च करेंगे।

प्रधानमंत्री ओडिशा में भुवनेश्वर के गोथापटना में एक केन्द्रीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री ओडिशा के खोरधा और छत्तीसगढ़ के रायपुर में योग और प्राकृतिक चिकित्सा के दो केन्द्रीय अनुसंधान संस्थानों की आधारशिला रखेंगे।

**मोहब्बत की दुकान में नफरत का सौदा : शिवराज...**

अपमानित करने का काम किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चुप्पी साधे बैठे हैं।

**झारखंड में बेटियां सुरक्षित नहीं**

**शिवराज** ने कहा कि झारखंड में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। विदेशी घुसपैठिये आ रहे हैं। क्योंकि, वे इनके वोट बैंक है। यह चुनाव केवल किसी सत्ता के स्वर्ण सिंहासन पर बैठने का चुनाव नहीं है, बल्कि यह चुनाव झारखंड की धरती को बचाने का चुनाव है। संथाल परगना में आदिवासियों की आबादी 44 प्रतिशत थी, लेकिन अब केवल 28 प्रतिशत रह गयी है। यहां कौन आकर बस गया है? कब तक सोते रहोगे? याद रखना, यह बेईमान सरकार फिर से आ गयी, तो पांच साल में झारखंड को पूरी तरह तबाह और बर्बाद कर देगी। झारखंड में सिर्फ भारतीय जनता पार्टी की सरकार ही रोटी, माटी, बेटी को सुरक्षित करेगी। यह भाजपा का संकल्प है।

**पांच साल में एक वादा पूरा नहीं किया**

**शिवराज** ने कहा कि हेमन्त सोरेन ने पांच साल में एक वादा पूरा नहीं किया। चार साल 10 महीने कुछ नहीं दिया और चुनाव आते ही बहनों के खाते में एक हजार रुपये डाल दिये, जबकि जेएमएम ने बहनों से वादा किया था कि उन्हें प्रति माह चूल्हा खर्च के लिए 02 हजार रुपये की राशि दी जायेगी। इस हिसाब से एक साल के 24 हजार रुपये होते हैं। पांच साल के 01 लाख 20 हजार रुपये बहनों के खातों में आने चाहिए थे, लेकिन आये केवल 02 हजार। पहले हेमन्त सोरेन पूरी राशि बहनों के खाते में डालें।

**टाइगर के क्षेत्र में कोई लकड़बग्घा ना घुस पाये : हेमन्त सोरेन...**

हम महिला दीदी से पूछने चाहते हैं कि इस राज्य की महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना पसंद आयी है या नहीं। हमने यह संकल्प लिया है कि हमें महिलाओं को और मजबूत करना है। हमने यह तय किया है कि अगली बार फिर से सरकार बनायेंगे और इस राज्य की हर महिलाओं को एक लाख देंगे। दिसम्बर से महिलाओं के खाते में ढाई हजार जाने लगेगा।

हेमन्त सोरेन ने कहा, 'बहुत सारे लोग चुनावी मैदान में हैं। लकड़बग्घे की तरह इनको नोचने में लगे हैं। ध्यान रखिएगा, यह जगरनाथ महतो का क्षेत्र है। उनके परिवार जनों की रक्षा हमने की है। इनको मंत्री बनाया है। क्षेत्र में इनकी रक्षा आपलोगों की जिम्मेदारी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा कभी नहीं डरा है। भाजपा के सामने तो हम झुके नहीं हैं, तो इन छोटे-छोटे लोगों के सामने क्या झुकेंगे। आप बेबी देवी जी को आशीर्वाद दीजिए।'

**सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 03 आतंकी ढेर...**

साथ लगी अंतरराष्ट्रीय सीमा के अखनूर सेक्टर के केरी बट्टल इलाके में बने एक शिव मंदिर में आतंकियों ने रात के अंधेरे में शरण ली थी। तीनों आतंकी सेना की वर्दी में थे और हथियारों से लैस थे। ऐसा माना जा रहा है कि आतंकी सीमापार से घुसपैठ कर भारतीय सीमा में घुसे थे। सोमवार सुबह 06:30 बजे के करीब गांव के तीन बच्चे जब रोज की तरह शिव मंदिर में मत्था टेक कर ट्यूशन पढ़ने के लिए जा रहे थे, तो मंदिर में छुपे आतंकियों ने उन्हें रोक लिया।

आतंकियों ने बच्चों से फोन मांगा, तो बच्चों ने इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि उनके पास मोबाइल फोन नहीं है, जिस पर आतंकियों ने उनसे मारपीट की। इसके बाद एक ने उन पर बंदूक तान दी और उन्हें मंदिर से भाग जाने को कहा। इन तीनों आंतकवादियों को ट्यूशन सेंटर चला रहे एक मास्टर ने भी देखा। उसने बताया कि वह मंदिर के गेट पर था। जब उसने आतंकियों को देखा तो वह वापस चला गया।

**गिरिडीह में बाबूलाल, बेबी देवी और विनोद सिंह समेत अन्य ने दाखिल किये नामांकन पत्र...**

हेमंत सोरेन सरकार की मंत्री बेबी देवी ने दूसरी बार नामांकन किया। बगोदर सीट से सीपीआई-एमएल के विधायक विनोद कुमार सिंह ने बगैर ताम-झाम के सादगीपूर्वक नामांकन किया। मौके पर पूर्व विधायक राज कुमार यादव सहित अन्य मौजूद थे।

गाण्डेय से फारवर्ड ब्लॉक के राजेश यादव ने पर्चा दाखिल किया। जमुआ से समाजवादी पार्टी के देवानंद हाजरा ने नामांकन किया। गिरिडीह सदर सीट से भाजपा के कद्दावर नेता पूर्व विधायक निर्भय शाहावादी ने नामांकन किया। नामांकन से पहले शाहावादी ने रोड शो किया। मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश कुमार यादव, ई. विनय सिंह समेत अन्य मौजूद थे। गिरिडीह सीट से ही जेकेएलएम के नवीन चौरसिया ने भी रोड शो कर नामांकन किया।

## एक झलक

### अमेरिकी चुनाव में चीनी हैकर्स का बोलबाला

**न्यूयॉर्क** : अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में चीन की रुचि जागृत हो गई है। चीन के हैकरों ने चुनाव अभियान के दौरान बहुत सारा डाटा हैक किया है। इस हैकिंग को चीन से जोड़ा जा रहा है। अमेरिका की टेलीकॉम कंपनियों को चीन के हैकरों ने अपना निशाना बनाया है। अमेरिका की सुरक्षा अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। सुरक्षा अधिकारियों के हवाले से प्राप्त जानकारी के अनुसार साल्ट टायटून नामक हैकर्स की इसमें विशेष भूमिका है। अमेरिका के नेशनल सिक्योरिटी अधिकारियों के अनुसार डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति पद के प्रत्याशी जेडी वांस के फोन हैकरों के निशाने पर हैं। चीन के हैकरों ने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और डेमोक्रेटिक पार्टी के चुनाव अभियान को संचालित करने वाले स्टाफ और सीनेटर के फोन को भी निशाने पर लिया है। अमेरिका के सुरक्षा अधिकारियों का मानना है, चुनाव अभियान से जुड़ी जानकारी को चीनी हैकर्स द्वारा हैक किया जा रहा है। इसका चुनाव में किस तरह से उपयोग होगा। अभी क्या पाना मुश्किल है।

### काठमांडू में एयर इंडिया के विमान में बम की अफवाह

**काठमांडू** : नेपाल की राजधानी काठमांड स्थित त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से नई दिल्ली के लिए उड़ान भरने की तैयारी कर रहे एयर इंडिया के विमान को बम की सूचना के बाद रनवे से वापस बुलाना पड़ा। इसके बाद विमान को पार्किंग एरिया से दूर ले जाकर जांच की गई जहां किसी भी प्रकार की कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। नेपाली सेना की बम डिस्पोजल यूनिट ने यात्रियों के साथ विमान एवं कार्गो की भी पूरी जांच की। त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के सुरक्षा प्रमुख नेपाल पुलिस के डीआइजी दान बहादुर कार्की ने मीडियाकर्मियों को बताया कि एयर इंडिया का विमान जैसे ही यात्रियों को बिठाकर रनवे की ओर जा रहा था, एयरपोर्ट के सुरक्षा कंट्रोल रूम में एक फोन आया जिसके बाद विमान को रनवे से वापस बुला लिया गया। भारतीय मोबाइल नंबर से विमान में बम होने की सूचना दी गयी थी।

### जापान में एलडीपी व कोमिटो रह गयी बहुमत से दूर

**टोक्यो** : जापान में हालिया आम चुनाव में लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) और उसके सहयोगी कोमिटो का सत्तारूढ़ गठबंधन बहुमत के आंकड़े से पीछे रह गया है। यह पहली बार है कि बीते 15 वर्षों में एलडीपी और उसके सहयोगी ने निचले सदन में अपना बहुमत नहीं पा सके है। इससे पहले, उन्हें यह स्थिति 2009 में भी अनुभव हुई थी। चुनाव परिणामों के अनुसार, एलडीपी और कोमिटो को संसद के 465 सदस्यों वाले सदन में कुल 215 सीटें प्राप्त हुईं, जो बहुमत के लिए जरुरी 233 सीटों से कम हैं। एलडीपी ने सिर्फ 191 सीटें जीतीं, जो कि चुनाव से पहले उनके पास मौजूद 247 सीटों की तुलना में काफी कम है। वहीं, प्रमुख विपक्षी पार्टी, जापान की संवैधानिक लोकतांत्रिक पार्टी ने चुनाव में महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की है, जिससे यह पार्टी 148 सीटों पर पहुंच गई है, जबकि चुनाव से पहले उनके पास केवल 98 सीटें थीं।

### चुनावी रैली में ट्रंप और उनकी पत्नी ने किया डांस

**वाशिंगटन** : अमेरिका राष्ट्रपति चुनाव के प्रचार दिन ब दिन तेज होता जा रहा है। इस माहौल में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मैडिसन स्क्वायर गार्डन में चुनावी रैली के दौरान मंच पर उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप भी मौजूद थीं। ट्रंप ने जहां अपनी पत्नी के साथ डांस किया, वहीं मेलानिया ने उन्हें अमेरिका का जादू कहकर रैली में चार चांद लगा दिए। रैली में मौजूद भीड़ ने ट्रंप और मेलानिया के इस जोशीले प्रदर्शन का आनंद लिया और जमकर नारेबाजी भी की। मेलानिया ने रैली में अपने पति का स्वागत करते हुए समर्थकों से बातचीत भी की।

# धनतेरस पर क्यों जलाया जाता है 'यम दीपक' ?



**हिन्दू** धर्म में पांच दिवसीय पर्व दीपोत्सव की शुरूआत धनतेरस से होती है। धनतेरस के दिन सोना-चांदी के आभूषण समेत कुछ वस्तुओं को खरीदना अति शुभ माना गया है। द्रिक पंचांग के अनुसार, इस साल 29 अक्टूबर को धनत्रयोदशी यानी धनतेरस है। धनतेरस के दिन शाम को शुभ मुहूर्त में मां लक्ष्मी, गणेशजी, कुबेर देवता और धन्वंतरि देव की पूजा-आराधना का विधान है। इसके साथ ही धनतेरस के दिन यम का दीपक जलाने का भी विशेष महत्त्व है। धनतेरस के दिन घर के मुख्य द्वार पर चौमुखी दीपक जलाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, साल में एक बार धनतेरस के दिन सरसों के तेल में रुई की बाती डाल कर दक्षिण दिशा में आटे का दीपक जलाने से यमराज प्रसन्न होते हैं और घर में सुख-शांति और आरोग्यता का वरदान देते हैं। **आइए, जानते हैं यम दीपक जलाने की विधि और उसका धार्मिक महत्व....**

**यम दीपक कैसे जलायें ?**

**धनतेरस** के दिन आटे का चौमुखा दीपक जलायें और उसमें सरसों का तेल भर दें। अब दीपक में 04 बाती लगा कर घर की दक्षिण दिशा की ओर मुख करके दीपक जला दें। धनतेरस के दिन प्रदोष काल और खरीदारी, दीपदान और पूजा के शुभ मुहूर्त में यम दीपक जलाना शुभ माना जाता है।

**धनतेरस पूजा का मुहूर्त** : शाम को 05 बज कर 38 मिनट से लेकर 08 बज कर 13 मिनट तक प्रदोष काल पूजा का शुभ मुहूर्त रहेगा। वहीं, धनतेरस पर पूजा का शुभ मुहूर्त शाम को 06 बज कर 30 मिनट से लेकर रात 08 बज कर 13 मिनट तक रहेगा।

**क्यों जलाते हैं यम दीपक ?**

**धनतेरस** के दिन मां लक्ष्मी, कुबेर देवता, गणेशजी, धन्वंतरि देव के साथ यमराज की भी पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन यम देवता की पूजा करने और उनके लिए दीपदान करने से अकाल मृत्यु का भय समाप्त हो जाता है। दक्षिण दिशा के स्वामी यम माने गये हैं। इसलिए धनतेरस के दिन दक्षिण दिशा में आटे से बना चौमुखी दीया जलाया जाता है। मान्यता है कि ऐसा करने से यमराज की कृपा बनी रहती है सुख-शांति और आरोग्य के आशीर्वाद की प्राप्ति होती है।

## 500 फीट आकार का एस्टेरॉयड धरती के करीब से गुजरेगा

एजेंसी

**वॉशिंगटन** : नासा ने चेतावनी दी है कि एक विशालकाय एस्टेरॉयड 28 अक्टूबर यानी सोमवार को धरती के बहुत करीब से गुजरेगा। इस खगोलीय पिंड को एस्टेरॉयड 2020 डब्ल्यूजी का नाम दिया गया है, जिसका आकार 500 फीट का है। यह एस्टेरॉयड करीब 33,947 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से अंतरिक्ष में सफर कर रहा है। वैज्ञानिकों ने बताया है कि यह क्षुद्रग्रह धरती के पास बिंदु पर करीब 33.3 लाख किलोमीटर की दूरी से गुजरेगा। 2020 डब्ल्यूजी को खतरनाक एस्टेरॉयड माना जा रहा है, जिसका मतलब है कि यह धरती के पास आते ही किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। हालांकि इस दूरी के कारण इस बार किसी गंभीर खतरे की आशंका नहीं है। नासा विशेषज्ञ टीम हर गतिविधि पर नजर रखे हुए है, ताकि समय रहते जरूरी कदम उठाए जा सकें। विशेषज्ञों का मानना है कि इस आकार का एस्टेरॉयड, यदि धरती से टकराता है, तो यह बड़ी तबाही ला सकता है। इसके टकराने से लाखों टन टीएनटी के बराबर ऊर्जा निकल सकती है, जो धरती के एक बड़े हिस्से पर असर डाल सकती है।

# देश की प्रगति के लिए स्वर्णिम काल सिद्ध होंगे आगामी 25 साल : धर्मेंद्र

एजेंसी

**वाराणसी** : केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि आगामी 25 साल भारत की प्रगति के लिए स्वर्णिम काल सिद्ध होंगे। नियति ने हमारे भाग्य में देश की अर्थव्यवस्था को विश्व की नंबर एक अर्थव्यवस्था बनना लिखा है। पूरी दुनिया आज भारत को बड़ी आशाओं से देख रही है। विश्व की समस्याओं के समाधान की कुंजी अविनाशी काशी और आईआईटी बीएचयू जैसे संस्थान में ही हैं। उम्मीद है अपने बौद्धिक क्षमता से हमारे विद्यार्थी भारत और सम्पूर्ण विश्व की आवश्यकताओं को पूरा करेंगे। मंत्री प्रधान सोमवार को आईआईटी बीएचयू के 13वें दीक्षांत समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।



परिसर स्थित स्वतंत्रता भवन सभागार में आयोजित समारोह में केंद्रीय मंत्री ने कुल 60 मेधावी विद्यार्थियों को 125 मेडल प्रदान किए। संस्थान में सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन और संगठनात्मक व नेतृत्व क्षमता प्रदर्शित करने के लिए मेधावी भव्या मल्होत्रा, बीटेक, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग को डाइरेक्टर्स स्वर्ण पदक समेत 12 स्वर्ण पदक, एक रजत पदक और तीन पुरस्कार दिया गया। समारोह में बीटेक स्तर पर शैक्षणिक क्षेत्र में संपूर्ण उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए आदित्य कुमार नायक, बीटेक, केमिकल इंजीनियरिंग को प्रेसीडेंट्स स्वर्ण पदक समेत सात स्वर्ण पदक और दो पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस दौरान डिजिलॉकर पर 1954 उपाधियां अपलोड की गईं।

उन्होंने कहा कि आज अमेरिका, चीन और यूरोप, ये तीनों में जितना डिजिटल पेमेंट होता है, भारत में उससे ज्यादा होता है। ये आपने कर-के दिखाया है। टीबी, मलेरिया, पोलियो को नियंत्रित करने में हमें दशकों इंतजार करना पड़ा। हमने कोविड महामारी में भी न सिर्फ 225 करोड़ डोज वैक्सीन लगाया, बल्कि एक सौ से ज्यादा देशों में वैक्सीन पहुंचाई भी। ये आज के नए भारत के लिखते विकास की इबारत को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा कि रिन्युएबल एनर्जी, सस्टनेबल एनर्जी, न्यू एनर्जी, पूरी दुनिया को इसकी अपेक्षा भारत से ही है। ये सारे काम साधारणतया एक तकनीकी विश्वविद्यालय ही कर सकता है।

उन्होंने कहा कि भारत में अभी भी पांच चुनिंदा जीवंत शहर हैं, उनमें से एक शहर बनारस भी है, जहां आपने कुछ पल बिताया। काशी भारत की दर्शन तथा पाली, प्राकृत, संस्कृत और तमिल जैसी प्राचीनतम भाषाओं का संगम है। काशी जैसे जीवंत सभ्यता से जुड़ना परम सौभाग्य है। मंत्री ने कहा कि काशी की कसौटी पर जो खरा उतरता है, वो सोना कहीं का भी हो, बनारसी कहलाता है। काशी की गलियों में कई महापुरुषों ने कदम रखे। आज मेडल पाने वाले सभी विद्यार्थी किसी भी मायने में उन महापुरुषों से कम नहीं हैं। 2020 में एनईपी के क्रियान्वयन के बाद निकलने वाला यह पहला बैच है।

### आज हमारी अर्थव्यवस्था की साइज तीन ट्रिलियन डॉलर है

प्रधान ने कहा कि 21वीं शताब्दी भारत की शताब्दी है। चौथी औद्योगिक क्रांति में भारत के पास दुनिया के लोककल्याण का नेतृत्व करने का अद्भुत अवसर है। इस दिशा में आईआईटी बीएचयू के विद्यार्थी अपना दायित्व निभाएंगे, ऐसा मेरा विश्वास है। युवाओं को जॉब सीकर नहीं जॉब क्रिएटर बनना है। आज चुनौती इसी विषय की है। आने वाले 25 साल में भारत अमृतकाल में रहेगा। आजादी के एक सौ साल पूरा करेंगे। इस दौरान भारत दुनिया का सबसे युवा देश भी रहेगा। दुनिया की अन्य देशों की तुलना में सबसे युवा रहेंगे। आज हमारी अर्थव्यवस्था की साइज तीन ट्रिलियन डॉलर है। आने वाले दिनों में पांच से आठ ट्रिलियन तक पहुंचना है। तब अगर हम जॉब सीकर बनेंगे तो जॉब क्रियेट कौन करेगा।

# पहले के सभी कुंभों से विराट और भव्य होगा 2025 का प्रयागराज महाकुंभ : आदित्यनाथ

एजेंसी

**कुरुक्षेत्र/लखनऊ** : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले के पेहोवा स्थित डेरा सिद्ध बाबा गरीबनाथ मठ में आयोजित आठमान, बत्तीस धुनी व शंखाढाल भण्डारा कार्यक्रम में उपस्थित हुए। उन्होंने यहां देशभर से पधारे संतों और भक्तजनों को संबोधित किया। उन्होंने सभी को प्रयागराज महाकुंभ में आमंत्रित करते हुए कहा कि सनातन धर्म का ये सबसे बड़ा आयोजन पिछले सभी कुंभों से ज्यादा विराट और भव्य होगा। आदित्यनाथ ने कार्यक्रम में पधारे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को विधानसभा चुनाव में जीत की बधाई भी दी। आदित्यनाथ ने प्रदेश की जनता का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हरियाणावासियों ने प्रदेश में डबल इंजन की सरकार को फिर से चुनकर भगवान श्रीकृष्ण के उद्घोष 'परित्राणाय साधुनाम, विनाशाय च दुष्कृताम' को सिद्ध करके दिखा दिया है। हरियाणा वालों ने दिखा दिया है कि जनता का जनार्दन रूप कैसा होता है। सज्जन शक्ति का संरक्षण और दुर्जन शक्ति को रसातल में पहुंचाना ही परम कर्तव्य है। उन्होंने धर्म के दो हेतुओं अभ्युदय और निःश्रेयस की चर्चा करते हुए कहा कि अभ्युदय का पालन किये बिना निःश्रेयस की प्राप्ति संभव नहीं है।

उन्होंने कहा कि धर्म के दो हेतु हैं, पहला अभ्युदय और दूसरा है निःश्रेयस का। अभ्युदय का अर्थ सांसारिक उत्कर्ष है, जिसमें हम अपने सामर्थ्य के अनुसार अपनी ऊर्जा को लोककल्याण के साथ जोड़ते हैं। इसके लिए हमें सही फैसला लेना होगा। धार्मिक क्षेत्र में अच्छे संत चाहिए होंगे।

### योगी कुरुक्षेत्र में शंखाढाल भंडारा में हुए शामिल



### कार व ट्रक में टक्कर से पोते और दादा की मौत

**महाराजगंज** : यूपी के महाराजगंज में कार और ट्रक में भीषण टक्कर से 2 साल के पोते और दादा की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि परिवार के 3 अन्य सदस्य घायल हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना निचलौल इलाके की है। निचलौल एसएचओ गौरव कनौजिया ने बताया कि कार और ट्रक में टक्कर में रविवार देर रात भिड़ंत हो गई। इसमें कार चला रहे रमेश पटेल (50) और उनके पोते शिवांश (2) की मौत हो गई।

## महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व वाली 'महायुति' के 'महादुखी' काल का अंत होगा : अखिलेश

एजेंसी



**लखनऊ** : विपक्षी दलों के समूह 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के प्रमुख घटक दल समाजवादी पार्टी के मुखिया एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोमवार को दावा किया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में संयुक्त और संगठित राजनीतिक रणनीति से भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली 'महायुति' के 'महादुखी' काल का अंत होगा।

सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर महाराष्ट्र के निवासियों और मीडियाकर्मियों को संबोधित एक अपील में सपा प्रमुख यादव ने महाराष्ट्र चुनाव में महायुति के खिलाफ एकजुटता दिखाने का आह्वान करते हुए दावा किया, 'संयुक्त और संगठित राजनीतिक रणनीति से भाजपा के नेतृत्व वाली 'महायुति' के 'महादुखी' काल का अंत होगा।' उन्होंने इस अपील के सबसे अंत में प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा, 'महाराष्ट्र के दुश्मनों को हराने के लिए और सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए वचनबद्ध और संकल्पबद्ध-आपका अखिलेश।'

# बांग्लादेश में हिन्दू पलायन नहीं पराक्रम के साथ खड़ा है : सुरेंद्र जैन




एजेंसी

**गुवाहाटी** : बांग्लादेश में हिन्दू समाज बहुसंख्यक था, आज दयनीय स्थिति में है। हालांकि, अत्याचारों के बावजूद हिन्दू रो नहीं रहा है, संकल्प लिया है, पलायन नहीं पराक्रम के साथ खड़ा है। जहां हिन्दू घटेगा वहां क्या होगा, इसको बांग्लादेश को देखकर समझा जा सकता है। आज हिन्दू निशाने पर है। ये बातें सोमवार को विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के केंद्रीय संयुक्त महामंत्री सुरेंद्र जैन ने गुवाहाटी के उलुबारी, बरठाकुर मिल रोड स्थित विहिप मुख्यालय पांचजन्य भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुई कही।

सुरेंद्र जैन ने कहा कि बांग्लादेश के हिन्दू संगठनों के आह्वान पर हेल्प लाइन नंबर जारी किया गया है। अगर वहां पर हिन्दू समाज परेशानी में होता है तो सूचना मिलते ही हम भारत सरकार के साथ कोआर्डिनेट कर बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाएंगे। उन्होंने बांग्लादेश में जेहादी मानसिकता पर हमला बोलते हुए कहा कि जेहादी मानसिकता वाले संविधान में विश्वास नहीं करते हैं। हाल ही में उन्होंने न्यायपालिका का घेराव कर न्यायधीश को बदलावा दिया, अब राष्ट्रपति को हटाने की कोशिश कर रहे हैं।

### हरजिंदर सिंह धामी चौथी बार बने एसजीपीसी के अध्यक्ष

**चंडीगढ़** : सिखों की सर्वोच्च संस्था शिरोमणि गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के वार्षिक चुनाव में बादल समर्थक एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी को चौथी बार एसजीपीसी का अध्यक्ष चुना गया है। इस चुनाव में हरजिंदर सिंह धामी को 107 वोट मिले और उनकी प्रतिद्वंदी व बादल गुट समथर्क एसजीपीसी की पूर्व अध्यक्ष बीबी जागीर कौर को महज 33 वोट मिले। सोमवार को शिरोमणि गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के वार्षिक चुनाव में प्रधान पद के चुनाव के लिए दरबार साहिब स्थित तेजा सिंह समुंद्री हॉल में वोटिंग हुई। इसके बाद नतीजे घोषित किए गए। इस चुनाव में एसजीपीसी की पूर्व अध्यक्ष बीबी जागीर के पक्ष में केवल 33 वोट मिले हैं।

# मैं किसी को जज नहीं करती : कृति सेनन

**मुंबई** : सोशल मीडिया पर आलिया भट्ट के बोटोक्स कॉस्मेटिक सर्जरी को लेकर गमार्ये मुदद्दे के बीच बालीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन ने कहा -मैं किसी को जज नहीं करती सबका अपना-अपना तरीका है। ताजा इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि जो लोग कॉस्मेटिक सर्जरी करवाते हैं उन्हें वो जज नहीं करतीं हैं लेकिन वह ये भी नहीं चाहतीं कि युवा लड़कियां हर समय परफेक्ट दिखने का दबाव महसूस करने लगें। एक्ट्रेस ने कहा कि अगर आप अपनी बॉडी का कोई अंग बदलकर कॉन्फिडेंट महसूस कर रहे हैं तो ये आप पर है। ये आपका डिसीजन होना चाहिए। फिर आपके इस फैसले के साथ जो बी हो आपको वो फेस करना पड़ेगा। ये आपकी लाइफ है, आपकी बॉडी है, आपका फेस है। मैं इसका जजमेंट नहीं करती। लेकिन हां, मैं ये भी नहीं चाहती कि यंग लड़कियां हमेशा से सुंदर दिखने का प्रेशर फील करें।एक्ट्रेस ने आगे कहा कि कोई भी हर समय परफेक्ट नहीं दिख सकता। मैं भी कई बार नहीं दिखती। अगर आप ऐसे पेशे में हैं तो आपका एक हिस्सा हमेशा अच्छा दिखना चाहिए। जहां एक पिंपल उन्हें कुछ समय के लिए दुखी कर सकता है लेकिन यह उसे उस हद तक असुरक्षित नहीं बनाता है जहां उन्हें कुछ बदलने की जरूरत महसूस हो। कृति ने कहा, अगर आप नेचुरली खूबसूरत दिखना चाहती हैं तो मैं यही कहूंगी कि अपनी सेहत, खान-पान और मानसिक स्थिति का ख्याल रखे। ये बहुत ज्यादा जरूरी है। हम अपनी मेंटल हेल्थ के साथ जो कुछ करते हैं वो हमारे फेस पर भी दिखता है।



# केरल में क्यों धूमधाम से नहीं मनायी जाती दीवाली ?

**दीवाली** नजदीक है और भारत ही नहीं, दुनिया के कई देशों में रहनेवाले भारतीयों में इसको लेकर उत्सुकता चरम पर है। इन सबसे बीच भारत के ही एक राज्य केरल में दीपावली पर वैसा उत्साह नहीं नजर आ रहा। यहां हल्के-फुल्के अंदाज में दीवाली मनायी जाती है। आइए जानने की कोशिश करते हैं कि आखिर ऐसा क्यों है?

एक मीडिया रिपोर्ट में बताया गया था कि केरल में दीवाली इसलिए नहीं मनायी जाती है, क्योंकि यहां हिन्दुओं की संख्या दूसरे धर्मों के लोगों के मुकाबले कम है। हालांकि, सोशल मीडिया पर इसको लेकर बवाल मचा, तो मीडिया हाउस ने अपना वीडियो वापस ले लिया था। असल में केरल एक बहुसंस्कृतियों वाला राज्य है और 2011 की जनगणना के अनुसार केरल की कुल जनसंख्या में 54.73 फीसद हिन्दू हैं। 26.56 प्रतिशत मुस्लिम और 18.38 फीसद ईसाई हैं। ऐसे में यह कहना गलत है कि हिन्दुओं की संख्या कम होने के कारण केरल में दीवाली मनायी जाती है।

**ओणम धूमधाम से मनाया जाता**

**वास्तव** में उत्तर भारत की तरह केरल में धूमधाम से दीवाली नहीं मनायी जाती, बल्कि हिन्दुओं के दूसरे त्योहार ओणम और विष्णु वहां अधिक उत्साह के साथ मनते हैं। इसी तरह से क्रिसमस और ईद भी उत्साहपूर्वक मनायी जाती है। इन सभी त्योहारों में पूरी आबादी हिस्सा लेती है। फिर भी केरल ने अबकी उत्तर भारतीय त्योहारों को अपना लिया है। हालांकि, इनमें कुछ न कुछ बदलाव दिखाई देता है। राज्य में उत्तर भारतीयों की मौजूदगी और हिन्दी फिल्मों के प्रभाव के कारण अब कॉलेजों में होली खूब मनायी जाती है।

### ■ तमिलनाडु और कर्नाटक में ये हैं मान्यताएं





**नरकासुर वध का प्रतीक**

**ऐसे** में दीवाली धूमधाम से नहीं मनाने के कई कारण हैं। उत्तर भारत में दीपावली राम के रावण पर विजय प्राप्त कर अयोध्या लौटने के प्रतीक के रूप में मनायी जाती है। वहीं, केरल में भगवान श्रीकृष्ण लोगों के प्रिय हैं। केरल में मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण के नरकासुर वध का प्रतीक है दीपावली।

**पौधों की रोपाई का समय**

**केरल** में दीवाली त्योहार के कम उत्साह से मनाने का एक और कारण है कृषि का पैटर्न। उत्तर भारत में दीवाली फसलों की कटाई के बाद मनायी जाती है। वहीं, ट्रॉपिकल क्लाइमेट और मॉनसून की वापसी का केरल के कृषि सीजन पर असर पड़ता है। केरल की नगदी फसलों नारियल और मसालों आदि का सीजन उत्तर भारत में गेहूं की फसल के सीजन से अलग होता है। उत्तर भारत में जहां दीवाली मॉनसून के खात्मे और सर्दी की शुरूआत में मनायी जाती है, वहीं केरल में यह समय नॉर्थ-ईस्ट मॉनसून की शुरूआत का होता है। ओणम मनाने के बाद यहां अगस्त-सितम्बर में किसान नयी फसलों के पौधे रोपते हैं। ऐसे में वे दीवाली धूमधाम से नहीं मना पाते।

**तमिलनाडु और कर्नाटक में ये हैं मान्यताएं**

**दक्षिण** भारत के अन्य राज्यों में दीवाली की बात करें, तो वहां भी इसे थोड़ा अलग तरीके से मनाया जाता है। तमिलनाडु में दीपावली को नरक चतुर्दशी पर्व के रूप में मनाया जाता है। यहां केरल जैसी ही मान्यता है कि यह भगवान श्रीकृष्ण द्वारा नरकासुर राक्षस के वध करने का प्रतीक है। वहीं, कर्नाटक में दीवाली को बाली चतुर्दशी के रूप में मनाने की मान्यता है। यह भगवान विष्णु द्वारा राक्षस बाली के वध का प्रतीक है।